


दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित




वर्ष 39 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 27 दिसंबर, 2024 | पौष कृष्ण पक्ष: द्वादशी विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 358 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ : 12




## हिमाचल में हैवी बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट, मैदानी इलाकों में बढ़ेगी ठंड

आज दोपहर बाद से मौसम बदलने की संभावना
बर्फ के बीच होगा न्यू-ईयर सेलिब्रेशन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हिमाचल प्रदेश में व्हाइट क्रिसमस के बाद अब न्यू ईयर पर भी अच्छी बर्फबारी होगी। जिसके चलते मैदानी इलाकों चंडीगढ, हरियाणा, पंजाब दिल्ली समेत कई राज्यों में ठंड बढ़ जाएगी। इसी बीच देशभर से हिल स्टेशन पर आने वाले टूरिस्ट बर्फ के बीच 2025 का स्वागत कर पाएंगे। इससे पहले भी सैलानी शिमला, कुल्लू और लाहौल स्पीति जिला की ऊंची चोटियों पर बर्फ देखने को मिलेगी। सकते हैं।



मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) शिमला ने बुलेटिन जारी कर हिमाचल के कुछे क्षेत्रों में शुक्रवार यानि 27 दिसंबर से अगले 48 घंटे तक भारी हिमपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। न्यू ईयर से पहले यानी 27 दिसंबर की रात से 28 व 29 दिसंबर को प्रदेश के सात जिलों में अच्छी बर्फबारी होगी। चंबा, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लु, लाहौल स्पीति, मंडी और शिमला जिले में बर्फबारी का पूर्वानुमान है। राहत की बात यह है कि 30 और 31 दिसंबर को मौसम साफ हो जाएगा। इससे प्रशासन के पास टूरिस्ट पेलेस को जोड़ने वाले सड़कें खोलने का पूरा समय होगा।

### अभी इन जगह देखी जा सकती है बर्फ

शिमला से लगभग 14 किलोमीटर दूर छराबड़ा, शिमला से 15 किलोमीटर दूर कुफरी और शिमला से 61 किलोमीटर की दूरी पर स्थित नारकंडा में अभी अच्छी बर्फ है। इन तीनों पर्यटन स्थलों पर टूरिस्ट चंडीगढ़-शिमला-किन्नौर को जोड़ने वाले नैशनल हाइवे से पहुंच सकते हैं। शुक्रवार शाम तक इन जगह मौसम साफ व सुहावना रहेगा।

### चंडीगढ़- मनाली- केलांग हाईवे से पहुंचे सोलंगनाला

कुल्लू जिला के सोलंग नाला और अंजनी महादेव में भी लगभग आधा फीट बर्फ गिरी हुई है। यहां पर टूरिस्ट पैराग्लाइडिंग, रोपवे और घुड़सवारी का लुत्फ उठा सकते हैं। सोलंग नाला के लिए चंडीगढ़-मनाली एनएच से पहुंचा जा सकता है। इसी हाईवे से लाहौल स्पीति से अटल टनल रोहतांग, कोकसर, सिस्सू इत्यादि पर्यटन स्थलों पर पहुंचा जा सकता है। हालांकि दो दिन से अटल टनल रोहतांग टूरिस्ट के लिए बंद थी। आज दोपहर तक इसके खुलने की संभावना है। इसके बाद टूरिस्ट लाहौल स्पीति के बर्फ से ढके पहाड़ों को निहार सकेंगे।

### मनाली-शिमला में ट्रैफिक जाम कर रहा परेशान

शिमला और कुल्लू जिला में पुलिस ने ट्रैफिक के लिए खास इंतजाम कर रखे हैं। मगर बड़ी संख्या में टूरिस्टों के पहाड़ों पर पहुंचने से मनाली, अटल टनल रोहतांग और शिमला में टूरिस्ट को ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ रहा है। इसलिए सैलानियों को जहां भी जाना है, एक-घंटे पहले डेस्टिनेशन को निकलना उचित रहेगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### कांग्रेस 26 जनवरी से संविधान बचाओ पद यात्रा निकालेगी

**बेंगलुरु (अप्रस)।** कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में गुरुवार को 26 जनवरी 2025 से 'संविधान बचाओ राष्ट्रीय पद यात्रा' की शुरू करने का फैसला लिया गया। पहले दिन मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने स्पीच दी। सोनिया गांधी अधिवेशन में शामिल नहीं हुई, लेकिन पत्र के जरिए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक के बाद पार्टी नेता जयराम रमेश ने बताया कि हमारा मानना है कि भारत जोड़ो यात्रा ने कांग्रेस को संजीवनी दी थी। इससे कांग्रेस की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया था। हमने भारत जोड़ो न्याय यात्रा भी निकाली। अब 26 जनवरी से हम एक साल तक चलने वाली 'संविधान बचाओ राष्ट्रीय पद यात्रा' शुरू करेंगे। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस दिसंबर 2024 से जनवरी 2026 तक लोगों से जुड़े मुद्दों को उठाएगी और जय बापू, जय भीम, जय संविधान, राजनीतिक अभियान शुरू करेगी। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों पर सवाल उठाए हुए कहा कि महाराष्ट्र की 118 सीटों पर 72 लाख मतदाता 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद जोड़े गए, जिनमें से 102 पर भाजपा ने जीत दर्ज की। इससे साफ है कि कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ है। अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करना चाहती है। हम लड़ाई लड़ते रहेंगे। चुनावी प्रक्रिया में लोगों का विश्वास धीरे-धीरे कम हो रहा है और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। यह सरकार चुनाव नियमों में बदलाव करके क्या छिपाने की कोशिश कर रही है, जिसे साझा करने का आदेश अदालत ने दिया है। कभी वोटर्स का नाम सूची से काटा जाता है, कभी उनको वोट डालने से रोका जाता है, कभी वोटर लिस्ट में अचानक वोटर्स बढ़ जाते हैं, कभी वोट डालने के लास्ट टाइम में वोट पर्सेंट अप्रत्याशित तरीके से बढ़ जाता है।

खनौरी बॉर्डर पर मीटिंग के बाद किसान नेताओं का ऐलान

## पंजाब में ट्रेन-बसें रोकेंगे किसान

### 30 दिसंबर को सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगा पंजाब

सरकारी-निजी संस्थान भी कराएंगे बंद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा-पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर किसानों ने मीटिंग कर 30 दिसंबर को पंजाब बंद करने का ऐलान किया है। इस दौरान सभी ट्रेनें, बसें और सरकारी व निजी संस्थान बंद रहेंगे। बैठक के बाद किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बताया कि मीटिंग में सर्वसम्मति से तय हुआ है कि इस दौरान सड़क और रेल यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। पंजाब बंद सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। बैठक में शिक्षण, परिवहन, बिजली कर्मचारी, आशा वर्कर, पूर्व सैनिक, प्रोफेसर, पत्रकार संघ, व्यापार मंडल के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया।

गौरतलब है कि फसलों पर एमएसपी समेत 13 मांगों को लेकर खनौरी बॉर्डर पर भूख हड़ताल कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का गुरुवार को 31वां दिन है। उनकी तबीयत नाजुक बनी हुई है। अब वह बात भी नहीं कर पा रहे हैं। वह सिर्फ इशारों में ही संवाद कर रहे हैं।



### एमएसपी को लेकर हरियाणा सरकार से किसा नेता पंधेर का सवाल

किसान नेता सरवण पंधेर समेत दूसरे नेताओं ने कहा कि हरियाणा सरकार ने कुछ दिन पहले ही एक अधिसूचना जारी कर कहा था कि हम 24 फसलों की रूस्क्रपर खरीद की गारंटी देने का फैसला ले रहे हैं। दोनों मोर्चों के नेता हरियाणा सरकार से पूछना चाहते हैं कि क्या कोई राज्य सरकार अपने स्तर पर रूस्क्रपर फसल खरीदने के लिए वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था कर सकती है? किसान नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार की एजेंसियां ज्यादातर केंद्रीय पूल के लिए खरीद करती हैं। उसका बजट केंद्र सरकार से आता है। क्या कोई राज्य सरकार केंद्र सरकार के सहयोग के बिना सभी फसलों को रूस्क्रपर खरीद सकती है? इसका जवाब हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को देना चाहिए।

**सरकारी डॉक्टर भी करें टेस्ट:** डॉक्टरों ने मेडिकल बुलेटिन जारी कर कहा है कि जगजीत सिंह डल्लेवाल का ब्लड प्रेशर बहुत चिंताजनक है। उन्होंने 31 दिनों से कुछ नहीं खाया है और पानी के अलावा कुछ नहीं पिया है। उनके हाथ पीले पड़ गए हैं। वह अब बोल भी नहीं पा रहे हैं। वहीं, किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा है कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और किसी भी संवैधानिक संस्थाओं को कोई गलतफहमी न हो, इसके लिए जगजीत सिंह डल्लेवाल की कीटोन बॉडी समेत सभी टेस्ट सरकारी डॉक्टरों से करवाए जाएं और उनकी रिपोर्ट देश के साथ साझा की जाए। डल्लेवाल की सेहत को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 2 जनवरी को सुनवाई है।

## पंजाब में आढ़तियों ने कृषि मार्केट पॉलिसी को नकारा

गुरमीत सिंह खुड्डियां ने नीति के प्रारूप को लेकर आढ़तियों, शेलर मालिकों के साथ किया विचार-विमर्श

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने गुरुवार को केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई नई कृषि मार्केटिंग पॉलिसी के ड्रॉफ्ट को लेकर आढ़तियों के साथ मीटिंग की है। किसानों के बाद अब आढ़तियों ने भी इस पॉलिसी को नकार दिया है। आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कालड़ा ने सरकार को सुझाव दिया कि पंजाब विधानसभा का स्पेशल सेशन बुलाकर केंद्र सरकार के ड्राफ्ट को रद्द करे। इस ड्राफ्ट से मंडियों पर कॉरपोरेट घरानों को कब्जा करवाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आंदोलन पर चल रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के बारे में कहा कि उन जैसे नेताओं की जान बहुत कीमती है।

कृषि गुरमीत सिंह खुड्डियां ने पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन स. हरचंद सिंह बरसट और पंजाब सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों सहित प्रदेश के आढ़तियों, राइस मिलरों के साथ इस नीति के प्रारूप पर उनके सुझावों और विचारों को जानने के लिए गहन विचार-विमर्श किया। दो घंटे से अधिक समय तक चली इस गंभीर चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि प्रारूप में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है, जो कि प्रदेश के किसानों के लिए सबसे जरूरी है, और निजी मंडियों को प्रोत्साहित करने संबंधी धाराएं कृषि उत्पादन मार्केट कमेटी (ए.पी.एम.सी.) मार्केटों को प्रभावित करेंगी। उन्होंने आशंका जताई कि ए.पी.एम.सी. की मंडियों में गड़बड़ी उत्पन्न होने से किसानों और पारंपरिक व्यापारियों का शोषण होगा।कृषि मंत्री ने कहा कि आर.डी.एफ. और एम.डी.एफ. पंजाब के व्यापक कृषि बुनियादी ढांचे, विशेषकर मंडियों के ढांचे और इन मंडियों को गांवों से जोड़ने वाली सड़कों के रख-रखाव के लिए अत्यंत जरूरी हैं। कृषि मंत्री ने विजय कालड़ा और रविंदर सिंह चीमा की अगुवाई वाले आढ़तियों और तरसेम सैनी की अगुवाई वाले राइस मिलरों से अपील की कि वे इस नीति के बारे में अपने सुझाव और चिंताएं पंजाब मंडी बोर्ड को भेजें ताकि केंद्र सरकार को भेजे जाने वाले जवाब में उन्हें भी शामिल किया जा सके।



### 10 जनवरी तक केंद्र को देने है सुझाव

केंद्र सरकार की तरफ से कृषि मार्केट पॉलिसी का ड्राफ्ट दिसंबर 25 नंबर को जारी किया गया था। साथ ही पंजाब सरकार को इस पर सुझाव देने के लिए कहा गया था। इसके बाद सरकार ने किसानों से मीटिंग की थी। किसानों ने पॉलिसी को सिरे से खारिज कर दिया था। फिर सरकार ने अन्य संगठनों से से मीटिंग करने का फैसला लिया था। इसी कड़ी में यह मीटिंग हुई थी। हालांकि सरकार ने केंद्र सरकार से इस पर सुझाव देने के लिए तीन हफ्ते का समय मांगा था। केंद्र सरकार की तरफ से पंजाब सरकार को 10 जनवरी तक का समय दिया गया है।

## अजय माकन पर 24 घंटे में कार्रवाई करे कांग्रेस : सीएम आतिशी

कहा- अगर कार्रवाई नहीं होती तो हम इंडिया गठबंधन से बाहर करने की मांग करेंगे, ये केजरीवाल को एंटी-नेशनल कहते हैं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच बयानों को लेकर टकराव शुरू हो गया है। दिल्ली की सीएम आतिशी और सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस नेता अजय माकन हमारे नेता अरविंद केजरीवाल को एंटी-नेशनल कहते हैं। क्या उन्होंने भाजपा के किसी नेता के खिलाफ ऐसा आरोप लगाया। आतिशी ने कहा कि हम कांग्रेस पार्टी से मांग करते हैं कि वह माकन के खिलाफ 24 घंटे के अंदर कार्रवाई करें। वर्ना हम इंडिया ब्लॉक से कांग्रेस पार्टी को अलग करने के लिए अन्य विपक्षी दलों से बात करेंगे।



संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के अंदर कांग्रेस पार्टी भाजपा के पक्ष में खड़ी हो गई है। कांग्रेस हर वो काम कर रही है, जिससे भाजपा को चुनाव में फायदा हो। दिल्ली के अंदर कांग्रेस के नेता हैं अजय माकन। वो भाजपा की स्क्रिप्ट पढ़ते हैं। वो भाजपा के कहने पर आम आदमी पार्टी के नेताओं को टारगेट करते हैं।

गौरतलब है कि कांग्रेस नेता अजय माकन ने 25 दिसंबर को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को देश का फ्रॉड किंग यानी सबसे बड़ा धोखेबाज बताया। माकन ने कहा कि अगर केजरीवाल को एक शब्द में परिभाषित करना हो, तो वो शब्द 'फर्जीवाल' होगा। माकन ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए आप के साथ गठबंधन में आना कांग्रेस की भूल थी, जिसे अब सुधारा जाना चाहिए। केजरीवाल जैसे व्यक्ति पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उनकी कोई विचारधारा और कोई सोच नहीं है। वे अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। केजरीवाल समान नागरिक संहिता, अनुच्छेद 370 और नागरिकता कानून पर भाजपा के साथ खड़े रहे। केजरीवाल एंटी नेशनल हैं। हालांकि माकन ने यह भी साफ किया कि यह उनकी निजी राय है। माकन ने कांग्रेस की तरफ से आप और भाजपा के खिलाफ 12 पॉइंट का व्हाइट पेपर रिलीज करने के दौरान ये बातें कहीं।

### तीसरी आंख










निगम चुनाव

हरियाणा सरकार ने जारी की आरक्षण की सूची

## हिसार, पानीपत, करनाल व मानेसर नगर निगम रहेंगे ओपन, कोई भी लड़ सकेगा चुनाव

### हरियाणा में चार निगम आरक्षित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा में निकाय चुनाव से पहले सरकार ने आरक्षण सूची जारी कर दी है। गुरुवार को जारी की गई आरक्षण सूची के अनुसार गुरुग्राम नगर निगम का मेयर पद बीसी (ए) वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। फरीदाबाद निगम सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा रोहतक और यमुनानगर को एस.सी.कैटेगरी के लिए रिजर्व किया गया है। इसमें यमुनानगर को अनुसूचित जाति से संबंधित महिला के लिए आरक्षित किया गया है। प्रदेश में हिसार, पानीपत, करनाल व मानेसर नगर निगम को ओपन रखा गया है। गुरुग्राम में ज्यादातर लोग मानेसर निगम के आरक्षित होने को आधार मानकर चुनाव की तैयारी कर रहे थे। जिन्हें बड़ा झटका लगा है।



हरियाणा के चुनाव आयुक्त धनपत सिंह के मुताबिक निकाय चुनाव 2 चरणों में कराए जाएंगे। पहले चरण में गुरुग्राम, मानेसर और फरीदाबाद नगर निगम के चुनाव होंगे। इसके अलावा तीन नगर परिषदों सिरसा, पटौदी व अंबाला सदर और 21 पालिकाओं के लिए चुनाव भी पहले चरण में होगा। फरवरी महीने तक चुनाव होने की उम्मीद है। इसके अलावा नगर परिषद और नगर पालिकाओं में अंबाला सदर, थानेसर, पटौदी, खरखौदा और सिरसा को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। इनमें अंबाला सदर और थानेदार एससी वर्ग की महिला के लिए आरक्षित होगा। इसके अलावा तावडू को बीसी (ए) वर्ग की महिला और इंद्री को बीसी (ए) वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। पुंडरी बीसी (बी) वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। फर्रुखनगर, कनीना, सीवन, बवानीखेड़ा, हथीन, लौहारू, नारनौंद, रादौर,कलानौर, अटेली मंडी, कलायत, बेरी, नीलोखेड़ी, सिवानी, बराड़ा, जुलाना व जाखल मंडी को सामान्य वर्ग के लिए छोड़ा गया है। इनमें सीवन, सिवानी, कनीना, हथीन व कलानौर सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं।

### सोनीपत-अंबाला में होंगे मेयर उपचुनाव

इसके साथ ही सोनीपत और अंबाला में मेयर पद के लिए उपचुनाव कराए जाएंगे। सोनीपत के मेयर निखिल मदान और अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा विधायक बन चुकी हैं। इस कारण दोनों निगमों में मेयर का उपचुनाव कराना पड़ रहा है। दूसरे चरण में मार्च-अप्रैल में बाकी बचे 5 नगर निगमों हिसार, पानीपत, रोहतक, करनाल और यमुनानगर के अलावा थानेसर नगर परिषद एवं अन्य पालिकाओं के चुनाव कराए जाएंगे।

### कहां कितने वार्ड

| | |
|---|---|
| फरीदाबाद | 46 |
| गुरुग्राम | 36 |
| पानीपत | 26 |
| रोहतक | 22 |
| यमुनानगर | 22 |
| मानेसर | 20 |
| करनाल | 20 |
| हिसार | 20 |

स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से की मुलाकात, किसानों के संघर्ष को दिया समर्थन

# भूख हड़ताल के 31वें दिन डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ी, संधवां ने केंद्र को पंजाबियों के धैर्य की परीक्षा न लेने की दी चेतावनी

स्पीकर ने पीएम मोदी से किसानों की मांगें सुनने की अपील की, राष्ट्र के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला

संधवां ने इस मामले में सरकार के रवैये की आलोचना की, मोदी सरकार पर किसानों के बजाय पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का लगाया आरोप



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां आज किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मिलने के लिए खनौरी बॉर्डर पहुंचे, जो पिछले 31 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। किसानों के चल रहे संघर्ष के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए संधवां के साथ पार्टी विधायक नरिंदर कौर भराज और कुलवंत सिंह पंडोरी सहित पार्टी के कई नेता मौजूद थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, कुलतार सिंह संधवां ने जगजीत सिंह डल्लेवाल की मानवता और किसानों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि डल्लेवाल साहब सिर्फ अपने घर या पंजाब के लिए नहीं लड़ रहे हैं बल्कि वह पूरे देश के किसानों के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) सुनिश्चित करने से न केवल पंजाब मजबूत होगा बल्कि पूरा देश का किसान मजबूत होगा।

संधवां ने किसानों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी मांगों को सुनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस देश के किसान, जिनके पूर्वजों ने भारत की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी और जिनके बच्चों ने देश के लिए प्रतिदिन अपना जीवन बलिदान किया, उनकी बात सुनी जानी चाहिए। उनकी दुर्दशा को नजरअंदाज करना राष्ट्र को नजरअंदाज करने के बराबर है।

संधवां ने डल्लेवाल के बिगड़ते स्वास्थ्य पर गहरी चिंता व्यक्त की और केंद्र सरकार को पंजाबियों के धैर्य की परीक्षा लेने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर देश को बचाना है तो एमएसपी की गारंटी दी जानी चाहिए। किसानों की मांगों को अब और दरकिनार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तावित नया मसौदा मुख्य मुद्दों से बचने का एक और प्रयास प्रतीत होता है।

अन्य देशों से तुलना करते हुए संधवां ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में, केवल 1त्न आबादी किसान है, फिर भी उन्हें पर्याप्त सब्सिडी मिलती है। भारत में जहां 80त्न लोग खेती पर निर्भर हैं, फिर भी सरकार कॉर्पोरेट दिग्गजों को फायदा पहुंचाने के लिए उन्हें बाहर धकेलने की कोशिश कर रही है। संधवां ने मीडिया और जनता से यह पहचानने की अपील की कि यह सिर्फ डल्लेवाल की व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है बल्कि पंजाब और पूरे देश की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि पंजाब के किसान अपने अधिकारों के लिए वैसे ही लड़ते रहेंगे, जैसे वे हमेशा देश के लिए लड़ते रहे हैं।

### आम आदमी पार्टी किसानों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध : संधवां

विधानसभा अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि आम आदमी पार्टी किसानों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। कल हमारी पार्टी का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल जगजीत सिंह डल्लेवाल से मिला था और इस मुद्दे पर पार्टी और सरकार दोनों स्तरों पर चर्चा की। आज विधानसभा अध्यक्ष के रूप में मैं इस मुद्दे को हल करने के लिए विधानसभा में अपनी क्षमता के अनुसार सब कुछ करूंगा। उन्होंने इस मामले पर केंद्र के साथ संवाद के पंजाब सरकार के निरंतर प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने पुष्टि की कि हमारे वित्त मंत्री हरपाल चीमा और कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने हाल ही में इसके समाधान के लिए केंद्रीय अधिकारियों से मुलाकात की। हम किसानों के अधिकारों की वकालत करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

# कैबिनेट सब-कमेटी ने की मुख्य मुद्दों को हल करने के लिए कर्मचारी यूनियनों के साथ बैठक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल की शामुलियत वाली कैबिनेट सब-कमेटी ने आज यहां विभिन्न कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य कर्मचारियों को पेश आ रही समस्याओं पर चर्चा कर समाधान निकालना था।

बैठक में पावरकॉम सीएचबी लाइनमैन ठेका कर्मचारी यूनियन, सर्व शिक्षा अभियान मिड-डे मील कार्यालय कर्मचारी यूनियन और आदर्श स्कूल शिक्षण-गैर शिक्षण कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और अपनी मांगों व चिंताओं से संबंधित ज्ञापन सौंपे। यूनियन नेताओं ने कामकाज की स्थिति, नौकरी की सुरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर कैबिनेट सब-कमेटी के साथ विचार साझा किए।

बैठक के दौरान कैबिनेट सब-कमेटी ने यूनियन प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ गहन विचार-विमर्श किया। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने यूनियन प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि उनके कई मुद्दों पर पहले से ही विचार किया जा रहा है। उन्होंने जायज मांगों को तुरंत और प्रभावी तरीके से हल करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

सकारात्मक माहौल में समाप्त हुई इन बैठकों के दौरान यूनियन प्रतिनिधियों ने सरकार की सहायक और समाधान-उन्मुख दृष्टिकोण की सराहना की।

बैठक में पावरकॉम सीएचबी लाइनमैन ठेका कर्मचारी यूनियन का प्रतिनिधित्व प्रदेश अध्यक्ष अंग्रेज सिंह, महासचिव राकेश कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रीतपाल सिंह बुट्टर और प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय कुमार ने किया।

सर्व शिक्षा अभियान मिड-डे मील कार्यालय कर्मचारी यूनियन का प्रतिनिधित्व कुलदीप सिंह, रजिंदर सिंह संधा, परवीन शर्मा, रमेश सहारण और नरेंद्र कुमार ने किया। आदर्श स्कूल शिक्षण-गैर शिक्षण कर्मचारी यूनियन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष जसवीर सिंह गलोटी, महासचिव सुखदीप कौर सरां, उपाध्यक्ष मीनू बाला और प्रदेश मीडिया प्रभारी अमन शास्त्री शामिल हुए।

# गुरमीत सिंह खुड्डियां ने पशुपालन विभाग में 11 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे

पशुपालन मंत्री ने नव-नियुक्त कर्मचारियों को पंजाब के लोगों की भलाई के लिए पूरी ईमानदारी और समर्पण भावना के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** पंजाब के पशुपालन, डेयरी विकास और मत्स्य पालन मंत्री स गुरमीत सिंह खुड्डियां ने आज यहां अपने कार्यालय में 11 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। पशुपालन विभाग में नियुक्त इन उम्मीदवारों में सात वेटरनरी इंस्पेक्टर, तीन स्टेनो टाइपिस्ट और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं।

नव-नियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए स गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के युवाओं को रोजगार के अधिकतम अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के मात्र 33 महीनों में लगभग 50,000 युवाओं को विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं।

पशुपालन मंत्री ने नव-नियुक्त कर्मचारियों को पंजाब के विकास और लोगों की भलाई के लिए पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करने और पारदर्शी एवं कुशल तरीके से सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह भर्ती प्रक्रिया मेरिट के आधार पर पारदर्शी तरीके से की गई है। इस अवसर पर पशुपालन निदेशक डॉ. जी.एस. बेदी और विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# एक हजार आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कर बाल व माताओं की देखभाल सुविधाओं में वृद्धि करेगी सरकार: डॉ. बलजीत कौर

आंगनवाड़ी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में पंजाब अग्रणीय नेतृत्व

कहा-350 मौजूदा आंगनवाड़ी केंद्रों को किया जाएगा अपग्रेड

31 जनवरी 2025 तक सभी अपग्रेड किए गए आंगनवाड़ी केंद्रों को पूरा करने का लक्ष्य





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** पंजाब सरकार ने राज्य में 1,000 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कर इन केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सामाजिक सुरक्षा, महिला और बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पंजाब सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मगनरेगा) के तहत 1,000 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र को 12 लाख रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। इन केंद्रों में बच्चों और माताओं के लिए उपयुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सही फ्लोरिंग, पेंटिंग, प्लंबिंग, बिजलीकरण और लकड़ी का काम करवाया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि निर्माण का कार्य मगनरेगा योजना के तहत ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। एकीकृत बाल विकास योजना संसाधनों के संयोजन को सुनिश्चित करती है। उन्होंने बताया कि 53 आंगनवाड़ी केंद्र पहले ही पूरा हो चुके हैं, जिससे पंजाब में उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

मंत्री ने बताया कि नए केंद्रों के निर्माण के अलावा, पंजाब सरकार राज्य भर में मौजूदा 350 आंगनवाड़ी केंद्रों को अपग्रेड कर रही है। अपग्रेड किए गए केंद्रों में लाभार्थियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए बेहतर सुविधाएं जोड़ी जाएंगी।

उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों के अपग्रेडेशन का काम तेजी से चल रहा है। सरकार का लक्ष्य 31 जनवरी 2025 तक सभी अपग्रेड किए गए आंगनवाड़ी केंद्रों को पूरा करना है, जो बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सामाजिक सुरक्षा मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने आंगनवाड़ी सेवाओं को मजबूत करने के लिए इन परियोजनाओं के महत्व को बताते हुए कहा, 'यह पहल बच्चों और माताओं के लिए पोषण और देखभाल केंद्रों के बुनियादी ढांचे में सुधार कर उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करेगी।'

उप/संयुक्त उप रजिस्ट्रार को डी.सी. आशिका जैन ने दिए निर्देश

# अनाधिकृत कॉलोनियों में प्लॉटों के पंजीकरण के बारे लोगों को लाभान्वित व जागरूक करें: आशिका जैन

जिला राजस्व अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया

जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर 0172-2219506 जारी किया

अर्थ प्रकाश/ जिनेंद्र जैन



**एस.ए.एस. नगर, 26 दिसंबर।** अनधिकृत कॉलोनी में स्थित प्लॉट धारकों (500 वर्ग गज तक) को उनके प्लॉटों के पंजीकरण के लिए राहत देने की पंजाब सरकार की नीति के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए मोहाली की डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने जिला राजस्व अधिकारी अमनदीप चावला को नोडल अधिकारी नामित किया है, साथ ही इस संबंध में कोई भी शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर 0172-2219506 जारी किया है।

उपायुक्त श्रीमती आशिका जैन ने इस मुद्दे पर एडीसी (जी) विराज एस तिड़के, एडीसी (यूडी) अनमोल सिंह धालीवाल और जिला राजस्व अधिकारी अमनदीप चावला के साथ एक जरूरी बैठक करने के बाद विवरण देते हुए कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार, 1 दिसंबर, 2024 से प्रभावी पंजाब अपार्टमेंट और संपत्ति विनियमन (संशोधन) अधिनियम 2024 के संशोधन का लाभ सुनिश्चित करने के लिए, जिसमें धारा 20 के तहत उप धारा 5 को अनधिकृत कॉलोनी में स्थित अपने भूखंडों के पंजीकरण के लिए प्लॉट धारकों को राहत देने के उद्देश्य से पेश किया गया है, एसएएस नगर जिले के सभी तहसीलों और उप तहसीलों के उप रजिस्ट्रार और संयुक्त उप रजिस्ट्रार को लोगों को योजना के बारे में जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि आवास एवं शहरी विकास तथा स्थानीय निकाय विभागों से एनओसी की छूट केवल 28 फरवरी, 2025 तक ही वैध है, इसलिए लाभार्थी अधिसूचना के अनुसार 28 फरवरी, 2025 से पहले या उसके अंत तक अपना पंजीकरण अवश्य करवा लें। उन्होंने कहा कि अधिसूचना के अनुसार, कोई भी व्यक्ति, जिसने 31 जुलाई, 2024 तक किसी अनाधिकृत कॉलोनी में स्थित 500 वर्ग गज तक के क्षेत्र के लिए स्टांप पेपर पर बेचने के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी या समझौता किया है या भूमि के शीर्षक से संबंधित कोई पंजीकृत दस्तावेज है, वह रजिस्ट्रार या उप-रजिस्ट्रार या संयुक्त उप-रजिस्ट्रार के समक्ष ऐसे भूखंड का पंजीकरण करवाने का हकदार होगा।

इसके अलावा, भूखंड धारक को ऐसे भूखंडों के विक्रय विलेख के पंजीकरण के लिए आवेदन के साथ उप-पंजीयक या संयुक्त उप-पंजीयक को यह वचन देना होगा कि भूखंड अनुसूचित सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे प्रतिबंधित क्षेत्रों या किसी अन्य केंद्रीय या राज्य कानून के तहत घोषित किसी अन्य प्रतिबंधित क्षेत्र में आने वाली भूमि पर किए गए अनधिकृत विकास के अंतर्गत नहीं आता है और इस भूखंड का पंजीकरण और उपयोग संबंधित क्षेत्रीय योजना/मास्टर प्लान के प्रावधानों और ऐसे भूखंडों के पंजीकरण पर लागू अन्य अनिवार्य प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं करता है।

# कंचन मित्तल मिनिस्ट्रीस में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया





अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग

**जीरकपुर, 26 दिसंबर।** कंचन मित्तल मिनिस्ट्रीस में भव्य क्रिसमस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने प्रभु के घर में प्रवेश किया। इस अवसर पर पादरी कंचन मित्तल ने क्रिसमस की खुशी और एकजुटता की भावना पर जोर देते हुए एक हार्दिक संदेश और बधाई दी।

इस मौके कंचन मित्तल ने क्रिसमस में लाइव आराधना की, जिससे उपस्थित सभी लोगों के लिए एक उत्साहपूर्ण माहौल बन गया। इस मौके उन्होंने कहा कि चर्च ने सभी को क्रिसमस की खुशखबरी फैलाने, समुदाय की भावना और साझा विश्वास को बढ़ावा देने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

इस कार्यक्रम को एक यादगार दिन के रूप में वर्णित किया गया, जो खुशी के शोर और उपस्थित लोगों के बीच भाईचारे की भावना से भरा हुआ था। इस समारोह को फेसबुक और यूट्यूब सहित विभिन्न प्लेटफार्मों पर लाइव दिखाया गया। इसके अलावा कार्यक्रम से क्लिप और हाइलाइट्स भी दिखाए गए।

## 'आप' पंजाब प्रधान अमन अरोड़ा कैबिनेट मंत्रियों व विधायकों के साथ गुरूद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में होंगे नतमस्तक

छोटे साहिबजादों के शहीदी दिवस के अवसर पर आप नेताओं का होगा श्री फतेहगढ़ साहिब में जमावड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फतेहगढ़ साहिब, 26 दिसंबर।** सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के शहीदी दिवस के अवसर पर आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के प्रधान अमन अरोड़ा शुक्रवार को पार्टी के दर्जनों नेताओं- मंत्रियों और विधायकों के साथ गुरूद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में नतमस्तक होंगे। पार्टी कार्यालय चंडीगढ़ से जारी बयान में मीडिया को यह जानकारी दी गई। अमन अरोड़ा के साथ पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अमनशेर सिंह शैरी कलसी, कैबिनेट मंत्रियों लालजीत सिंह भुल्लर, कुलदीप सिंह धालीवाल, डॉ. बलजीत कौर, बरिंदर गोयल, गुरुमीत सिंह खुड्डियां, डॉ. रवजोत, मोहिंदर भगत, तरूणप्रीत सिंह सोंध और हरदीप सिंह मुंडियां मौजूद रहेंगे। 'आप' सांसद मलविंदर सिंह कंग भी पार्टी प्रधान के साथ मौजूद रहेंगे।

वहीं पार्टी के विधायकों चेतन सिंह जौड़ामाजरा, कुलवंत सिंह, जसवीर सिंह राजा गिल, करमवीर सिंह घुमन, ब्रह्म शंकर जिम्पा, जय किशन सिंह रोड़ी, संतोष कटारिया, रमन अरोड़ा, इंदरजीत कौर मान, बलकार सिंह, लखबीर सिंह राय, गुरिंदर सिंह गैरी वड़िंग, रुपिंदर सिंह हैप्पी, जगतार सिंह, राजिंदर पाल कौर छीना, सरबजीत कौर माणुंके, अमनदीप कौर अरोड़ा, गुरदित्त सिंह सेखों और वरिष्ठ नेता दीपक बाली भी शामिल होंगे।

मंत्रियों विधायकों के अलावा राज्य भर के आम आदमी पार्टी के नेता और पदाधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। अमन अरोड़ा सुबह 8.00 बजे गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब पहुंचेंगे और मत्था टेककर छोटे साहिबजादे को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

# विधायक ने नगर निकाय मंत्री से डेराबस्सी की नगर निकायों की विकास योजनाओं पर की चर्चा

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 26 दिसंबर।** विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने डेराबस्सी, लालरू और जीरकपुर नगर निकायों की विकास योजनाओं पर चर्चा करने के लिए नगर निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह से पंजाब नगर भवन सेक्टर 35 में मुलाकात की। यह बैठक डेराबस्सी, लालरू और जीरकपुर नगर निकायों में चल रही परियोजनाओं के बारे में चिंताओं और विचारों को संबोधित करने के लिए आयोजित की गई थी।

बैठक के दौरान डॉ. रवजोत सिंह ने विभिन्न योजनाओं के तहत चल रही परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और सभी परियोजनाओं में उच्च स्तर की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने निवासियों की संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए स्वीकृत योजनाओं को समय पर पूरा करने और उनका पालन करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता देने और उनकी बेहतरी की दिशा में काम करने का भी आग्रह किया।

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने डेराबस्सी विधानसभा की चिंताओं पर चर्चा करने के लिए समय निकालने और नगर निकायों के विकास के प्रति प्रतिबद्धता के लिए डॉ. रवजोत सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने मंत्री को परियोजनाओं को लागू करने और निवासियों के सामने आने वाले मुद्दों को हल करने में अपने पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन भी दिया।

बैठक में चर्चाएँ सार्थक रहीं और निवासियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने पर केंद्रित रहीं। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा और डॉ. रवजोत सिंह दोनों ने डेराबस्सी, लालरू और जीरकपुर नगर निकायों के विकास और प्रगति के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

बैठक का समापन भविष्य की विकास योजनाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और निवासियों की बेहतरी के लिए काम करना जारी रखने के भरोसे के साथ हुआ। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि परियोजनाएं उच्चतम स्तर की गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हों। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा और नगर निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह के संयुक्त प्रयासों से डेराबस्सी, लालरू और जीरकपुर के निवासी एक उज्जवल और अधिक समृद्ध भविष्य की आशा कर सकते हैं।

# आवारा पशु को बचाने के प्रयास में बस गड्ढे में गिरी, बड़ा हादसा टला



अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 26 दिसंबर।** भांखरपुर गांव के पास बीती सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। चंडीगढ़ से भिवानी जा रही हरियाणा रोडवेज की एक बस, सड़क पर अचानक आए आवारा पशु को बचाने के चक्कर में गहरे गड्ढे में गिर गई। इस हादसे में दो यात्रियों को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। राहत की बात यह रही कि सभी यात्रियों की जान बच गई।

जानकारी के मुताबिक, भांखरपुर इलाके में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, और सड़क के किनारे एक गहरा गड्ढा खुदा हुआ है। तड़के करीब साढ़े तीन बजे, चंडीगढ़ से भिवानी जा रही बस जैसे ही भांखरपुर के पास पहुंची, एक आवारा पशु अचानक सड़क पर आ गया। ड्राइवर ने स्थिति को संभालने की कोशिश की, लेकिन बस सीधे गड्ढे में जा गिरी। हरियाणा रोडवेज के अधिकारियों के अनुसार, हादसे में दो यात्रियों को गंभीर चोटें आईं। एक यात्री के हाथ में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि बस ड्राइवर के सीने पर गहरी चोट आई है। दोनों को चंडीगढ़ के सेक्टर 32 अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आईं, और प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

## मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की तरफ से छोटे साहिबजादों की सर्वोच्च बलिदान को समर्पित सफर-ऐ-शहादत स्मारिका का किया विमोचन

# नायब सैनी ने लोगों से वीर साहिबजादों के बलिदान से प्रेरणा लेने का किया आह्वान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कुरुक्षेत्र, 26 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर लोगों से गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों द्वारा दिए गए बलिदानों से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को साहिबजादों की तरह साहस, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का महत्व सिखाएं और उनके जीवन में इन मूल्यों को शामिल करें। यही उनके अद्वितीय बलिदान के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी धर्म गुरुओं और सभी सामाजिक संस्थानों से आग्रह करते हुए कहा कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ एकजुट होकर जन आंदोलन चलाएं, ताकि इस गंभीर समस्या को जड़ से खत्म कर युवा शक्ति को बचाया जा सके। मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय वीर बाल दिवस कार्यक्रम में उपस्थित संगतगण को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील राणा ने गुरुद्वारा साहिब छठी पातशाही में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष अरदास की और प्रसाद चखा। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की तरफ से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में छोटे साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान को समर्पित सफर-ऐ-शहादत स्मारिका का विमोचन किया। दोनों वीर साहिबज़ादों को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा ज़ोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह का अद्वितीय बलिदान हमें राष्ट्रहित में बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने के लिए प्रेरित करता है। छोटी सी आयु में शहादत देने वाले वीर साहिबज़ादों की अमर गाथा इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीर साहिबज़ादों के शहीदी दिवस को हर वर्ष वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का धयवाद व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से अब हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पूरे देश में श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार के सभी सदस्यों ने एक ही सप्ताह 20 से 27 दिसम्बर, 1704 में धर्म व आम जन की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनके परिवार की शहादत को दुनिया के इतिहास की सबसे बड़ी शहादत माना जाता है। उनकी कुर्बानियां देश, धर्म और समाज की रक्षा के लिए थीं। उनका बलिदान कमजोर और बेसहारा की रक्षा के लिए था। उन्होंने मानव मात्र के लिए सत्य, न्याय और धर्म का संदेश दिया। साहिबजादों की शहादत का बदला लेने वाले महान वीर बाबा बन्दा सिंह बहादुर जी को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे पहले ऐसे सिख सेनापति हुए, जिन्होंने मुगलों के अजेय होने के भ्रम को तोड़ा। उन्होंने गुरु गोबिन्द सिंह जी के संकल्प को पूरा करते हुए प्रभुसत्ता सम्पन्न सिख राज्य की राजधानी लोहगढ़ की नींव रखी, जो हरियाणा के यमुनानगर ज़िले में स्थित है।

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह असंध, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, कुलसचिव डा. संजीव शर्मा, एचएसजीपीसी कार्यकारिणी सदस्य बीबी रविन्द्र कौर, वरिष्ठ सिख नेता गुलाब सिंह,वरिष्ठ सिख नेता कवलजीत सिंह अजराना, भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील राणा, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर,जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर, जिप उपाध्यक्ष डीपी चौधरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष कलसाना, मनदीप सिंह विर्क, निदेशक हरपाल सिंह चीका, रजवंत कौर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भाजपा मंडल स्तर पर मना रही है वीर बाल दिवसः मोहन लाल बडौली

हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने सिख गुरुओं के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और कहा कि राष्ट्र की प्रगति वीरों के बलिदान को याद रखने और भावी पीढि?ं के साथ साझा करने पर निर्भर करती है। उन्होंने हरियाणा के लोगों की भावनाओं के अनुरूप प्रदेश के गुरुओं और शहीदों को सम्मान देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद् व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हर मंडल स्तर पर वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है।

### वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की

सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और कहा कि यह दिन गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी के सर्वोच्च बलिदान को याद करता है, जिन्होंने अपनी आस्था और सिद्धांतों की रक्षा के लिए छोटी उम्र में अपने प्राणों की आहुति दे दी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस दिन को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया, ताकि इतिहास के उस अध्याय की ओर ध्यान आकृष्ट किया जा सके, जिसे कई वर्षों से नजरअंदाज किया गया था। परिणामस्वरूप, आज यहां वीर बाल के शौर्य और बलिदान को याद करने के लिए राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के ओएसडी डा.प्रभलीन सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेशानुसार 26 दिसंबर को छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिए पूरे देश में वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को याद करने के लिए कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर राज्यस्तरीय वीर बाल दिवस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया।

### सिख एक बहादुर कौम, सिख धर्म ने देश को दिए 10 महान गुरु

सिख कौम को बहादुर कौम बताते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सिख धर्म ने देश को 10 महान गुरु दिये और इन गुरुओं ने देश और समाज के लिए अनंत कुर्बानियां दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की पावन धरा से श्री गुरु नानक देव जी सहित सभी गुरुओं का गहरा सम्बन्ध रहा है। हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के श्रद्धेय शीश को आनन्दपुर साहिब पहुंचाने के लिए अपना शीश देने वाले कुशाल दहिया हरियाणा के सोनीपत में बढखालसा गांव के निवासी थे। हरियाणा के यमुनानगर स्थित कपालमोचन तीर्थ का उल्लेख करते हुए कहा कि यही से प्रथम पातशाह श्री गुरु नानक देव जी ने सर्वधर्म समभाव के लिए लंगर, संगत और पंगत की अवधारणा शुरू की थी। वहीं पर भगाणी युद्ध के बाद श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी 52 दिन ठहरे थे और उन्होंने दस्तारबंदी की प्रथा शुरू की थी। इसी प्रकार, जिला अम्बाला में लखनौर साहिब अकालपुरख श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी की ननिहाल थी। उनका वहां पर बचपन बीता। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र और हरियाणा की अन्य क्षेत्रों में समय-समय पर आठ गुरुओं का आगमन हुआ।

### पानीपत की ऐतिहासिक धरती पर हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश वर्ष में राज्य स्तरीय समारोह हुआ आयोजित

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश वर्ष को देश-भर में मनाने के निर्णय के अंतर्गत हरियाणा सरकार ने 2022 में पानीपत की ऐतिहासिक धरती पर हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश वर्ष में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया। जिस मैदान पर वह समारोह आयोजित किया गया उसका नाम श्री गुरु तेग बहादुर जी मैदान रखा गया है। इससे पहले, प्रदेश में श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व और श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के 350वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय आयोजन किये गए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सिरसा में गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब को 70 कनाल भूमि प्रदान की गई है। यमुनानगर में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का नाम हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर सिंह जी के नाम पर रखा गया है। इसी प्रकार, असंध के कॉलेज का नाम श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के छोटे बेटे बाबा फतेह सिंह जी के नाम पर रखा गया है। लखनौर साहिब में माता गुजरी के नाम से वी.एल.डी.ए. कॉलेज स्थापित किया गया है। महान गुरु के सम्मान में पंचकूला से पांवटा साहिब राष्ट्रीय राजमार्ग का नाम बदलकर गुरु गोबिंद मार्ग रखने का निर्णय लिया है। साथ ही, विभिन्न स्थानों पर चौक, द्वार, पुस्तकालय, सड? आदि के नाम गुरुओं के नाम पर रखे गए है। उन्होंने कहा कि लौहगढ़ भगवानपुर को पर्यटन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से लौहगढ़ में बाबा बन्दा सिंह बहादुर ट्रस्ट बनाया गया है। लोगों की आस्था को देखते हुए श्री हजूर साहिब गुरुद्वारा, श्री ननकाना साहिब, श्री हेमकुण्ड साहिब और श्री पटना साहिब जाने वाले प्रदेश के तीर्थ यात्रियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से स्वर्ण जयंती गुरु दर्शन यात्रा योजना शुरू की गई है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने देश और समाज के लिए अपना सर्ववंश वार दिया। उनकी शहादत को युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी कार्यकारिणी सदस्य बलजीत सिंह दादूवाल ने मेहमानों का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### धन्नाभगत स्कूल में साहिबजादों के बलिदान को किया नमन




**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** धन्ना भगत स्कूल में गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबदाजों के बलिदान को नमन किया गया। इस दौरान भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर युवा नेता डा. जसविंद्र खैहरा मुख्य रूप से पहुंचे। यहां पहुंचने पर डा. खैहरा का स्कूल मैनेजमेंट द्वारा स्वागत किया गया। डा. खैहरा ने कहा कि ये दिन गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की वीरता और बलिदान के नाम समर्पित है। गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह का बलिदान सिख इतिहास और भारतीय संस्कृति में वीरता और धर्म की रक्षा का अविस्मरणीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि छोटी सी आयु में ही गुरु गोविंद सिंह के छोटे साहिबजादों ने अपना बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि धन्ना भगत स्कूल में उनकी याद में कार्यक्रम का आयोजन करना सराहनीय है। बच्चों को हमारे इतिहास के बारे में ज्ञान होना चाहिए। हमें अपनी संस्कृति व इतिहास को समेट कर रखना बहुत जरूरी है। ऐसे महान पुरुषों व बलिदानियों की गाथा सुनने से हमारे अंदर भी अपने देश के प्रति वही जोश उत्पन्न होता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधान जगतार सिंह काजल, प्रिंसीपल नीलम दहिया, वाईस प्रिंसीपल नीलम कुंडू, टेकचंद, सूरजभान, बलदेव सिंह, दलबीर सिंह, रणधीर सिंह, सुरेश कुमार, विशाल सिंह, ईश्वर सिंह सहित शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

### जिला बनाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** पिहोवा को जिला बनाने की मांग को लेकर पिहोवा संकल्प समिति के तत्वाधान में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अमन कुमार को ज्ञापन दिया गया ।ज्ञापन की प्रतियां जिला पर विचार करने वाली सब कमेटी के कृष्ण पवार विपुल गोयल महिपाल ढाडा व अन्य सदस्यों को भी दी गई। इस बारे जानकारी देते हुए युधिष्ठिर बहल ने बताया कि पिछले 3 महीना से पिहोवा को जिला बनाने की मांग को लेकर कार्रवाई की जा रही है ।इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी को मिलकर भी पिहोवा को जिला बनाने की मांग की गई थी ।आज आधिकारिक रूप से इसकी शुरुआत की गई मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अमन कुमार को ज्ञापन दिया गया तथा इसके साथ ही सब कमेटी के सभी सदस्यों को भी इसकी कापिया दी गई है। इस मौके पर डॉक्टर सुदर्शन चुग सुखदेव मेहता रामधारी शर्मा एडवोकेट अनिल बागड़ी तरुण वडेच सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### दून इंटरनेशनल स्कूल में मनाया वीर बाल दिवस




**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** कैथल रोड, करनाल स्थित दून इंटरनेशनल स्कूल में सरबंस दानी दशमेश पिता के चारों साहिबजादों की महान व लासानी शहादत की पवित्र याद में जिला स्तरीय वीर बाल दिवस का अत्यंत प्रभावशाली आयोजन हुआ, जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में करनाल विधायक जगमोहन आनंद, बीजेपी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता, करनाल की पूर्व महापौर रेणु गुप्ता, हरियाणा वेलफेयर सोसाइटी फॉर फिजिकल डिसेबल की चेयरपर्सन मेघा भंडारी,पूर्व महिला जिला अध्यक्ष मीनाक्षी भिंडर, पूर्व एमसी रजनी प्रोचा, मनमीत सिंह बावा, मोहन लोधी, रमेश गिल, पूर्व प्रिंसिपल कमलेश अरोड़ा, एडवोकेट स्वर्ण सिंह व ज्ञानी सुखबीर सिंह इत्यादि ने शिरकत की। अपने संबोधन में करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने कहा की प्रत्येक भारतीय महान गुरुओं और चार साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान का ऋणी है और इसी उदेश्य से भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा चार साहिबजादों के उस महान बलिदान की पावन स्मृति हेतु 26 दिसंबर के दिन को वीर बाल दिवस घोषित किया गया है जो कि पूरे देश में एक प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, यह उनका एक सराहनीय प्रयास है और दून इंटरनैशनल स्कूल और स्कूल प्रबंध निदेशक कुलजिन्दर मोहन सिंह बाठ द्वारा उक्त वीर बाल दिवस का जिला स्तर पर अत्यंत प्रभावी आयोजन करवाना एक सराहना योग्य कदम है। इसके पश्चात दून स्कूल के बच्चों किरनदीप, सिमरजीत, अंशिका, गुंजन, प्रीत, निमरत, अगम, उज्ज्वल, इशदीप, वैष्णवी, जसकीरत, अंशदीप, गर्व, समरथ, अशप्रीत ने एक लघु नाटिका सफर ए शहादत के माध्यम से चार साहिबजादों की शहादत को प्रभावी व भावमयी ढंग से प्रस्तुत किया।

# नए साल में हरियाणा में होगी 56 सरकारी छुट्टियां

## सरकार ने विशेष दिवस किए अधिसूचित नहीं होंगे सार्वजनिक अवकाश

**मुख्य सचिव ने जारी किया नए साल का कैलेंडर**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** हरियाणा सरकार ने साल 2025 के लिए छुट्टियों का कैलेंडर जारी कर दिया है। सरकार द्वारा इस साल कुछ नई छुट्टियां शामिल की गई हैं तो कुछ विशेष दिनों को सरकारी कैलेंडर में स्थान दिया गया है। गुरुवार को हरियाणा के मुख्य सचिव द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक नए साल में कुल 56 छुट्टियां होंगी। इनमें 25 गजेटेड हॉलिडे के साथ ही 9 पब्लिक, 14 रिस्ट्रिक्टेड छुट्टियों का शेड्यूल जारी किया गया है। इसके अलावा 52-52 यानी 104 दिन शनिवार-रविवार की वजह से छुट्टी रहेगी।

इसके अलावा, राज्य सरकार द्वारा कुछ विशेष दिवस भी अधिसूचित किए गये हैं। हालाँकि, इन्हें सार्वजनिक अवकाश के रूप में नामित नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, शनिवार व रविवार के पड़ने वाले त्योहारों को सार्वजनिक अवकाश की सूची में शामिल नहीं किया गया। इनमें 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 2 फरवरी को बंसत पंचमी/सर छोटू राम जयंती, 23 मार्च को शहीदी दिवस/भगत सिंह राजगुरू और सुखदेव शहीदी दिवस, 06 अप्रैल को रामनवमी, 13 अप्रैल को वैशाखी/छठ पूजा, सात जून को ईद-उल-जुहा (बकरीद), 09 अगस्त को रक्षाबंधन, 16 अगस्त को जनमाष्टमी तथा 01 नवंबर को हरियाणा दिवस शामिल है।

इसके अतिरिक्त, आउटसोर्सिस सहित सभी कर्मचारियों को कोई तीन वैकल्पिक अवकाश लेने की अनुमति होगी। इनमें 23 फरवरी को महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती (राज्य स्तरीय समारोह के साथ), 18 अप्रैल को गुड फ्राईडे, 12 मई को बुध पूर्णिमा, 24 मई को महर्षि कश्यप जयंती, 30 मई को श्री गुरु अर्जुन देव शहीदी दिवस, 06 जुलाई को मुर्हरम, 27 जुलाई को हरियाली तीज, 05 सितंबर को मिलाद-उन-नबी या ईद-ई-मिलाद (प्रोफेट मोहम्मद जयंती), 10 अक्तूबर को करवाचौथ, 22 अक्तूबर को गौवर्धन पूजा, 28 अक्तूबर को छठ पूजा, 25 नवंबर को गुरू तेगबहादुर शहीदी दिवस, 24 दिसंबर को गुरु ब्रह्मानंद जयंती और 26 दिसंबर को शहीद उधम सिंह जयंती शामिल है।

सरकार ने राज्य में सार्वजनिक अवकाश के रूप में मनाए जाने वाले अवकाश भी अधिसूचित किए हैं। राज्य सरकार द्वारा 2025 के दौरान जो विशेष दिवस के रूप में मनाने के लिए विशेष दिवस भी अधिसूचित किए गए लेकिन इन्हें सार्वजनिक अवकाश के रूप में नामित नहीं किया जाएगा।

वर्ष 2025 में विशेष दिनों में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, 12 मार्च को संत लड्डू नाथ जी जयंती, 15 मार्च को हसन खां मेवाती शहीदी दिवस, 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती, 27 अप्रैल को संत धन्ना भगत जयंती, 29 अप्रैल को श्री गुरु तेग बहादुर जी जयंती, 23 मई को श्री गुरु गौरक्ष नाथ स्मृति दिवस, 31 मई को मातेश्वरी देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती, 09 जून को वीर बंदा बैरागी बलिदान दिवस, 04 जुलाई को भाई लक्खी शाह वनजांरा जयंती, 07 जुलाई को भाई मक्खन शाह लुभाना जयंती, 15 जुलाई को कवि बाजे भगत जयंती, 27 जुलाई को महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती, 26 अगस्त को श्री गुरु जम्भेश्वर जी जयंती, 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा जयंती, 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती, 12 नवंबर को संत नामदेव जयंती, 22 नवंबर को वीरांगना झलकारी बाई जयंती, 04 दिसंबर को संत सैन भगत महाराज जयंती और 20 दिसंबर को महाराजा शूरसैनी जयंती शामिल हैं।

# हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों के तबादलों पर जारी किए निर्देश

**एचआरएमएस के माध्यम से किए जाएं सभी तबादले**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** हरियाणा सरकार ने सभी विभागाध्यक्षों, बोर्डों और निगमों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य प्रशासकों को निर्देश दिए हैं कि किसी कर्मचारी के एक स्थान से दूसरे स्थान पर तबादले के संबंध में स्थापित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, अस्थायी समेत सभी तबादला आदेश एच.आर.एम.एस.(मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली) मॉड्यूल के माध्यम से जारी किए जाने चाहिए। इस प्रणाली के बिना जारी किए गए किसी भी आदेश को अवैध माना जाएगा। एच.आर.एम.एस. द्वारा जारी आदेशों के बिना स्थानांतरित कर्मचारियों को उनके नए स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उन्हें अपने वर्तमान पद पर बने रहना होगा। इसके अलावा, ज्वाइनिंग रिपोर्ट भी एच.आर.एम.एस. मॉड्यूल के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी।

उल्लेखनीय है कि सरकार के संज्ञान में कुछ ऐसे मामले आए हैं, जहां विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय से अनिवार्य सलाह लिए बिना या एच.आर.एम.एस. मॉड्यूल का उपयोग किए बिना स्थानांतरण आदेश जारी किए गए थे। इस तरह के उल्लंघन स्थापित नियमों के खिलाफ हैं और पारदर्शी प्रबंधन प्रक्रिया को बाधित करते हैं।

राज्य सरकार ने एक बार फिर दोहराया है कि ग्रुप-ए, बी, सी और डी कर्मचारियों का कोई भी तबादला मुख्यमंत्री की ट्रांसफर एडवाइजरी के बिना न किया जाए। ऐसी सलाह मिलने पर, एच.आर.एम.एस. मॉड्यूल के माध्यम से तुरंत तबादला आदेश जारी किया जाना चाहिए। इन निर्देशों का पालन न किए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व सैनिकों ने धूमधाम से मनाई शहीद उधम सिंह की जयंती

**कैथल (अप्रस)।** कैथल पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन की टीम शहीद उधम सिंह पार्क पहुंचकर शहीद उद्यम सिंह की जयंती मनाई। पूर्व सैनिकों ने शहीद-ए-आजम सरदार उधम सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। एसोसिएशन के प्रधान जगजीत फौजी ने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद उद्यम सिंह का जन्म 26 दिसंबर 1899 को पंजाब प्रांत में जिला संगरूर के सुनाम गांव में कंबोज परिवार में हुआ। उन्होंने जलियांवाला बाग के हत्याकांड का बदला गवर्नर जनरल माइकल डायर से इंग्लैंड में जाकर गोली मार कर लिया। उनको 31 जुलाई 1940 को अंग्रेजों ने फांसी दी। इसी जांबाज की जयंती आज धूमधाम से बनाई गई। एसोसिएशन के प्रधान जगजीत फौजी के साथ सैनिकों का प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त प्रीति से मिला। उन्होंने मुख्य सचिव हरियाणा सरकार, रक्षा मंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम एक मांग पत्र उपायुक्त के माध्यम से सौंपा। इसमें सैनिकों की समस्याओं बारे उत्तर प्रदेश की तर्ज पर जिला स्तर पर कमेटी बनाने की मांग रखी गई। प्रधान ने 27 दिसंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काकौत में शहीद सूबेदार सरदार राम के स्मारक का अनावरण पर पहुंचने के बारे कहा।

## अनीश अरोड़ा एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने नैशनल टीम का विस्तार करते सी ए अनीश अरोड़ा को फाउंडेशन का राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेन्द्र अरोड़ा एवं नैशनल डायरेक्टर अनिल मदान ने अनीश अरोड़ा को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अनीश अरोड़ा ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के उद्देश्यों को जन जन तक लेकर जायेंगे और अपनी टीम का देश भर में विस्तार करेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया देशभर में अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन के लिए कार्य कर रहा है। फाउंडेशन की टीम देश के सभी राज्यों में स्थित है। फाउंडेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान के माध्यम से शिक्षण संस्थानों में करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर भाषण,स्लोगन, ड्राइंग, निबंध आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, हस्ताक्षर अभियान चलाए जाते हैं एवं सत्यनिष्ठा शपथ अभियान के माध्यम से लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई जाती हैं एवं उनसे सत्यनिष्ठा की शपथ के फॉर्म भरवाएं जाते हैं।

## शिक्षक देश के भावी कर्णधारों के निर्माता : डीसी प्रीति

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 26 दिसंबर।** ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल में बाल सांस्कृतिक कार्यक्रम 'बचपन' में नौनिहालों ने खूब वाह वाही लूटी। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी शहीद उधम सिंह जी को उनकी 125वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपायुक्त प्रीति ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय के प्रबंधक जेएस नैन वं क्षेत्रीय अधिकारी सुमन निझावन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। सभी अभिभावकों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में नर्सरी से चौथी कक्षा के प्रत्येक छात्र-छात्रा ने मंच पर प्रस्तुति दी और अपनी अदाओं से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को विकसित करने हेतु एक मंच प्रदान करना था ताकि पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी इन्हें पहचान मिल सके। उपायुक्त प्रीति ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि शिक्षक देश के भावी कर्णधारों के निर्माता हैं और इस कार्य में अभिभावकों का सहयोग अपेक्षित है। छात्रों ने नृत्य नाटिकाओं के माध्यम से नई शिक्षा नीति व पारंपरिक शिक्षा के तरीकों में अंतर बताना, प्रदूषण के प्रति समाज में चेतना जागृत करना, मोबाइल की लत को छोड़कर पुराने खेलों के प्रति रुझान उत्पन्न करना जैसे ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उजागर किया।

# गुरुद्वारा संघर्ष कमेटी एचएसजीपीसी के सभी वार्डों में खड़े करेगी उम्मीदवार, 25 वार्डों के उम्मीदवार तय

**कैथल पहुंचे प्रधान जसवीर सिंह भाटी ने उम्मीदवार तय करने के लिए सात मेंबरी कमेटी का किया गठन**

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 26 दिसंबर।** गुरुद्वारा संघर्ष कमेटी हरियाणा प्रदेश में 19 जनवरी को होने वाले हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सभी 40 सीटों पर उम्मीदवार खड़े करेगी। वृहस्पतिवार को गुरुद्वारा नीम साहब में आयोजित बैठक में कमेटी के प्रधान जसबीर सिंह भाटी ने उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की। प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन आने के बाद नाम तय करने के लिए 7 सदस्य कमेटी का गठन किया गया है। हरपाल सिंह पाली को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। अमरिंदर सिंह अरोड़ा, बलदेव सिंह बल्ली, सुखमीत शाहाबाद, जसबीर सिंह भाटी, चन्नदीप खुराना, निरवैल सिंह आंटा कमेटी के सदस्य होंगे। प्रधान जसबीर सिंह भाटी ने बताया कि कमेटी केवल सिख उम्मीदवारों को ही चुनाव मैदान में उतरेगी। सिख धर्म के नियमों और कायदों पर खरा उतरने वालों को ही कमेटी का टिकट दिया जाएगा। जो कुर्सी चुनाव चिन्ह पर लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक उनके पास 25 सीटों पर चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन आए हैं। कैथल की तीन सीटों पर भी चुनाव लड़ने के लिए उनके पास आवेदन आए हैं। कमेटी ही जल्द ही सभी सीटों के नाम फाइनल करके लिस्ट जारी कर देगी। उन्होंने बताया कि चुनाव की प्रक्रिया के तहत चुनाव आयोग ने 10 जनवरी तक नए वोट बनाने के लिए एक पत्र जारी किया है। इसमें डीसी को नए वोट बनाने का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर लोगों को डीसी के पास पहुंचना कई बार संभव नहीं हो पाता है। इसलिए उनकी सरकार से मांग है कि ऐसी व्यवस्था की जाए कि खंड स्तर पर लोग अपना वोट बनवा सकें। वृहस्पतिवार को आयोजित बैठक में सिरसा से जीत सिंह खालसा, सुरजीत सिंह बेगू, जसबीर सिंह डबवाली व प्रधान जसबीर सिंह भाटी कैथल पहुंचे थे।

# वीर साहिबजादों का सर्वोच्च बलिदान युगों-युगों तक प्रेरणा देता रहेगा : बड़ौली

गुरू गोविंद सिंह के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह का बलिदान वीरता का अनुपम और उत्कृष्ट बलिदान

अर्थ प्रकाश संवाददाता






**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शहीदों और वीरों का सम्मान करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि साहिबजादों का सर्वोच्च बलिदान युगों-युगों तक प्रेरणा देता रहेगा। श्री बड़ौली ने कहा कि भारत का इतिहास शूरवीरों और बलिदानियों की गाथा से भरा हुआ है। सिख धर्म के 10वें गुरू गोविंद सिंह के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह का बलिदान दुनिया में अपने आप में वीरता का अनुपम और उत्कृष्ट बलिदान हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ब?ौली गुरुवार को देश और धर्म पर कुर्बान होने वाले साहिबजादों की याद में धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर आयोजित राज्य स्तरीय वीर बाल दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने वीर साहिबजादों के बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया और वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय बाल दिवस घोषित करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। इस अवसर पर साहिबजादों की शहादत को समर्पित पुस्तक का विमोचन किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सभी धर्मगुरुओं एवं सामाजिक संस्थाओं से अनुरोध किया कि आज के शुभ अवसर पर युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने का संकल्प लें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वीर साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने छोटी सी आयु में धर्म और सत्य के लिए जो साहस दिखाया वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। श्री बड़ौली ने कहा कि छोटी सी आयु में जिस प्रकार से वीर बालक अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे यह बलिदान हमारी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि महापुरूषों ने देश और परम्पराओं के लिए बलिदान दिया है, इसलिए हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि हम उनके बलिदान को याद रखें और आने वाली पीढ़ी को भी बताएं। उन्होंने कहा कि जो कौम शहीदों को याद नहीं रखती है वह देश तरक्की नहीं कर सकता। देश की तरक्की तभी होगी जब हम अपने बलिदानियों और महापुरूषों के त्याग और बलिदान को याद रखेंगे।

श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा ने हमेशा सिख धर्म और उनकी विरासत का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को भारत की गौरवशाली गाथा से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में मोहन लाल बड़ौली ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यभार संभालते ही जन-जन की भावनाओं का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी पूरे मन और भावना से परम्पराओं का निवर्हन करते हुए जनहित में काम कर रहे हैं।

## बजरी से भरा ट्राला आरे में घुसा, बाल बाल बचा परिवार

**इंद्री (सीमा देवी)।** इंद्री हलके के गांव फुसगढ़ के पास बजरी से भरा एक ट्राला लकड़ी चीरने वाले आरे में घुस गया जिसमें एक परिवार बाल बाल बाल बच गया। ट्राला चालाक मौके से फरार हो गया। इसके शिकायत पुलिस को दे दिया पुलिस कार्रवाई कर रही है। यह हादसा सुबह लगभग 6-30 के करीब हुआ जब एक ट्राला बजरी से भरा हुआ यमुनानगर से करनाल जा रहा था अचानक से ही यह ट्राला लकड़ी चीरने वाले आरे में जा घुसा जहां पर काफी नुकसान हो गया है वहीं पर जो पीछे कमरे में एक परिवार रह रहा था वह बाल बाल बच गया। आरे के मालिक के पुत्र हंसराज ने बताया कि सुबह के समय ही एक बजरी से ओवरलोड ट्राला उनके आरे में घुस गया है जहां पर एक परिवार रह रहा था परिवार ने बड़ी मुश्किल से बाहर भाग कर अपनी जान बचाई उन्होंने कहा कि यह ओवरलोड ट्रक है और इसका चालक भी शायद किसी नशे में था क्योंकि पीछे उसने एक बिजली के खंबे को टक्कर मारी और उसके बाद यह साथ में बने कैमरे की दीवार में जा घुसा वहीं मकान मालिक ने बताया कि उनके लाखों रुपए का नुकसान हो गया है इस ट्रक के टक्कर मारने से उनके कमरे में सभी में दरारें आ गई है तथा काफी सामान टूट चुका है।

# मुख्यमंत्री आज महेंद्रगढ़ को देंगे कई सौगातें

## महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न 13 विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी कल 27 दिसंबर को महेंद्रगढ़ में आयोजित होने वाले धन्यवाद-कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचेंगे।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल पर ही महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न 13 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री लगभग 543 लाख रुपए की लागत से तैयार 33 केवी सब स्टेशन कोथल खुर्द का उद्घाटन करेंगे। इसी प्रकार निम्बी में लगभग 458.72 लाख रुपए, मांडोला में लगभग 528.45 लाख रुपए व दुलोठ अहीर में लगभग 857.75 लाख की लागत से तैयार विभिन्न तालाबों को जोड़ने के लिए दबावयुक्त पाइपलाइन बिछाने का कार्य का उद्घाटन करेंगे। इसमें पंप हाउस, पंपिंग मशीनरी का निर्माण और तीन वर्षो तक चलने और रखरखाव सहित अन्य कार्य शामिल हैं। वहीं लगभग 1305.84 लाख रुपए की लागत से तैयार पीएच एनबी-1 से पीएच एनबी-2 के बीच नारनौल शाखा से एस्केप चैनल के रूप में सुरजनवास से 1600 एमएम एनपी-3 आरसीसी पाइपलाइन बिछाकर दोहान नदी का रिचार्ज कार्य का उद्घाटन भी करेंगे। इसी प्रकार लगभग 252.35 लाख रुपए की लागत से तैयार गांव मालडा सराय से पाथेडा तक संपर्क मार्ग तथा लगभग 528.60 लाख रुपए की लागत से तैयार 2 गांवों (पालड़ी पनिहार व भगडाना) के लिए गांव पालड़ी पनिहार में जल आपूर्ति कार्य का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा सीएम लगभग 918 लाख रुपए की लागत से तैयार 3 गांवों (धोली, जाट व भुरजट) के लिए गांव धौली में जल आपूर्ति योजना के कार्य का तथा लगभग 463.38 लाख रुपए की लागत से तैयार बेरी गांव में जल कार्यों का उद्घाटन करेंगे।

उन्होंने आगे बताया कि मुख्यमंत्री लगभग 1531.11 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पीएच एमसी-5 से पीएच एनबी-1 के बीच नारनौल शाखा से एस्केप चैनल के रूप में 1600 एमएम एनपी-3 आरसीसी पाइपलाइन बिछाकर झगड़ोली से दोहान नदी के रिचार्ज का शिलान्यास भी करेंगे। इसी प्रकार लगभग 1918.01 लाख रुपए की लागत से बनने वाले महेंद्रगढ़ शहर में वाटर सप्लाई स्कीम के तहत एएमआरयूटी-2 का शिलान्यास करेंगे। लगभग 539.92 लाख रुपए की लागत से बनने वाले झोजू कलां-कादमा- सतनाली रोड 24 से 32.17 किलोमीटर सड़क का व लगभग 368.44 लाख रुपए की लागत से तैयार होने वाले सतनाली-बाडरा-जुई-कैरू- तोशाम 7 किलोमीटर रोड का शिलान्यास भी करेंगे।

## किसान उन्नत तकनीकों, तत्व प्रबंधन करके कम लागत से प्राप्त कर सकते हैं अधिक पैदावार : डॉ. प्रवीण जोशी

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी

**इंद्री, 26 दिसंबर।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा गांव बरसालू में गन्ना तकनीकी मिशन के अन्तर्गत सहायक गन्ना विकास अधिकारी भादसो एट इन्द्री की ओर से एकदिवसीय ग्राम स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में कृषि अधिकारियों ने किसानों को गन्ने की फसल को बीमारियों से बचाव के बारे विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में सहायक गन्ना विकास अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने किसानों को आह्वान किया गया कि किसान उन्नत तकनीकों का प्रयोग करके एवं समन्वित कीट प्रबंधन एवं पोषक तत्व प्रबंधन करके कम लागत से अधिक पैदावार प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि गन्ना तकनीकी परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में गन्ने की नोटिफाईड/सिफारिश की गई किस्मों की बिजाई करते समय सीड नर्सरी में 5 हजार रूपये प्रति एकड़, खेती की चौड़ी पंक्ति, रिक्त विधि में 3000 रूपये प्रति एकड और बुआई की सिंगल बड चीप विधि को बढावा देने के लिए 3000 रूपये प्रति एकड़ तथा गन्ने की उन्नत किस्मों को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा किसानों को वैरायटी सीओ-15023 में 5000 रूपये प्रति एकड की दर से प्रदर्शन प्लांट लगाने के लिए अनुदान राशि प्रदान की जानी है।

इसी प्रकार राष्ट्रीय खादय सुरक्षा मिशन गन्ना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में गन्ने की नोटिफाइड सिफारिश की गई किस्मों की बिजाई करते हुए गन्ने के साथ अन्य फसल में प्रदर्शन प्लांट लगाने हेतू 3200 रूपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान राशि प्रदान की जानी है। उक्त विधियों के प्रदर्शन-प्लांट लगाने के लिए इच्छुक किसान मेरा फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर गन्ने के खेत का पंजीकरण करवाने उपरांत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा की वेबसाइट डब्बलूडब्बलूडब्बलूडॉटएग्रीहरियाणा डॉटजीओवीडॉटइन पर अपना आवेदन 31 दिसम्बर 2024 तक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना की विस्तृत जानकारी के लिए किसान सहायक गन्ना विकास अधिकारी भादसो एट इन्द्री एवं कृषि विकास अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

## शहीद उधम सिंह स्कूल इन्द्री में शहीदी सप्ताह व शहीद उधम सिंह जयंती मनाई गई

**इन्द्री (अप्रस/सीमा देवी)।** शहीद उधम सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल इंद्री में शहीदी सप्ताह और शहीद उधम सिंह जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा वीर गीत गाने के साथ-साथ शहीद उधम सिंह जी के जीवन के बारे में बताया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा भाषण के माध्यम से यह भी बताया गया कि शहीदी सप्ताह क्यों मनाते हैं और गुरु गोविंद सिंह जी के परिवार ने किस प्रकार भारतीय संस्कृति के लिए बलिदान दिया। इसके अलावा विद्यालय प्रबंधक श्री रमेश कांबोज ने शहीद उधम सिंह जी के जीवन से प्रेरणा लेने बारे विद्यार्थियों को जागरूक किया। प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति खरबंदा द्वारा बताया कि स्कूल में हर प्रकार की गतिविधियों को करवाया जाता है ओर भविष्य में भी इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय में होते रहेंगे जिससे विद्यार्थियों को अपनी सभ्यता और संस्कृति के बारे में जानने का मौका मिले।


### स्टोर्स ई-प्रोक्यूरमेंट

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना संख्या. एस/30/2024-25 तारीख: 24-12-2024।** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की गई हैं ।

**क्रमिक संख्या 1. निविदा संख्या. 30/24/5105/ओटी/252/2024-25**
**बंद/खुलने की तारीख: 31-12-2024**
**संक्षिप्त विवरण:** एनजी कैरियेज बोगी कम्पोनेंटस (अनुलग्नक-1 अनुसार) (क्रम संख्या. 24 छोड़कर 32 आइटम को शामिल कर) एवं ड्राइंग संलग्न किया गया हैं।) (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी: लागु नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम टाइप: गुडस, परिमाण- एसएसई/डब्ल्यूएस/तिनधरिया, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 10 सेट, पीएल. संख्या.- 300003620016।

**क्रमिक संख्या 2. निविदा संख्या. 70/24/0895/ओटी/253/2024-25**
**बंद/खुलने की तारीख: 06-01-2025**
**संक्षिप्त विवरण:** पीवीसी इलैक्ट्रोड डाया 2 मिलीमीटर = 50 मीटर प्रति रोल सहित रोल साइज- 2 मिलीमीटर x 1.62 मीटर x 14 मीटर पर पीवीसी, शेडस एवं पेटर्नस = आरडीएसओ सेम्पल एनएसी एफएलजी 02, रंग-नीला, आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या. आरडीएसओ/2006/सीजी-12 (आरईवी.1) जूलाई, 2019 की संशोधनी संख्या. 5 सहित। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) 1) परिमाण- डिब्रुगढ़ टाउन/वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 10000.00 मीटर, 2) परिमाण- न्यू बंगाईगॉव/वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 12800.00 मीटर। पीएल. संख्या. 75613839।

**क्रमिक संख्या 3. निविदा संख्या. 37/24/0551ए/ओटी/254/2024-25**
**बंद/खुलने की तारीख: 08-01-2025**
**संक्षिप्त विवरण:** कांस्टेंट कांटैक्ट पॉल्यूरिथेन साइड वियरर पैड असेमब्ली। डीआरजी. संख्या. आरडीएसओ अनुमोदित ड्रॉयिंग संख्या. एएएल-021101, एएलटी-8 एमएटी स्पेसिफिकेशनः नवंबर 2022 के डब्ल्यूडी-38-एमआईएससी-2004 आरईवी-02 (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम टाइप: गुडस, 1) परिमाण- न्यू बंगाईगॉव/वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 1391 सेट, ii) परिमाण- न्यू जलपाईगुड़ी/जीएसडी, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 347 सेट, पीएल. संख्या. - 38106528।

**क्रमिक संख्या 4. निविदा संख्या. 40/24/0597डी/ओटी/255/2024-25**
**बंद/खुलने की तारीख: 06-01-2025**
**संक्षिप्त विवरण:** डीआरजी संख्या. एन/ए स्पेसिफिकेशन संख्या.ईडीटीएस-105 (आरईवी-ई) संशोधनी-1, 2 एवं 3 अनुसार आरसीएफ ड्रॉयिंग संख्या. एलडब्ल्यू71300 एवं आरडीएसओ ड्रॉयिंग संख्या. आरडीएसओ/पीई/एसपीईसी/एसी/0177 (आरईवी.1) 2013 अनुसार कपलिंग सकेट असेमब्ली कमप्लिट। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम टाइप: गुडस, परिमाण- डिब्रुगढ़ टाउन/वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 45 संख्यक, ii) परिमाण: न्यू बंगाईगॉव/वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 15 संख्यक। पीएल. संख्या. 45150242।

**क्रमिक संख्या 5. निविदा संख्या. 61/24/5325/ओटी/256/2024-25**
**बंद/खुलने की तारीख: 08-01-2025**
**संक्षिप्त विवरण:** वागन/सड़क बाहन पर यथोचित तोर पर लोड किए गए आरडीएसओ डीआरजी संख्या. टी-8746 एवं आईआरएस स्पेसिफिकेशन संख्या. टी-39 अनुरुप (निविदा खुलने की तारीख तक संशोधित अनुसार) मोनो ब्लॉक प्री ट्रेसेड कंक्रिट लाइन श्लीपर के निर्माण एवं आपूर्ति (प्री-टेनशन टाइप) (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी: लागु नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम टाइप: गुडस, i) परिमाण- वरिष्ठ डीईएन/सी/कटिहार, एनएफआर (बिहार) के लिए 137742 संख्यक, ii) परिमाण: डीआरएम/डब्ल्यू/अलीपुरद्वार जंक्शन, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 422329 संख्यक iii) परिमाण: वरिष्ठ डीईएन/सी/लामडिंग, एनएफआर (असम) के लिए 69449 संख्यक iv) परिमाण: डीआरएम/डब्ल्यू/तिनसुकिया, एनएफआर (असम) के लिए 171412 संख्यक v) परिमाण: सीएच.ओएस/जी/इएनजीजी/रंगिया, एनएफआर (असम) के लिए 95086 संख्यक। पीएल. संख्या. - 601600900143।

**क्रमिक संख्या 6. निविदा संख्या. 70/24/0003ए/ओटी/257/2024-25**
**बंद/खुलने की तारीख: 10-01-2025**
**संक्षिप्त विवरण:** एफआईआर पालता सामग्री आकारः 2440 मिलीमीटर × 1220 मिलीमीटर × 3 मिलीमीटर घना सहित डेकोरेटिव थर्मोसेटिंग सिनथेटिक रेजिन बांडेड लैमिनेटेड शीटस। 7 संशोधनी सहित आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या. सी-के514 अनुसार। संशोधनी संख्या. जून 2015 के 1 सहित एवं अगस्ट 2016 के अंतिम संशोधनी 7। आरडीएसओ अनुमोदित सेम्पल कोड एसी_एसपी 02 अनुसार। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम टाइप: गुडस, i) परिमाण- डिब्रुगढ़ टाउन/वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 309 संख्यक, (ii) परिमाण: न्यू बंगाईगॉव/वर्कशॉप/ डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 2875 संख्यक। पीएल. संख्या. 75400250।

**क्रमिक संख्या 7. निविदा संख्या. 37/24/0636/ओटी/258/2024-25**
**बंद/खुलने की तारीख: 13-01-2025**
**संक्षिप्त विवरण:** साइड बियरर पेड असेमब्ली हेतु पॉली रिंगस-3 ड्रायिंग-एएएल-021101। आईटम - 5एम एएलटी-8। एमएटी. स्पेसिफिकेशन-आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या. डब्ल्यूडी-38-एमआईएससी-2004 (आरईवी.2) (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम टाइप: गुडस, i) परिमाण: न्यू बंगाईगॉव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 5991 संख्यक ii) परिमाण: न्यू जलपाईगुड़ी जीएसडी, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 706 संख्यक। पीएल. संख्या. -38106530।

**क्रमिक संख्या 8. निविदा संख्या. 40/24/5427/ओटी/259/2024-25**
**बंद/खुलने की तारीख: 13-01-2025**
**संक्षिप्त विवरण:** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या. 1773549/2023/O/o ईडी/बीएनएस/आरडीएसओ अनुसार 28 एमएम डाया हुक बोल्ट हेतु एम-27 आकार के पुनः व्यवहारयोग्य सेलफ लॉकिंग स्प्रिंग इनसर्टेड स्टील नट सिंगल पिस की आपूर्ति। 01 संख्यक उपर्युक्त बॉक्स रेंच/50 संख्यक नट. स्पेसिफिकेशन का विवरण, एलएन-37.5 एमएम, एसएन-41.0 एमएम, एचएन-22.0 एमएम, बीएन-41.0एमएम, सीएन 47.3 एमएम, फ्लॉटिंग-इलैक्ट्रो-गेलवेनाइजड् या फिर हट-डिप गेलवेनाइजड या फिर निकेल एलोय। एनएएस 3350 वाईब्रेशन परिक्षण प्रमाणपत्र उपर्युक्त ओईएम/अनुमोदित प्रमाणपत्र सहित आवश्यक होंगे। मैकः एसएपीईआर लॉक या फिर उसी प्रकार के। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम टाइप: गुडस, i) परिमाणः एसएसइ/पी.वे/डालखोला (पश्चिमबंगाल) के लिए 500 संख्यक ii) परिमाण-एसएसई/पी.वे/सामसी, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 1500 संख्यक। पीएल. संख्या. 731301690012।

**क्रमिक संख्या 9. निविदा संख्या. 70/24/0476/ओटी/260/2024-25**
**बंद/खुलने की तारीख: 16-01-2025**
**संक्षिप्त विवरण:** नट. संपदा श्रेणी 4.6 के लिए (चार पॉयंट सिक्स) आईएसः 1363-पीटी-III-2002 एवं बोल्ट हेतु स्पेसिफिकेशन. बीआईएस स्पेसिफिकेशन संख्या. स्टील, आईएस-1363, पीटी-1-2002 अनुसार नट सहित बोल्ट एमएस हेक्स हेड एम 16 × 50 (नट हेतु एफपीआर बोल्ट एवं 5 (पाँच)) (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम टाइप: गुडस, i) परिमाण-न्यू बंगाईगॉव/वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 11000 केजीएस। ii) डिब्रुगढ़ टाउन/वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 6000 केजी। iii) परिमाण: पांडु/जीएसडी/एनएफआर (असम) के लिए 400 केजी iv) परिमाण-न्यू जलपाईगुड़ी/जीएसडी, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 19000 केजी, पीएल. संख्या. 73031379।

**नोट:** निविदा सूचना और निविदा प्र पत्रों कि विस्तृत जानकारी के लिए निविदाकर्तागण (www.ireps.gov.in) वेबसाइट पर लॉग ऑन कर सकते हैं। प्रत्याशित बोलीदाताओं ने, जो उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करना चाहते हैं, अगर वे इसी बीच आईआरईपीएस वेबसाइट पर पंजीयनकृत है, तो उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर खुद को लॉग ऑन करना होगा एवं इलैक्ट्रॉनिकैली प्रस्ताव को दाखिल करना होगा। अगर वे आईआरईपीएस में पंजीयनकृत नहीं है तो भारत सरकार के एक्ट 2000 के अधीन अनुमोदित एजेंसी से क्लास -III डिजिटल सिगनेचर प्राप्त करने के लिए और उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करने के लिए उन्हे सलाह दी गई हैं।

**पीसीएमएम, मालीगॉव**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

*मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में*

AP-7511


# अब पंचायतें एआई की मदद से तैयार करेंगी विकास का खाका

एआई फ्रेंडली पंचायत तैयार कर रहे देश के हाईटैक सरपंच सुनील जागलान

देश के कई राज्यों में शुरू किया अभियान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** देश में एआई के इस्तेमाल और भविष्य को लेकर जहां एक बहस छिड़ी हुई है वहीं भारत की पहली हाईटेक पंचायत के संस्थापक एवं ग्राम एसोसिएशन ऑफ भारत के अध्यक्ष सुनील जागलान ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अब पंचायतों तक पहुंचाने का अभियान शुरू किया है। एआई के माध्यम से ग्राम पंचायतें अब जहां अपने गांव के विकास का खाका तैयार कर सकेंगी वहीं गांवों में होने वाली साइबर ठगी के प्रति भी जागरूकता फैलाने में पंचायतें अहम भूमिका निभाएंगी।सुनील जागलान स्वयं भी कम्प्यूटर साइंस से स्नातक हैं ।

सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन के संस्थापक सुनील जागलान इससे पहले देश के कई राज्यों में महिला पंचायतों का आयोजन कर चुके हैं वहीं जींद जिले के गांव बीबीपुर को देश की पहली मॉडल पंचायत बना चुके हैं।

जागलान अब एआई फ्रेंडली पंचायत बनाने का अभियान शुरू करने जा रहे हैं। जागलान के अनुसार ग्राम पंचायत की कार्यवाही लिखने, डॉक्यूमेंटेशन करने, फाइल करने, सीएसआर के लिए पहुंच हासिल करने और जीडीपी का प्लान बनाने में एआई की भूमिका अहम है ।

सुनील जागलान ने बताया कि एआई का युग आ चुका है और हमें इसके सकारात्मक प्रयोग से बेहतर दुनिया बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। भारत में आज भी लगभग 65 प्रतिशत आबादी गांव में रहती है, और सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल 2030 को प्राप्त करने के लिए एआई एक महत्वपूर्ण टूल हो सकता है। जागलान ने बताया कि हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, और उत्तर प्रदेश की कुल पंचायतों में एआई फ्रेंडली ग्राम पंचायत बनाने का काम शुरू हो चुका है।

उन्होंने बताया कि एआई के इस्तेमाल से सरपंच अपने गांव की व्यवस्थित विकास योजनाएं बना सकते हैं। तकनीकी का असर सकारात्मक रूप से इस्तेमाल किया जाए तो वह बेहतर साबित हो सकती है। पंचायतें देश की पहली सरकार होती है का अगर इसकी शुरुआत यहां से की जाए तो गांव स्तर पर एआई क्रांति लाई जा सकती है।

सुनील जागलान ने कहा कि बताया कि उनके बीबीपुर मॉडल ऑफ विमेन एम्पॉवरमेंट एंड विलेज डेवलपमेंट के माध्यम विकसित भारत 2047 बनाने के लिए गांवों को गोद लेकर कार्य किया जा रहा है जहां पर पंचायतों को पहले हमने डिजिटल विलेज बनाया व अब एआई का प्रयोग करना सिखा रहे हैं । हम पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार को भी इसका प्रपोज़ल भेजेंगे ।

गौरतलब है कि सुनील जागलान हरियाणा के जींद जिले के बीबीपुर गांव के सरपंच रहे हैं तथा उन्होंने देश को पहली महिला हितैषी एवं बाल हितैषी और डिजिटल पंचायत दी है। उनको दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिले हैं तथा उनके पंचायती राज पर किए गए कार्य पर बनी डॉक्युमेंट्री फिल्म सनराईज को भी दो राष्ट्रीय फिल्म फेयर पुरस्कार मिले हैं व यह हावर्ड यूनिवर्सिटी में भी दिखाई गई है । उनके पंचायत कार्यो पर ए विलेज नेम्ड बीबीपुर का पाठ आठवीं कक्षा में पढ़ाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ बार उनकी तारीफ कर चुके है। देश के पूर्व राष्टपति प्रणब मुखर्जी जी ने भी उनके कार्यो की प्रशंसा की थी। सुनील जागलान एक दशक से देश भर में पंचायती राज सशक्त करने के लिए कार्य कर रहे हैं ।

## लाइफ स्टाइल में बदलाव कर दिल के रोग से बचा जा सकता है : डा. गुप्ता

**करनाल (शैलेंद्र जैन)।** अमृतधारा माई हॉस्पिटल के हृदय सर्जरी विभाग के मुख्य कार्डिएक सर्जन डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा है कि सर्दियों में लोगों पर ब्रेन हैमरेज और कार्डियक रैस्ट का खतरा मंडरा रहा हैं। उनेंने कहा कि इस सीजन में लाइफ स्टाइल में बदलाव कर इस खतरे से बच सकते है। वह पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि यदि समय पर मैडीकल चैकअप करवाया जाए तो इस खतरे से बचा जा सकता है। उन्होंने 17 सफल हृदय सर्जरी की जिसमे हृदय की बाई पास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी एवं हृदय में छेद की सर्जरी जैसी जटिल सर्जरी शामिल है। इन सर्जरीयों के बाद सभी मरीज़ पूरी तरह स्वस्थ हैं और उनकी स्थिति स्थिर है। उजाला सिग्नस ग्रुप के फाउंडर डायरेक्टर, डॉ. शुचिन बजाज ने बताया कि अमृतधारा माई हॉस्पिटल सब तरह की सुपर स्पेशलिटी मेडिकल सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। करनाल और आसपास के मरीज़ों को पहले इन बीमारियों के लिए दिल्ली या चंडीगढ़ जाना पड़ता था, जिनका उपचार अब करनाल में ही संभव है। अस्पताल की यूनिट हेड, श्रीमती मीनू मल्होत्रा ने इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. संतोष गुप्ता ने अपने अनुभव और नवीनतम चिकित्सा पद्धतियों का उपयोग करते हुए मरीजों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## न्यूज़ ब्रीफ

### गुरुद्वारा साहिब सिंहपुरा में मनाया बलिदान दिवस




**सफीदों (अप्रस/दीवान)।** गुरुद्वारा साहिब सिंहपुरा में भाजपा द्वारा देश, धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु महान बलिदान देने वाले गुरु श्री गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों का बलिदान दिवस वीर बाल दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निगरानी कमेटी के अध्यक्ष स. गुरप्रीत सिंह नत ने की। इस मौके पर उपस्थित गण्यमान्य लोगों ने चारों साहिबजादों को नमन किया। अपने संबोधन में गुरप्रीत नत ने कहा कि भारतीय इतिहास के स्वर्णाक्षरों में अंकित अद्वितीय साहस की यह गौरव गाथा भारतीय समाज को धर्म, नैतिकता और देशभक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करती है। इस कार्यक्रम के उपरांत राजकीय माध्यमिक स्कूल सिंहपुरा में हमारा परिवार की सफीदों इकाई के अध्यक्ष सुखदेव के संयोजन में वीर बाल दिवस पर बच्चों को जर्सियां वितरित की गईं। इस मौके पर रवि थनई, नीरज, प्रवीन, सक्षम भाटिया व अनिल मोदी मौजूद थे।

### आईजी स्कूल में वीरों को याद करके मनाया वीर बाल दिवस



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** इंदिरा गांधी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस के अवसर पर वीरों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा कविता व भाषण की प्रस्तुति के साथ-साथ बाल वीरों की कुर्बानी के गीत भी गाए गए। मंच का संचालन प्राध्यापिका ललिता हरित ने किया। अध्यापिका ज्योति कंसल द्वारा भी वीर शहीदों को नमन किया गया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा नवनीत ने गुरु गोविंद सिंह जी के वीर पुत्रों की शहादत का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए स्वयं के साथ सभी श्रोताओं की आंखों को भी अश्रुपूरित कर दिया। सभा के अंत में मंच संचालिका प्राध्यापिका ललिता हरित ने भावुक होकर स्कूल प्रधानाचार्या को मंच पर आमंत्रित किया। प्रधानाचार्या ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को गुरु गोविंद सिंह जी के साहबजादों की तरह वीर व तेजस्वी बनने के लिए प्रेरित किया।

### मून लाइट स्कूल में मनाई शहीद उधम सिंह जयंती



**कैथल (अप्रस)।** यहां प्रताप गेट स्थित मूनलाइट पब्लिक स्कूल में गुरुवार को शहीद उधम सिंह की जयंती मनाई गई। विद्यालय के एमडी पालाराम सैनी एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने शहीद उधम सिंह की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। पाला राम सैनी ने बताया कि महान क्रांतिकारी उधम सिंह का जन्म 26 दिसंबर 1899 को हुआ था। उधम सिंह ने जलियांवाला बाग नरसंहार कराने वाले जनरल डायर और उसके दो साथियों को इंग्लैंड में जाकर गोली मारी थी जिस पर अंग्रेजों ने अमर शहीद उधम सिंह को फांसी पर लटका दिया था। वे शहीद भगत सिंह के क्रांतिकारी कार्यों से प्रभावित होकर उनके साथ जुड़ गए तथा भगत सिंह जी के राहों पर चलने लगे। वे गदर पार्टी के साथ जुड़े तथा जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लिया और देश के लिए शहीद हो गए। 31 जुलाई 1940 को उधम सिंह को फांसी की सजा दी गई। आज भी उन्हें एक शहीद के रूप में याद किया जाता है। इस अवसर पर भजन गायक हरीश सैनी, तनुज, दीक्षा, कैलाशो, आशा रानी, महक, विशाल भी मौजूद थे।

### छात्राओं को सिखाई टी-शर्ट पर स्लोगन राईटिग की विधा

**कैथल (अप्रस)।** इंदिरा गांधी पीजी महिला महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत ईश्वरीय वंदना के साथ हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना की 100 स्वयं सेविकाओं ने इसके बाद योग क्रियाओं का अभ्यास किया। नशामुक्ति अभियान को गति देने के लिए प्राध्यापिका अरूणा ने छात्राओं को टी-शर्ट पर स्लोगन राईटिग की विधा सिखाई। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान रामबहादुर खुरानिया ने छात्राओं को नशे से होने वाले नुकसान से अवगत करवाया। स्वयं सेविकाओं ने उसके बाद एक दूसरे की टी-शर्ट पर नशामुक्ति के नारे लिखे एवं इनके समाज में प्रदर्शन की जिम्मेदारी ली। इस दौरान स्वयं सेविकाओं ने पोस्टर के माध्यम से सभी को नशे से दूर रहने के लिये प्रेरित किया एवं उनकी प्रर्दशनी भी लगाई। कॉमर्स प्राध्यापिका नंदिता ने अपने व्याख्यान में वीर दिवस के महत्व एवं धर्म रक्षा के लिए गुरू गोविन्द सिंह के परिवार के बलिदान को याद किया।

अधिकतम 20 डिग्री से.
डिग्री से. 11 न्यूनतम
सूर्योदय 7.19 बजे
सूर्यास्त 5.29 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 77,880.00 |
| सैंसेक्स | 78,472.48 |
| अमेरिका | 85.26 |
| कैनेडियन | 59.34 |
| आस्ट्रेलिया | 53.09 |

## न्यूज़ ब्रीफ

### मारपीट व गनप्वाइंट पर धमकाने के मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 34 पुलिस ने मारपीट, बालियां छीनने और गनप्वाइंट की नोक पर धमकाने के मामले में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिनकी पहचान लवप्रीत और जोत के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता पंजाब खरड़ निवासी पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति के साथ सैक्टर 34 स्थित प्राइवेट इमीग्रेशन कंपनी चलाती हैं। बुधवार को सुबह करीब 12 बजे जब दोनों अपने ऑफिस में दाखिल हुए देखा कि उनके स्टॉफ के साथ अन्य कार्यालय का स्टॉफ भी उनके कार्यालय में मौजूद थे। पीड़िता के स्टॉफ वालों से बहसबाजी कर रहे थे।जब दोनों अपने कैबिन में आ गए तो इसी दौरान उनके कैबिन में 7/8 युवक घुस आए। आरोपी लवप्रीत ने अन्य युवकों के साथ मिलकर पीड़िता के पति को जैकेट से पकड़ कर घसीटते और मारपीट करते हुए बाहर ले आए। जब पीड़िता ने अपने पति के बचाव के लिए आगे आई तो आरोपियों ने उसे धक्का मार कर पीछे धकेल दिया। गाली गलौज करने लगे। और पति से मारपीट की। और कानो से दोनों सोने की बालियां छीन ली। जब पीड़िता सहायता के लिए पुलिस के पास गई।जब वह वापिस आई तो आरोपी अपने साथियों के साथ पार्किंग में खड़े थे। उसका रास्ता रोक लिया। धक्का दिया और थप्पड़ मारा। आरोप है कि अपनी जैकेट से पिस्टल निकाल कर पीड़िता पर तान दी। जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ऑटो चालक से लूटमार के मामले में ऑटो सवार आरोपी काबू

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना पुलिस ने ऑटो चालक से लूटमार करने के मामले में ऑटो में सवार आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियो की पहचान डीएमसी के रहने वाले पंकज, गांव धनास के रहने वाले अविनाश, मुल्लापुर मोहाली के रहने वाले संतोष कुमार,के रूप में हुई है।जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता ललित यादव ने पुलिस को बताया कि वह मस्तगढ़ पंजाब ट्यूबल पर रहता है। पीड़ित 23 दिसंबर को पंजाब नंबर ऑटो लेकर धनास स्थित पेट्रोल पंप से गैस दिलवाने आया था। इसी दौरान पीछे से एक ऑटो आया। जिसमे 3/4 युवक थे। पीड़ित को पकड़ कर पेट्रोल पंप की पिछली साइड ले गए। यहां उसके साथ मारपीट कर जबरदस्ती जेब में रखे 5200 रुपए की नकदी छीन ली।और जेब में रखा पर्स निकाल लिया। पर्स में आरसी और आधार कार्ड की फोटोकॉपी और 200 रुपए थे।

### चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की कार्यप्रणाली पर ऑडिट ने खड़े किये कई सवाल

# फिटनेस फीस और रोड टैक्स के गंवाए लाखों

वित्तीय वर्ष 2023-24 का किया गया ऑडिट जिसमें 2021-23 के दौरान की अनियमितताएं भी आई सामने

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा




**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की कार्यप्रणाली पर ऑडिट के दौरान कई सवाल उठाये गये हैं। ऑडिट ने सेक्रेट्री, स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरटी के वित्तीय वर्ष 2023-24 का इंस्पेक्शन किया तो इसमें कई अनियमितताएं व खामियां नजर आई। जिस तरह की खामियां इस बार नजर आई, बीते वित्तीय वर्ष में भी यही सब अनियमितताएं थी जिन्हें ऑडिट ने पिन प्वाइंट तो किया था लेकिन विभाग ने इसमें सुधार करने की कोई कोशिश नहीं की। ऑडिट ने इंस्पेक्शन के दौरान पाया कि 1791 कमर्शियल व्हीकल्स की 2023-24 के दौरान फिटनेस फीस ही वाहन मालिकों ने जमा नहीं कराई जिसकी कुल 10 लाख 82 हजार 800 रुपये राशि बनती है। 2021-23 के दौरान की फिटनेस फीस का भी ऑडिट ने खुलासा किया कि 9 लाख 25 हजार रुपये 1515 व्हीकल्स के लिये ही नहीं गये और यह अभी भी पैंडिंग हैं। इसे बीते समय में भी पिन प्वाइंट ऑडिट की ओर से किया गया था। इस तरह विभाग ने दो साल के दौरान 20 लाख 8 हजार 600 रुपये की फीस गंवा दी और नुकसान झेला। एमवी एक्ट, 1988 के सेक्शन 66 (1) के तहत कोई भी वाहन चालक पब्लिक में ट्रांसपोर्ट व्हीकल के तौर पर नहीं चला सकता अगर व पैसेंजर व गुड्स व्हीकल श्रेणी में परमिट लेता है और रीजनल और स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरटी से काउंटर साइन न हो।

स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरटी के रिकार्ड चैक करने पर पाया गया कि 198 कमर्शियल व्हीकल ने 2023-24 के दौरान फीस जमा नहीं कराई जो 2 लाख 38 हजार 100 रुपये बनती है। 2021-23 के दौरान भी ऑडिट ने 678 वाहन मालिकों द्वारा 6 लाख 79 हजार 280 रुपये न जमा कराने का ऑब्जेक्शन लगाया था जो अभी भी पैंडिंग हैं। यानि कुल मिलाकर 9 लाख 17 हजार 380 रुपये का नुकसान विभाग को इससे हुआ। इतना ही नहीं 238 कमर्शियल वाहनों का 2023-24 के दौरान 10 लाख 29 हजार 600 रुपये का रोड टैक्स नहीं जमा हुआ। 2021-23 के दौरान भी कुल 28 लाख 35 हजार 200 रुपये का रोड टैक्स जमा नहीं हुआ।

### ये तय की है फीस

मोटर व्हीकल एक्ट के सेक्शन 56 प्रावधान है कि फिटनेस सर्टिफिकेट के बगैर वाहन रजिस्टर्ड नहीं हो सकता। मोटर व्हीकल रूल्स, 1989 के रूल 62 (1) के मुताबिक कोई भी रजिस्टर्ड व्हीकल दो साल के लिये रजिस्टर्ड है। इसके बाद हर साल एक तय फीस देकर इसे दोबारा रजिस्टर्ड कराया जा सकता है। विभाग ने मैक्सी-मोटर कैब के लिये 400 रुपये इंस्पेक्शन फीस और 200 रुपये सर्टिफिकेट फीस तय कर रखी है। मीडियम एंड हैवी मोटर व्हीकल जिसमें पैसेंजर व गुड्स व्हीकल दोनों शामिल हैं के तहत 600 रुपये इंस्पेक्शन फीस और 200 रुपये सर्टिफिकेट फीस, थ्री व्हील और लाइट मोटर व्हीकल (पैसेंजर एंड गुड्स व्हीकल) के 400 रुपये और 200 रुपये सर्टिफिकेट फीस शामिल है।

### क्या काम है स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरटी का

स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरटी, यूटी का मुखय कामकाज में कमर्शियल वाहनों का रजिस्ट्रेशन, परमिट इश्यू करना या उन पर काउंटर साइन करना, मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के प्रोविजन लागू करना, चालान की कंपाउंडिंग एवं कलेक्शन ऑफ रेवेन्यू रिसिप्ट शामिल हैं। जिस समयकाल में का यह ऑडिट हुआ उस समय में दानिप्स कैडर के अमित कुमार, आईएएस रुपेश कुमार सेक्रेट्री के पद पर काबिज थे। 2021-22 के दौरान डिपार्टमेंट ने 6400 लाख रुपये का टारगेट रखा था लेकिन उपलब्धि सिर्फ 3061.30 रुपये की हो पाई। इसी तरह 2022-23 के दौरान टारगेट 7,000 लाख का रखा गया था लेकिन उपलब्धि 4,053.55 लाख की हुई। 2023-24 के दौरान टारगेट 4,200 रुपये का रखा गया था लेकिन उपलब्धि 3,962.07 ही हो पाई। यानि विभाग ने जो टारगेट सैट किये उनसे काफी दूर रह गया। इन टारगेटों से दूर रहने की वजहें भी ऑडिट इंस्पेक्शन के दौरान सामने आई।

## स्नेचिंग मामले में आरोपी काबू छीना गया मोबाइल फोन बरामद



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** थाना 39 पुलिस ने मोबाइल फोन स्नैचिंग के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी की पहचान सैक्टर 56 के रहने वाले जसबीर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन बरामंद कर लिया है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। रिमांड के दौरान पुलिस ने मामले को लेकर कई अहम जानकारिया हासिल करनी है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सेक्टर 41 के रहने वाले योगेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह मोहाली से चंडीगढ़ अपने ऑटो में तीन यात्रियों के साथ लौट रहा था। इन यात्रियों ने सेक्टर-56, चंडीगढ़ बस स्टॉपेज के पास ऑटो रोकने को कहा। जब उसने ऑटो रोका, तो यात्रियों में से एक ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और वहां से भाग गया था। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था।

## चंडीगढ़ में लूटपाट करने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार, गैस भराने गए ऑटो ड्राइवर से मारपीट की, कैश-डॉक्यूमेंट छीने

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** चंडीगढ़ में आज पुलिस ने लूटपाट करने वाले 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान पंकज, निवासी डीएमसी, अविनाश उर्फ चेला, निवासी गांव धनास, चंडीगढ़ (स्थायी पता- गांव मोरखी, जिला जींद, हरियाणा); और संतोष कुमार, निवासी गांव मुल्लांपुर, मोहाली, पंजाब के रूप में हुई है।

ये कार्रवाई पुलिस स्टेशन सारंगपुर की टीम ने की है। पुलिस ने ललित यादव, निवासी ग्राम मस्तगढ़, जिला मोहाली की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है।

शिकायत के अनुसार, 23 दिसंबर को ललित यादव देर रात 2.30 बजे धनास स्थित पेट्रोल पंप पर अपने ऑटो (पीबी 65 बीएच 4452) में गैस भराने गया था।

इस दौरान एक अन्य ऑटो (पीबी 65 बीसी 8493) में आए 3 से 4 लड़कों ने उसे पकड़ लिया, पेट्रोल पंप के पीछे ले जाकर उसके साथ मारपीट की और उसका पर्स, जिसमें 5400 रुपए नकद, ऑटो की आरसी की फोटोकॉपी, आधार कार्ड और ऑटो का स्पेयर टायर (स्टेपनी) शामिल था, छीन लिया।

## स्कूलों में वीर बाल दिवस हुए कार्यक्रम, पेंटिंग, निबंध लेखन, कविता, कहानी वाचन प्रतियोगिताओं भी हुई



**पंचकूला, 26 दिसंबर (अप्रस)।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला शिक्षण संस्थानों में वीर बाल दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्कूलों में सुबह की सभा में वीर बाल दिवस मनाने को लेकर स्कूली विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी मुहैया करवाई गई। कुछ स्कूलों में पेंटिंग, निबंध लेखन, कविता, कहानी वाचन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक ने बताया कि जिला के सभी स्कूलों में वीर बाल दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन कर दिवस की विस्तृत जानकारी दी गई। वीर साहिबज़ादों के शहीदी दिवस को हर वर्ष 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीनों बाल देख संस्थान इसमें बाल निकेतन सेक्टर-2, बाल सदन सेक्टर-12ए, आशियाना सेक्टर-16 के बच्चों ने भाग लिया व बाल गृह बाल निकेतन सेक्टर-2, पंचकूला में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान को याद किया गया। इसमें निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग मोनिका मालिक ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने पंचकूला में बाल देख रेख में रह रहे बच्चों को बताया कि आज की युवा पीढ़ी को सिख गुरुजनों और साहिबजादों के द्वारा किये गये बलिदान का अनुसरण करना चाहिए।

## प्रशासन का पक्षपातपूर्ण रवैया गौरवशाली लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के लिए शुभ संकेत नहीं: कांग्रेस

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़ कांग्रेस ने प्रशासन द्वारा लिए जा रहे कई फैसलों के चलते जनता के मन में उठ रहे गम्भीर प्रश्नों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है महत्वपूर्ण मुद्दों से संबंधित कुछ प्रस्तावों से निपटने में यूटी प्रशासन पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहा है। चंडीगढ़ कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजीव शर्मा ने आज यहां कहा कि कुछ महीने पहले जब नगर निगम सदन की बैठक में शहर के निवासियों को 20000 लीटर पानी मुफ्त देने का प्रस्ताव पारित हुआ था, तो तत्कालीन प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने इस जनहितैषी प्रस्ताव का सार्वजनिक मजाक उड़ाते हुए बड़ी जल्दबाजी में इसे खारिज कर दिया था। उन्होंने ऐसा तब किया जब यह प्रस्ताव विचार के लिए उनके समक्ष अभी रखा भी नहीं गया था। संयोग से इस प्रस्ताव के विरोध में प्रशासक द्वारा दिया गया सार्वजनिक बयान भारतीय जनता पार्टी की राय के बिल्कुल अनुरूप था, जो शहर के निवासियों को मुफ्त पानी उपलब्ध कराने के कांग्रेस पार्टी के चुनावी वादे के पूरी तरह खिलाफ थी।

कांग्रेस प्रवक्ता ने आगे कहा कि इसके विपरीत, केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक ने मनोनीत पार्षद अनिल मसीह के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के मामले पर पिछले 10 महीने से कोई निर्णय नहीं लिया है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय इस साल फ़रवरी में भारतीय दंड संहिता की धारा 340 के तहत उनके खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दे चुका है। आज चंडीगढ़ की जनता सोच रही है कि क्या मसीह को केवल इसलिए बचाया जा रहा है कि उन्होंने कांग्रेस-आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में डाले गए मतों से छेड़छाड़ करके भाजपा के उम्मीदवार को मेयर घोषित कर दिया था?

इसी तरह, नगर निगम के सदन ने चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए अक्टूबर 2024 को एक ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित किया, जब उन्होंने गुप्त मतदान के बजाय हाथ उठाकर मेयर के सभी पदों का चुनाव करने के लिए एक टेबल एजेंडा पारित कर दिया था। तब भाजपा पार्षदों ने सदन में इस प्रस्ताव का जोरदार विरोध किया था। शहर के निवासी एक बार फिर यह अनुमान लगाने के लिए स्वतंत्र हैं कि मेयर चुनाव को और अधिक पारदर्शी और ईमानदार बनाने के उद्देश्य से पारित प्रस्ताव पर अब तक प्रशासन दवारा कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि प्रशासन से हमेशा बिना किसी का पक्ष लिए और बिना किसी दबाव में आए केवल गुण दोष के आधार पर फ़ैसले लेने की अपेक्षा की जाती है, क्योंकि यदि इसके विपरीत कुछ भी किया जाता है तो वह देश की गौरवशाली लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के लिए शुभ संकेत नहीं है। कांग्रेस पार्टी ने प्रशासक से तत्काल ऐसे कदम उठाने की अपील की, ताकि यह धारणा न बन सके कि प्रशासन की निर्णय लेने की प्रक्रिया बार बार केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के दबाव में आ जाती है।

## बुजुर्ग को बेटे से खर्चा दिलवाने के लिए पंचायत को दिए निर्देश

**पंचकूला, 26 दिसंबर (अप्रस)।** लघु सचिवालय, एसडीएम कालका और नगर निगम कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित किया गया। उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में लगाए गए शिविर में एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने जिले वासियों की समस्याओं को सुना और उनको प्राथमिकता के आधार पर समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी जिला वासियों से समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने की अपील की। इस मौके पर नगराधीश विश्वनाथ मौजूद रहे। एसडीएम ने एक बुजुर्ग ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस व जिला विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

बुजुर्ग ने अपने बेटे पर खर्चा ना दिए जाने का आरोप लगाया। इस पर एसडीएम ने संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को समस्या का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

### मोहाली में पुलिस पर पत्नी ने कराई एफआईआर, बोली-

## मायके से दहेज लाने को कहता, शराब पीकर मारपीट करता; पति आर्मी से रिटायर्ड

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली, 26 दिसंबर।** मोहाली जिले के खरड़ में हरियाणा पुलिस में एसपीओ के पद पर तैनात बलजीत सिंह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पीड़िता द्वारा पंजाब राज्य महिला आयोग को दी गई शिकायत पर की गई। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़ित महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 2011 में बलजीत सिंह से हुई थी। उनका एक बेटा और एक बेटी है। शादी के बाद से ही बलजीत सिंह मायके से दहेज और पैसे लाने की मांग करता था। जब उसने इसका विरोध किया तो बलजीत, जो शराब का आदी है, गुस्से में आकर उसकी पिटाई करता था।

महिला का कहना है कि बलजीत ने कभी भी बच्चों के खर्चे के लिए पैसे नहीं दिए और मानसिक प्रताड़ना भी देता रहा। 2022 में सेना से रिटायर होने के बाद बलजीत हरियाणा पुलिस में एस.पी.ओ. के पद पर भर्ती हो गया, लेकिन उसका व्यवहार नहीं बदला।

### परेशान होकर घर छोड़ा

पति की ज्यादतियों से तंग आकर महिला खरड़ में अपने माता-पिता के पास रहने लगी। घर छोड़ने के बाद भी बलजीत अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। परेशान होकर उसने महिला आयोग और पुलिस से शिकायत की।

### कुरुक्षेत्र निवासी बलजीत सिंह के खिलाफ केस दर्ज

शिकायत की जांच एस.एस.पी. मोहाली दीपक पारीक के निर्देश पर डी.एस.पी. सिटी खरड़-1 को सौंपी गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर पी.एन.बी. कॉलोनी, कुरुक्षेत्र निवासी बलजीत सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 21 वर्षीय युवती फंदे से लटकी मिली

**पंचकूला, (अप्रस)।** सेक्टर 20 पार्ट-2 स्थित एक घर में 21 साल की युवती कमरे में फंदे पर लटकी हुई मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर युवती को फंदे से नीचे उतार कर सिविल अस्पताल पहुंचाया वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस युवती की मौत को आत्महत्या से जोडक़र मामले की जांच कर रही है। हालांकि पुलिस को मृतका के कब्जे से सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। वहीं परिजनों से पुलिस मौत के कारणों को जानने का प्रयास कर रही है। पुलिस की जांच में सामने आया कि मृतका पिंकी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के छपरा की रहने वाली थी। हाल ही में वह अपने माता-पिता के साथ गांव गई थी। जहां परिजन रुक गए और वह पंचकूला लौट आई। बीते दिन परिजन बेटी को फोन कर रहे थे लेकिन उससे संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद पिंकी का मामा घर गया लेकिन युवती ने दरवाजा नहीं खोला। बताया गया कि मामा ने जब दरवाजा तोड़ा तब पिंकी को फंदे पर लटका हुआ देखकर स्थानीय लोग वहां एकत्र हो गए और पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

## वीर बाल दिवस पर भाजपा ने किया सुखमनी साहब जी के पाठ एवं कीर्तन का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़ 26 दिसंबर।** वीर बाल दिवस के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ की तरफ से स्थानीय सेक्टर 27 स्थित रामलीला ग्राउंड में गुरु ग्रंथ साहब के दरबार सजाये गए। सुखमणि साहब जी का पाठ किया गया तथा कीर्तन करवाए गए। समागम में श्री गुरु ग्रंथ साहब की बीड साहब रामगढ़िया भवन गुरुद्वारा साहब से लाई गई तथा सेक्टर 8 के गुरुद्वारा साहब के रागी जत्थे द्वारा पाठ एवं कीर्तन किए गए ।

प्रसिद्ध प्रवाचक भाई सतवंत सिंह ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी व उनके परिवार द्वारा धर्म की रक्षा के लिए किए गए बलिदान पर प्रकाश डाला व साध संगत को बताया। विशेषकर माता गुजरी जी व चारों सहबजादो की कुर्बानियों को याद करते हुए उनको शीश नवाया। संगत दरबार में के बाद गुरु का लंगर प्रसाद का वितरण किया गया ।

समागम की सफलता में कार्यक्रम के आयोजक देवेंद्र सिंह बबला उनके सहयोगी धर्मेंद्र सिंह सैनी, दीदार सिंह, गुरदीप सिंह अटावा, बलजिंदर सिंह गुजराल, बलविंदर शर्मा का विशेष सहयोग रहा जबकि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय टंडन, भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश जैन, शक्ति प्रकाश देवशाली सहित सभी प्रदेश पदाधिकारीयों, पार्षदों, जिला अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और आम शहर वासियों ने समागम में हाजिरी लगवाई।

देवेंद्र सिंह बबला ने बताया कि लगातार तीसरे वर्ष इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है तथा अगले साल और भी अधिक बहुत ही भव्य कार्यक्रम किया जायेगा।

# सारंगपुर कम्युनिटी सेंटर के नहीं बढ़ेंगे रेट

वार्ड के पार्षद ने उठाया था टेबल प्रस्ताव में मुद्दा

नई पॉलिसी आने तक पुराना रेट ही होगा लागू

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** नगर निगम के वार्ड नं. 15 स्थित सारंगपुर में निर्मित कम्युनिटी सेंटर के बढ़ाये गये किराये वापस लिए गए। यह कार्रवाई नगर निगम चंडीगढ़ की विगत 24 दिसंबर को आयोजित 343वीं मासिक बैठक में संबंधित वार्ड के पार्षद रामचंदर यादव द्वारा उठाये गये सवाल के जवाब में की गई।

बता दें कि उक्त बैठक में 'आप' पार्षद हरदीप सिंह बुटेरला ने निगम से जानना चाहा कि कम्युनिटी सेंटर के रेट बढ़ाने के लिए नगर निगम के किसी संबंधित अधिकारी या पार्षद से पूछताछ की गई थी। उनका कहना है कि रेंट बढ़ाने या कम करने का अधिकार निगम सदन के पास नहीं। फिर उक्त कम्युनिटी सेंटर का रेंट 6 हजार रुपये से बढ़ाकर सीधे 37 हजार कैसे कर दिये गये।

यह चर्चा पार्षद रामचंदर यादव द्वारा सदन में लाये गये टेबल्ड एजेंडा के ऊपर हुई। इसमें अन्य पार्षदों ने भी रामचंदर यादव का समर्थन करते हुए तुरंत रद्द करने की मांग की। इसके बाद सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित कर दिया गया। पार्षद का कहना है कि कुछ माह पूर्व अचानक उनके एरिया के सारंगपुर के कम्युनिटी सेंटर का बुकिंग रेट 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 37 हजार कर दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि इस एरिया में आर्थिक रूप से कमजोर लोग रहते हैं। इसलिए वह इतना रेट नहीं दे सकते। अतः कम्युनिटी सेंटर केरेट कम किए जाने चाहिए।

इस पर निगम आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि उन्ळें कोई आपत्ति नहीं है, अगर कोई बिजली-पानी और कूड़े की सफाई का खर्च दे दे तो वह इसे मुफ्त कर देंगे। इस बीच आम आदमी पार्टी के पार्षद हरदीप सिंह ने खड़े होकर नगर निगम के अधिकारियों से सवाल किया कि यह दाम कब और किसने बढ़ाये, क्योंकि यह तो सदन और एफ एंड सीसी का अधिकार है। किंतु निगम सदन में इससे संबंधित कोई प्रस्ताव नहीं आया, फिर ज्वाइंट कमिश्नर शशि वसुंधरा ने बताया कि पिछले आयुक्त ने फाइल पर यह रेट बढ़ाने की अप्रूवल दी है। इस पर हरदीप सिंह ने कहा कि अचानक ऐसा क्यों किया गया। अधिकरियों का कहना है कि उस कम्युनिटी सेंटर रेनोवेशन किया गया है। साथ ही कहा कि नगर निगम कम्युनिटी सेंटर के लिए नई पॉलिसी तैयार कर रहा है।

### जब-जब रेनोवेशन होगा, रेंट बढ़ेंगे?

पार्षदों ने पूछा कि इसका तात्पर्य यह है कि जब-जब कम्युनिटी सेंटर की रेनोवेशन होगीख तब-तब रेंट बढ़ाये जायेंगे, क्या ऐसा करना नियम के विरुद्ध है। इसलिए यह निर्णय वापस लेना चाहिए। सभी पार्षदों ने इस पर अपनी सहमति जतायी सभी ने हाथ खड़े करके दाम घटाने की बात की। इस पर कमिश्नर ने कहा कि अति शीघ्र कम्युनिटी सेंटर की नई पॉलिसी आ रही है, उस वक्त रेंट पर भी चर्चा करा ली जायेगी। अंततः पार्षदों ने यह प्रस्ताव पारित करा लिया कि जब तक कम्युनिटी सेंटर की नई पॉलिसी तैयार नहीं हो जाती, तब तक सारंगपुर के इस कम्युनिटी सेंटर के रेट नहीं बढ़ाये जायेंगे। पुराने दाम पर ही उसकी बुकिंग की जायेगी।

### मेयर के कहने पर पारित हुआ प्रस्ताव

मेयर ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में जितने भी सामुदायिक केंद्र हैं, उनके रेट कम ही होने चाहिए, क्योंकि वहां आर्थिक रूप से कमजोर लोग रहते हैं। इस पर यह प्रस्ताव पारित कर दिया गया।

सम्पादकीय

## हरियाणा कांग्रेस नेताओं में तकरार का नया दौर

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी ही हार की मुख्य वजह रही है। दरअसल, प्रदेश कांग्रेस के नेता और पार्टी हाईकमान भी इस बात को मानने लगा है। यही वजह है कि प्रदेश कांग्रेस नेताओं को लेकर हाईकमान का रूख जहां सख्त हो गया है वहीं प्रदेश में पार्टी के अंदर के हालात भी हाईकमान संभव है बदलने की जुगत में है। वास्तव में इसकी जरूरत बहुत पहले से थी लेकिन पार्टी हाईकमान के लिए यह दुविधा हो सकती है कि वह आखिर बदलाव करे भी तो क्या। यानी किसे बदल कर किसे आगे लाए। गौरतलब बात यह भी है कि हरियाणा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण के बाद एक सत्र बीत चुका है, लेकिन अभी तक पार्टी हाईकमान ने किसी को भी नेता विपक्ष की जिम्मेदारी नहीं सौंपी है। ऐसा कांग्रेस में पहली बार हो रहा है। बीते दिनों लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की एकाएक चंडीगढ़ यात्रा और प्रदेश के नेताओं से दूरी भी इस तरह की बातों का आधार बन रही है कि हाईकमान को लग रहा है कि अगर प्रदेश में गुटबाजी नहीं होती तो इस बार कांग्रेस यहां सरकार बना चुकी होती। खैर, इन बातों को नया आकार उस समय भी मिल रहा है, जब प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष के बीच तकरार का सिलसिला जारी है। यह सिलसिला उस समय शुरू हुआ था जब एक पक्ष की ओर से यह कहा गया कि चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी का संदेश उन्होंने दूसरे पक्ष को पहुंचा दिया था लेकिन तब भी कार्रवाई नहीं की गई।


> **प्रदेश दीपक बाबरिया की स्थिति लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान काफी चुनौतीपूर्ण रही है। विधानसभा चुनाव के दौरान तो टिकट के चाहवानों की संख्या एक अनार सौ बीमार वाली रही। तब सभी की उम्मीदें बाबरिया से थी कि वे टिकट दिलवाएंगे। हालांकि खुद बाबरिया बेहद दबाव में रहे और आखिर वे अस्पताल में भर्ती हो गए। जाहिर है, कांग्रेस में ऐसी स्थिति नहीं है कि राज्य स्तर के नेता या फिर प्रभारी अपने तौर पर कुछ ऐसा निर्णय लें, इसलिए हाईकमान की तरफ देखना पड़ता है। लेकिन प्रदेश कांग्रेस में नया विवाद तब खड़ा हो गया जब प्रदेश अध्यक्ष की ओर से जिला प्रभारियों की सूची को प्रदेश प्रभारी ने रद्द कर दिया।**

प्रदेश दीपक बाबरिया की स्थिति लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान काफी चुनौतीपूर्ण रही है। विधानसभा चुनाव के दौरान तो टिकट के चाहवानों की संख्या एक अनार सौ बीमार वाली रही। तब सभी की उम्मीदें बाबरिया से थी कि वे टिकट दिलवाएंगे। हालांकि खुद बाबरिया बेहद दबाव में रहे और आखिर वे अस्पताल में भर्ती हो गए। जाहिर है, कांग्रेस में ऐसी स्थिति नहीं है कि राज्य स्तर के नेता या फिर प्रभारी अपने तौर पर कुछ ऐसा निर्णय लें, इसलिए हाईकमान की तरफ देखना पड़ता है। लेकिन प्रदेश कांग्रेस में नया विवाद तब खड़ा हो गया जब प्रदेश अध्यक्ष की ओर से जिला प्रभारियों की सूची को प्रदेश प्रभारी ने रद्द कर दिया। इस पर पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की ओर से कहा गया है कि चुनाव के दौरान कई नेता पार्टी छोड़ कर चले गए और अब उस सूची को अपडेट करना जरूरी था। बेशक, ऐसा करना जरूरी है, लेकिन यह विषय सभी के लिए उत्सुकता का है कि आखिर प्रदेश अध्यक्ष की सूची को प्रदेश प्रभारी ने रद्द कर दिया। यानी उन्हें उस सूची पर भरोसा नहीं था, या फिर यह माना जाए कि इसे उन्हें विश्वास में लिए बगैर जारी किया गया। दरअसल, प्रदेश कांग्रेस के अंदर जितने नेता हैं, उतनी है बातें हैं। बीते दिनों में पूर्व मंत्री बीरेंद्र सिंह और प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के बीच शाब्दिक बाण चलते हुए नजर आए थे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने यह जरूरी समझा कि वे बीरेंद्र सिंह की बातों का जवाब दें, हालांकि बीरेंद्र सिंह ने क्या बात कही थी, उस पर अमल की जरूरत नहीं समझी गई। लोकतंत्र के नाम पर कांग्रेस में दर्जनों गुट सक्रिय हैं और प्रत्येक गुट खुद को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनते देखना चाहता है। क्या ऐसा संभव है। इस बीच कांग्रेस की ओर से यह भी दावा किया जा रहा है कि उसका वोट प्रतिशत भाजपा के बराबर है। बेशक, इस तरह के दावे अपनी जगह हैं, लेकिन जिसके पास संख्या बल है, वही सरकार बनाता है। तब यह बात भी गौर करने लायक हो जाती है कि आखिर कांग्रेस जब लगभग जीत की अवस्था में थी और उसके लिए पूरे प्रदेश में माहौल बन चुका था, उसके बावजूद वह हार गई। क्या पार्टी के नेताओं को अपनी दलित नेता के प्रति कही गई बातों और दूसरे कारणों पर गौर नहीं करना चाहिए जिन्होंने मतदाता का मन मोड़ दिया। मालूम हो, प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने खुद कहा है कि दस से प्रंदह सीटें गलत बांटी गई, जिनकी वजह से पार्टी की हार हुई। पार्टी नेताओं ने एक और शिगूफा यह छोड़ा था कि चुनाव से पहले ईवीएम में गड़बड़ का प्रदेश प्रभारी को तथाकथित मैसेज आया था, जिस पर उन्होंने एक्शन नहीं लिया। हालांकि अब प्रभारी कह रहे हैं कि उन्होंने इस मैसेज को प्रदेश अध्यक्ष को भेज दिया था और उन्हें ही कार्रवाई करनी चाहिए थी। वास्तव में प्रदेश अध्यक्ष की ही यह जिम्मेदारी बनती थी कि अगर ऐसा हो रहा था तो वे कार्रवाई करते और पार्टी के बड़े नेताओं को इसकी सूचना देते। प्रदेश कांग्रेस को इस पर विचार करना चाहिए कि क्या गुटबाजी और एक-दूसरे से लड़कर क्या बड़ी कामयाबी हासिल की जा सकती है। हाईकमान के लिए यह कदम उठाना जरूरी है कि वह प्रदेश संगठन को तैयार करने पर काम करे और यह भी आवश्यक है कि संगठन अनुशासित और लयबद्ध होकर चले।

# सरकार के अपनों ने ही निकाली सुशासन की हवा

**दैनिक अर्थ प्रकाश**





वर्ष 2014 से देश भर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। देश मेंजनता के प्रति सरकार व प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सुशासन दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया गया और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को गरिमा पूर्ण तरीके से याद किया गया। इस अवसर पर जहां देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए, वहीं हरियाणा में भी राज्यस्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ जिला स्तर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में आयोजित एक कार्यक्रम में तीन राज्य स्तरीय, छह राज्य प्रमुख योजनाओं और जिला स्तरीय सुशासन पुरस्कार प्रदान किये। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा ध्यान रखना है कि जब भी कोई व्यक्ति सरकारी कार्यालयों में आकर अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रखता है तो उस की समस्या को संवेदनशीलता से समझें और उसका प्राथमिकता के साथ निपटारा करें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा लिखित रूप में दी गई शिकायत महज एक कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि उसके दर्द का निचोड़ है, इसलिए अधिकारी उसी कागज के पीछे की कहानी को समझें। मुख्यमंत्री ने तो अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देकर बहुत बेहतरीन ढंग से अपना फर्ज अदा किया और अधिकारियों की पीठ भी थपथपाई। सुशासन दिवस के अवसर पर ही पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने भी पंचकूला में आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में उत्तम सेवा मेडल प्राप्त करने वाले 144 अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बेहतर सुशासन का संदेश दिया।

इसी क्रम में कैथल में भी सुशासन दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जहां हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने जिला स्तरीय सुशासन पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने दो दर्जन से भी अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित किया और पुरस्कार प्रदान किए।

साथियों कैथल में आयोजित इसी जिला स्तरीय कार्यक्रम में पुंडरी से भाजपा विधायक सतपाल जांबा भी उपस्थित थे। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण की उपस्थिति में ही जिला में अवैध रूप से चले शराब के खुर्दे ,अधिकारियों की कार्यप्रणाली और स्कूलों में शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाकर सुशासन दिवस कार्यक्रम की हवा निकाल दी। सतपाल जांबा यही नहीं रुके, बल्कि उन्होंने सुशासन सिस्टम पर डायरेक्ट अटैक किया और कहा कि यह कैसा सुशासन है। उनका कहना था कि वे प्रशासन को 20 व्यक्तियों के नाम दे चुके हैं ,जो नशा बेचने का काम करते हैं। इससे युवाओं की जवानी खत्म हो रही है और पुलिस है कि आरोपियों को सुबह पकड़ती है और शाम को छोड़ देती है। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और कहा कि पुलिस बेहतर जानती है कि नशा बेचने वाला अपनी दुकान पर नशा नहीं रखेगा। वह इधर-उधर छिपकर ही नशा बेचने का कारोबार लगातार करता रहता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने विधायक को बीच में ही टोका और चुप रहने के लिए भी कहा, लेकिन विधायक सतपाल जांबा प्रशासन के प्रति अपनी भड़ास निकालते रहे। उन्होंने स्कूल शिक्षा के सिस्टम पर तो जबर्दस्त प्रहार किया और कहा कि स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। उन्होंने कार्यक्रम में ही विस्तृत ब्योरा रखते हुए यह भी कहा कि उनके हल्के पुंडरी में 115 स्कूल हैं। हल्का में कोई भी ऐसा स्कूल नहीं है जहां शिक्षक पूरे हों। हल्का के ढांड स्कूल का उदाहरण दिया,जहां 500 के करीब छात्र हैं और मात्र पांच सरकारी शिक्षक हैं। कैसे कहेंगे कि यह गुड गवर्नेंस है।

इसके अलावा यमुनानगर में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में जहां प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री कृष्ण कुमार बेदी जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इसी कार्यक्रम में एक फरियादी ने टोल प्लाजा नाके को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया और अपनी शिकायत बताई। शिकायतकर्ता ने बैठक में ही पुलिस व सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और कहा कि इस बारे में न पुलिस काम कर रही है ,न सरकार काम कर रही है। इसके बाद क्या था कि मंत्री भड़क गए और मंत्री जी फरियादी को सरकार की योजनाएं गिनवाकर अपने शब्द वापस लेने पर दबाव डालते रहे।

मंत्री महोदय द्वारा फरियादी की शिकायत का निवारण करना तो दूर की बात, उल्टा फरियादी को डांट डपटकर चुप करवाया गया। यह कैसा सुशासन दिवस हो सकता है, जहां आम जनता के साथ-साथ अपनी ही सरकार के विधायक, सरकार और प्रशासन की कार्य प्रणाली पर निरंतर सवाल उठा रहे हैं। ऐसे में सरकार सुशासन दिवस पर द्वारा दिया गया सुशासन का संदेश आम जनता में कितना सार्थक हो सकता है।

**-सतीश मेहरा**

### अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

## ढांचा गिराने की योजना संघ के एक नेता ने बनायी थी

नागपुर।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेतृत्व की विश्वास में न लेते हुए अयोध्या के विवादास्पद ढांचा को ध्वस्त करने की पूरी योजना संघ के ही एक अति महत्वपूर्ण नेता ने बनायी थी। उस पर सफलतापूर्वक अमल उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के सहयोग से किया गया, ऐसा आरोप है। अयोध्या की घटना के बाद सरसंघचालक वाला साहब देवरस ने उसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य बताया और इस पर बेहद नापसंदगी व्यक्त की थी। इसके बाद संघ पदाधिकारियों में यह योजना किसकी थी। इस पर दबी दबीचर्चा होने लगी। इसी के बाद एक महत्वपूर्ण नेता की ओर उंगली उठायी जा रही है।इस योजना के सूत्रधार नेता ने अब तक अनेक जिम्मेदारी वाले पदों पर काम किया है और अयोध्या विवाद पर काम किया है और अयोध्या विवाद पर जब सभी संबंधित पक्षों से चर्चा हुई, उस समय इस नेता ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, ऐसा बताया जा रहा है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार ढांचा गिराने की योजना बनाने के बाद यह नेता काफी दिनों तक उत्तर प्रदेश में रहे और इस बीच श्री कल्याण सिंह पर अप्रत्यक्ष दबाव लाकर उन्हें गुमराह किया। कारसेवा के दिन विवादाग्रस्त ढांचे तक पहुंचने से केंद्रीय रिजर्व बल के जवानों को कार्यकर्ताओं की श्रृंखला बना कर किस तरह रोका गया, उससे इसके पीछे निश्चित योजना होने का संदेह अयोध्या से लौटे अनेक कारसेवकों ने व्यक्ति किया। इसी तरह बताया जा रहा है कि दो गूंबद गिरा कर नीचे रामलला की प्रतिमा रखने की योजना भी पहले से ही बना ली गयी थी।

### धवन की चुप्पी से मुसलमानों में रोष

चंडीगढ़। कल शाम इत्तेहादुल मुस्लमीज वेलफेयर कमेटी डड्डूमाजरा की एक बैठक में अयोध्या के दुखदाई हादसे पर चंडीगढ़ के नेताओं की मुस्लिम समुदाय के प्रति व्यवहार की समीक्षा की गई। प्रधान अबुल खैर ने एक प्रेस बयान में बताया कि यहां कि मुस्लिम समुदाय को नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनोद शर्मा और सजपा नेता हरमोहन धवन पर कुछ भरोसा था परन्तु इन दोनों ने भी चुप्पी साध ली। कांग्रेस अध्यक्ष श्री शर्मा को चुप रहना नहीं चाहिए क्योंकि उनकी पार्टी इस कांड में बराबर की भागीदारी थी परन्तु हरमोहन धवन की चुप्पी ने उनके मुस्लिम कार्यकर्ताओं को न केवल हिला कर रख दिया है बल्कि मुसलमानों को सोच समक्ष कर ही अपना रास्ता चुनने के लिए मजबूर किया है।

### ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1797- उर्दू-फारसी के प्रख्यात कवि मिर्जा ग़ालिब का जन्म हुआ।
1861- कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहली बार चाय की सार्वजनिक बोली संपन्न हुई।
1911- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता (अब कोलकाता) अधिवेशन के दौरान पहली बार 'जन गण मन' गाया गया।
1934- पर्शिया के शाह ने पर्शिया का नाम बदलकर ईरान करने की घोषणा की।
1937- भारत के राजनेता तथा हिन्दी साहित्यकार शंकर दयाल सिंह का जन्म हुआ।
1939- तुर्की में आये भूकंप से लगभग चालीस हजार लोगों की मौत हुई थी।
1942- परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक लांस नायक अल्बर्ट एक्का का जन्म।
1945- वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए विश्व बैंक की स्थापना की गई।
1949- नीदरलैंड ने आधिकारिक रूप से इंडोनेशिया की स्वतंत्रता को स्वीकार किया।
1960- फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया।
1961- बेल्जियम और कांगो के बीच राजनयिक संबंध बहाल हुए।
1965- बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान का जन्म हुआ था।
1968- चंद्रमा की परिक्रमा करने वाला पहला मानव मिशन अपोलो-8 प्रशांत महासागर में उतरा।
1972- उत्तरी कोरिया में नया संविधान प्रभाव में आया।
1975- झारखंड के धनबाद जिले स्थित चासनाला में हुए कोयला खदान दुर्घटना में 372 लोगों की मौत।
1979- सोवियत सेना ने अफगानिस्तान पर हमला किया था।
2001- भारत-पाक युद्ध रोकने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका एवं रूस सक्रिय; लश्कर-ए-तोइबा ने अब्दुल वाहिद कश्मीरी को अपना नया प्रमुख नियुक्त किया।
2002- 'ईव' नामक पहले मानव क्लोन ने संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्म लिया था।
2004- भारत ने तीसरे और अन्तिम वनडे में बांग्लादेश को हराकर श्रृंखला 2-1 से जीती।
2007- रावलपिंडी के पास पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की गोली मारकर हत्या।
2008-वी. शान्ताराम पुरस्कार समारोह में तारे ज़मीं पर को सर्वश्रेष्ठ फ़ल्मि का पुरस्कार मिला था।
2013- बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता फ़ारुख़ शेख़ का निधन हुआ था।
2020- प्रसिद्ध भारतीय नृत्य इतिहासकार, विद्वान और आलोचक सुनील कोठारी का निधन हुआ था।

### बोल ब्यूटीफुल



**अखिलेश शर्मा:** इजरायल में सरकार और विपक्ष में कोई मतभेद नहीं, बल्कि जवाबी कार्रवाई को लेकर विपक्ष सरकार से भी ज्यादा आक्रामक दिख रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री नेफ्टाली बेनेट तो यहां तक कह रहे है कि पश्चिम एरिया का चेहरा बदलने का पिछले पचास साल में कभी ऐसा मौका नहीं आया, जो अब आया है।

**दीप हलदर:** शेख मुजीब की बायोपिक श्याम बेनेगल की अंतिम फिल्म थी, जिसका भारत और बांग्लादेश ने संयुक्त रूप से निर्माण किया था। मैं उस फिल्म का आलोचक रहा लेकिन, बांग्लोदश में इस समय इतिहास को बदल देने की जा सनक सवार है, उसे देखते हुए बेनेगल की फिल्म आने वाले समय में एक सशक्त दस्तावेज के रूप में गिनी जाएगी।

**शिव कांत:** संयुक्त राष्ट्र कितना बड़ा मजाक बन चुका है, उसकी ताजा मिसाल यह है कि इजरायल ने यूएन महासचिव गुटेरस के इजरायल प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। रूस पिछले तीन साल से यूएन चार्टर को धता बताकर यूक्रेन पर हमला और कब्जा किए हुए है। इजरायल गाजा और लेबनान के नाश में लगा है। सब वीटोशाही का नतीजा है।

## सतरंगी पर्दा

# आयुष्मान खुराना हीरो होंगे सूरज बड़जात्या की फिल्म के

### आयुष्मान को मिली नई फिल्म



चंडीगढ़ की शान फिल्म अभिनेता आयुष्मान खुराना अब निर्देशक सूरज बड़जात्या की फिल्म के हीरो होंगे। 'मैंने प्यार किया', 'हम आपके हैं कौन' और 'विवाह' जैसी पारिवारिक मनोरंजक फिल्मों के निर्माता सूरज बड़जात्या को अपनी आगामी फिल्म के लिए नया 'प्रेम' मिल गया है। सलमान खान ने बड़जात्या की कई फिल्मों में प्रेम के किरदार को अमर कर दिया था। अब बड़जात्या की अगली फिल्म में यह प्रतिष्ठित भूमिका निभाने के लिए अभिनेता आयुष्मान खुराना को साइन किया गया है ।

आयुष्मान फिल्म निर्माता सूरज बड़जात्या की अगली पारिवारिक रोमांटिक फिल्म के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वे फिल्म की स्क्रिप्ट से प्रभावित हैं और बड़जात्या के साथ काम करने के लिए उत्सुक भी हैं। बड़जात्या अपनी आगामी पारिवारिक ड्रामा फिल्म के लिए एक नए चेहरे की तलाश में थे, जिन्होंने पहले सलमान खान, शाहिद कपूर और सोनू सूद को अपनी फिल्मों में प्रेमी के रूप में दिखाया है।

बड़जात्या किसी ऐसे व्यक्ति को कास्ट करना चाहते थे, जिसकी छवि पारिवारिक दर्शकों के साथ जुड़ सके और बड़े पर्दे पर नए जमाने के %प्रेम% का किरदार निभाने के लिए आयुष्मान खुराना से बेहतर कौन हो सकता है? दोनों की जोड़ी अच्छी बन गई है और आयुष्मान को वह दुनिया बहुत पसंद आई है, जिसे सूरज बड़जात्या अपनी अगली फिल्म के साथ बना रहे हैं। इस शीर्षकहीन फिल्म की शूटिंग 2025 की गर्मियों में शुरू होने की उम्मीद है।

### यामी गौतम फिर काम पर



चंडीगढ़ की कुड़ी फिल्म अभिनेत्री यामी गौतम ने 10 मई, 2024 को अपने बेटे वेदाविद को जन्म दिया था उन्होंने मां की जिम्मेदारियों को संभालने के लिए पिछले कुछ महीनों के दौरान अपने निजी जीवन को मीडिया से दूर रखा। वह सोशल मीडिया पर भी कम एक्टिव थीं, लेकिन फिर यामी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शहर में एक इवेंट में भाग लेते हुए एक पोस्ट शेयर किया।

पोस्ट में यामी फोटो में अंजना बोहरा द्वारा डिज़ाइन किया गया एथनिक रेड आउटफिट और झुमका पहने नजर आ रही हैं। लाइट मेकअप और खुले बालों में उन्होंने अपने लुक को सिंपल रखा था। इस लुक में एक्ट्रेस बला की खूबसूरत लग रही थी। तस्वीर के कैप्शन में, अभिनेत्री ने खुलासा किया कि उन्होंने अपने शॉर्ट मैटरनिटी ब्रेक के बाद फिर से काम शुरू कर दिया है।

यामी ने अपना करियर एक मॉडल के रूप में शुरू किया था और 'चांद के पार चलो' सीरियल के साथ टीवी में कदम रखा था। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत कन्नड़ फिल्म, 'उल्लास उत्साह' से की और बाद में उन्हें 'विक्की डोनर' में लीड रोल मिला। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। तब से, उन्होंने 'बदलापुर', 'सनम रे', 'उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक', 'भूत पुलिस', 'चोर निकल के भागा' और अन्य फिल्मों में दमदार अभिनय किया है। एक्ट्रेस आखिरी बार 'आर्टिकल 370' में नजर आई थीं।

### 'बॉर्डर 2' की शूटिंग शुरू



पंजाबी पुत्त सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। सनी देओल एक बार फिर भारतीय सेना के सैनिक के रूप में लौटने के लिए तैयार हैं। साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर' उस समय एक बड़ी हिट साबित हुई थी। अब इसके सीक्वल का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। आखिरकार यह इंतजार 29 साल बाद पूरा होने जा रहा है।

फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। सनी देओल इस फिल्म में मुख्य भूमिका में होंगे। इसके अलावा वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और आहान शेट्टी जैसे नए कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा बनेंगे। शूटिंग के दौरान फिल्म की टीम ने सेट से एक तस्वीर साझा की, इसमें क्लैपबोर्ड पकड़े हुए एक शख्स का हाथ नजर आ रहा है।

'द बॉर्न आइडेंटिटी' जैसी फिल्म के एक्शन सीन को कोरियोग्राफ कर चुके हॉलीवुड के मशहूर एक्शन कोरियोग्राफर निक पॉवेल 'बॉर्डर 2' के युद्ध एक्शन सीन डिजाइन करेंगे। वह 'द मम्मी' (1999) और भारतीय फिल्म 'आरआरआर' (2022) में भी काम कर चुके हैं।

देशभक्ति और साहस के परिपेक्ष्य में बन रही 'बॉर्डर 2' फिल्म में जबर्दस्त एक्शन, रोमांचक ड्रामा और भावनात्मक गहराई दर्शकों को देखने को मिलेगी। इस फिल्म को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म 2026 में गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज होगी।

### मृणाल ठाकुर 'डकैत' में



हिमाचली कुड़ी फिल्म अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'डकैत' की शूटिंग पूरी कर ली है। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर उन्होंने अपनी एक मोनोक्रोम तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में उन्हें अपनी वैनिटी वैन में मेकअप करवाते हुए देखा जा सकता है। 17 दिसंबर को यह बात सामने आई थी कि मृणाल आगामी फिल्म 'डकैत' में अभिनेता अदिवी शेष के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। यह एक्शन ड्रामा फिल्म शेनिल देव के निर्देशन में बन रही है।

यह एक गुस्सैल अपराधी की कहानी है, जो अपनी पूर्व प्रेमिका से बदला लेने की योजना बनाता है, जिसने उसे धोखा दिया था। सुप्रिया यारलागड्डा द्वारा निर्मित और सुनील नारंग द्वारा सह-निर्मित इस प्रोजेक्ट की शूटिंग हिंदी और तेलुगु भाषाओं में एक साथ की जा रही है। निर्देशक ने कहानी और पटकथा पर अदिवी शेष के साथ मिलकर काम किया है। वर्तमान में हैदराबाद में इसका प्रोडक्शन चल रहा है, जिसमें महाराष्ट्र में भी एक व्यापक शूटिंग शेड्यूल की योजना है।

मृणाल का कहना है, 'फिल्मों में मैं जिस किरदार को निभाने जा रही हूं, वह मुझे एक ऐसे किरदार को निभाने का मौका देगा, जो मैंने एक कलाकार के तौर पर पहले कभी नहीं निभाया है। 'डकैत' की कहानी दर्शकों के लिए देखने लायक है।'

### छोले-भटूरे तलाशती नजर आईं भूमि



हरियाणा में रोहतक की भांजी अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने हाल ही में एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे दिल्ली की सड़कों पर छोले-भटूरे तलाशती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर शेयर की गई वीडियो में उन्हें दिल्ली की सड़कों पर घूमते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में वे दिल्ली के मशहूर छोले-भटूरे तलाशती नजर आ रही हैं।

वीडियो में, भूमि पेडनेकर को यह कहते हुए सुना जा सकता है, 'मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि मैं एक बार फिर भोजन की तलाश में दूसरे शहर की सड़कों पर हूं। मुझे लगता है कि मैं 10 साल बाद निरुला आई हूं। मुझे छोले-कुलचे चाहिए, लेकिन मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि वे यहां उपलब्ध नहीं हैं।' फिर वीडियो में छोले-कुलचे नहीं मिलने पर वह नाराज दिख रही हैं। वह कहती हैं, 'हमारे पास समय नहीं है, हमें वास्तव में इसे लेने जाना है।'

भूमि के करियर पर नजर डाले तो उन्हें पिछली बार मुजफ्फरपुर आश्रय मामले पर आधारित नेटफ्लिक्स क्राइम थ्रिलर 'भक्षक' में देखा गया था। इस शो में संजय मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव और साई ताम्हणकर भी थे।

### निक्की तम्बोली पंजाबी फिल्मों में



बिग बॉस 14 की पूर्व प्रतियोगी निक्की तंबोली पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। वह जल्द ही फिल्म 'बदनाम' के आइटम सॉन्ग में नजर आएंगी। यह फिल्म फरवरी में रिलीज होने वाली है। निक्की ने कहा, 'मैं 'बदनाम' का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हूं। यह एक ऐसा गाना है, जो आपको उठकर नाचने पर मजबूर कर देगा और मैं इतनी शानदार टीम के साथ काम करने का मौका पाकर बहुत आभारी हूं।'

निक्की हमेशा से ही कुछ नया करने की तलाश में रहती है और 'बदनाम' इसी का एक और उदाहरण है। निक्की तंबोली ने गाने पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, 'मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रशंसकों को यह गाना उतना ही पसंद आएगा, जितना मुझे इस गाने पर काम करने में मजा आया।' इस गाने को सुनिधि चौहान ने अपनी आवाज दी है। 'बदनाम' जय रंधावा, जैस्मीन भसीन और मुकेश ऋषि अभिनीत एक रोमांटिक ड्रामा है।

**रिपोर्ट: सुमित्रा**

# सफला एकादशी व्रत से होते हैं सभी संकट दूर



हिन्दू धर्म में सफला एकादशी का खास महत्व है। इस तिथि को भगवान विष्णु और धन की देवी लक्ष्मी जी को प्रसन्न करने और उनकी कृपा पाने के लिए शुभ माना जाता है।

सफला एकादशी तिथि को भगवान विष्णु और धन की देवी मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए शुभ माना जाता है। हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर व्रत किया जाता है। साथ ही विशेष चीजों का दान किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इन कामों को करने से व्यक्ति को जीवन के दुख और संकट से छुटकारा मिलता है। साथ पुण्य की प्राप्ति होती है। पौष माह के कृष्ण पक्ष में सफला एकादशी व्रत किया जाता है। सफला एकादशी का व्रत इस बार गुरुवार, 26 दिसंबर को रखा जाएगा। यह व्रत मुख्य रूप से भगवान विष्णु को समर्पित है। इसलिए इस दिन विधि-विधान से भगवान श्रीहरि के साथ-साथ मां लक्ष्मी की उपासना की जाती है।

पंचांग के अनुसार, सफला एकादशी के पारण का समय 27 दिसंबर को सुबह 07 बजकर 15 मिनट से लेकर 09 बजकर 20 मिनट तक है। इस मुहूर्त के दौरान एकादशी व्रत का पारण किया जा सकता है।

इस तिथि पर चावल का सेवन वर्जित है, भले ही आप व्रत न रहें। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आदिशक्ति के क्रोध से बचने के लिए महर्षि मेधा ने शरीर का त्याग कर दिया था। उसके बाद उनका अंश धरती में समा गया। जिस दिन उनका अंश पृथ्वी में समाया उस दिन एकादशी तिथि थी। माना जाता है कि इसके बाद उन्होंने चावल और जौ के रूप में उत्पन्न हुए इसलिए इस दिन चावल नहीं खाना चाहिए।

सफला एकादशी पर सुकर्म योग बन रहा है। ज्योतिष में इस योग को विशेष शुभकारी माना गया है। पंडितों के अनुसार इस योग में भगवान विष्णु की पूजा करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है। साथ ही हर प्रकार के कार्यों में सफलता मिलने की संभावना बढ़ जाती है। पंचांग के अनुसार, सफला एकादशी के दिन सुकर्मा योग का समापन रात 10 बजकर 24 मिनट पर होगा।

पौराणिक कथा के अनुसार, राजा महिष्मान के 4 पुत्र थे। उनमें से एक पुत्र बेटा दुष्ट और पापी था। साथ ही बुरे काम करता था, जिसकी वजह से उसे राजा ने नगर से निकाल दिया। इसके बाद वह जंगल में रहकर मांस का सेवन करता था। वह एकादशी के दिन जंगल में संत की कुटिया पर पहुंच गया, तो उसे संत ने अपना शिष्य बना लिया, जिसके बाद उसके चरित्र में बदलाव आया। संत के कहने पर उसने एकादशी व्रत किया और फिर संत ने लुम्पक के पिता महिष्मान का वास्तविक रूप धारण किया। इसके बाद लुम्पक पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर सफला एकादशी का व्रत विधिपूर्वक करने लगा।

**सफला एकादशी पर ऐसे करें पूजा:** पंडितों के अनुसार सफला एकादशी के दिन सुबह उठकर स्नान पश्चात स्वच्छ वस्त्र धारण करें और भगवान विष्णु का ध्यान लगाएं और व्रत का संकल्प लें। इस दिन पीले रंग के वस्त्र धारण करना बेहद शुभ होता है। एकादशी के व्रत का संकल्प लेने के बाद मंदिर की सफाई करके गंगाजल का छिड़काव किया जाता है। पूजा करने के लिए भगवान विष्णु के समक्ष चंदन, फल और तुलसी दल अर्पित किया जाता है। धूप और दीप जलाने के बाद भगवान विष्णु को तिलक लगाया जाता है। इस दिन तुलसी माता की पूजा करना भी बेहद शुभ होता है। तुलसी पूजा के लिए तुलसी पर गंगाजल अर्पित किया जाता है। तुलसी माता को लाल चुनरी चढ़ाई जाती है, उनके समक्ष घी का दीपक जलाया जाता है और मां तुलसी को रोली, सिंदूर और चंदन के साथ ही नेवैद्य चढ़ाते हैं. अब तुलसी चालीसा का पाठ करके आरती की जाती है। सफला एकादशी पर भगवान विष्णु के मंत्र पढ़ना, विष्णु चालीसा का पाठ करना और आरती करना बेहद शुभ होता है। भगवान विष्णु को खीर या मिठाई का भोग लगाया जा सकता है।

### सफला एकादशी की पूजा में जरुर करें इन मंत्रों का जप, मिलेगा लाभ

- ऊँ श्री त्रिपुराय विद्महे तुलसी पत्राय धीमहि तन्नो: तुलसी प्रचोदयात
- ऊँ तुलसीदेव्यै च विद्महे, विष्णुप्रियायै च धीमहि, तन्नो वृन्दा प्रचोदयात
- ऊँ श्री विष्णवे च विद्महे वासुदेवाय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रचोदयात
- ऊँ अं वासुदेवाय नमः
- ऊँ आं संकर्षणाय नमः
- ऊँ अं प्रद्युम्नाय नमः
- ऊँ अः अनिरुद्धाय नमः
- ऊँ नारायणाय नमः
- ओम नमो भगवते वासुदेवाय नमः

# सच्चे मित्र की आवश्यकता भी जीवन की प्रमुख जरूरत: मुनिश्री विनय कुमार जी



**चंडीगढ़।** मित्र ही संसार में सबसे हितैषी, संवेदनशील, सच्चा सहायक, हमदर्द और दुख-सुख का साथी होता है। सच्चे मित्र के संपर्क में आने से व्यक्ति अपने बड़े से बड़े दुख को भूल जाता है। शाम शर्मा ने कहा मित्र साहस उत्साह के लिए प्रेरक का काम करता है। वह शुभचिंतक तथा मुसीबत से बचाने वाला होता है। मित्रता के अनेकों लाभ है परंतु यह तभी संभव है जब मित्र सच्चा, निस्वार्थ निष्कपट हो। वह व्यक्ति वाकई भाग्यशाली होता है जिसे सच्चा, निष्छल मित्र मिल जाए। एसएल लाटका ने कहा जिस व्यक्ति को सच्चा मित्र मिल जाए वह हर मुसीबत का सामना आसनी से कर सकता है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन में संबोधित करते हुए कहे।

मनीषी संत ने आगे कहा मानव की प्रतिष्ठा में ही धर्म की प्रतिष्ठा है। कोई भी धर्म श्रेष्ठ और महान हो सकता है, लेकिन मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं हो सकता। स्वामी विवेकानंद मानव धर्म को ही सवरेपरि समझते थे। वे बेलूर में रामकृष्ण परमहंस मठ की स्थापना के लिए धन एकत्र कर रहे थे। इसके लिए जमीन पहले ही खरीदी जा चुकी थी। उन्हीं दिनों कोलकाता में प्लेग की महामारी फैल गई। स्वामी जी ने तुरंत मठ निर्माण की योजना टाल दी और एकत्रित धनराशि से रोगियों की सेवा करने लगे। किसी ने उनसे पूछा, अब मठ का निर्माण कैसे होगा? इस समय मठ निर्माण से अधिक मानव सेवा की आवश्यकता है। मठ तो फिर बन सकता है, लेकिन गया हुआ मानव हाथ नहीं आएगा।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया सच्चा मित्र साहस उत्साह के लिए प्रेरक का काम करता है वह मुसीबत से बचाने वाला होता है। सच्चा मित्र पाकर व्यक्ति संसार में एकाकी अनुभव नहीं करता। ऐसा मित्र हमदर्द मुसीबत तकलीफ बांटने का काम करता है। घर में प्रवेश करते ही जब अन्दर से स्वागत करने वाली कोई आवाज नहीं होती तो व्यक्ति अपने को बाहरी दुनिया से निकलने पर, जहाँ अधिकांश सम्बन्ध स्वार्थों के सम्बन्ध होते हैं, अधिकांश रिश्ते केवल औपचारिक होते हैं और वातावरण में बनावटीपन भरा रहता है- ऐसी दुनिया से बाहर आने पर घर की खामोशी व्यक्ति को अपने अकेलेपन का अहसास कराती है। विशेषत~ ऐसे व्यक्ति जिन्हें विवाह के बाद यह अकेलापन मिला है वे अनुभव करते हैं कि सूने घर में प्रवेश और पत्नी की मुस्कान के स्वागत का अनुभव करते हुए घर में प्रवेश करने में कितना भारी अन्तर होता है?'' पारिवारिक जीवन में, जीवन- साथी उस मित्र की आवश्यकता को पूरा करता है, जो पूर्णतया निष्पक्ष, निर्दोष और यथासम्भव सही परामर्श देता है। इसलिए कि परिवार में पति- पत्नी के लाभ व हित एक- दूसरे पर निर्भर करते हैं, उन्हें दोनों का लाभ साथ-साथ दीखता है और वे परस्पर दूसरे पक्ष की भलाई में अपनी भलाई समझते हैं। केवल उत्तरदायित्वों के बोझ से खिन्न होकर पारिवारिक जीवन के प्रति निराश और उदास दृष्टिकोण अपना लिया जाय तो दुःखी व परेशान रहने के अलावा और कोई परिणाम नहीं निकलता।

# विदेशों में धूम मचाएंगे सहकारिता संस्थाओं के उत्पाद: डॉ. अरविंद शर्मा




**प्राथमिक सहकारी समितियों को लाभ में लाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**गोहाना।** वीरवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने प्रदेश भर में सहकार से समृद्धि के संकल्प पर आगे बढ़ते हुए गोहाना में जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान का उद्घाटन किया। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात की तर्ज पर हरियाणा में प्राथमिक सहकारी समितियों को लाभ में लाने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जा रही है। हमारा लक्ष्य है कि किसान, महिला से लेकर युवा तक सहकारी संस्थाओं हर योजना की जानकारी पहुंचाई जाए, ताकि वो तय कर सकें कि किस योजना में वो आत्मनिर्भर बनते हुए देश, समाज में अपना योगदान दे सकते हैं।

उन्होंने कहा कि हमें रोजगार पाने की मानसिकता में सकारात्मक बदलाव लाते हुए रोजगार देने की सोच को मजबूत करना है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि सहकारी संस्थाओं के उत्पाद सेना से लेकर विदेशों में दुबई और आबु धाबी तक अपनी धूम मचा रहे हैं और हम सभी मिलकर सहकारी उत्पादों को विदेशों में बढावा देंगे, ताकि हमारी सहकारी समितियों से जुडे लोगों को अच्छा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों को समय पर लोन चुकाना और बेहतर विपणन प्रणाली के माध्यम से मुनाफे में लाने के लिए मिलकर काम करना है। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग विचार कर रहा है कि जो युवा निजी स्थान पर सहकारी संस्थाओं के उत्पादों को बिक्री करते हुए अपना काम शुरू करें, ताकि उनका स्वरोजगार विकसित हो।

# दिल और दिमाग को सत्य के साथ जोड़ें



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

भक्तों के हृदय में सर्दव मानवता के उत्थान के लिए ऐसी भावना रहती है कि संसार में बसने वाले इन्सान इस जन्म का लाभ प्राप्त कर लें। मनुष्य जन्म के रुप में यह जा सुनहरी अवसर मालिक ने प्रदान किया है, इस जन्मए में ये अपनी आत्मा का कल्याण करे। आत्मा जो अपने मूल परमात्मा से बिछड़ी हुई है, अपने मूल से अन्जान है जिस कारण इसकी भटकन बनी हुई है। इस शरीर में रहते हुए भी यह भटकन में रहती है तथा शरीर छूटने के बाद भी यह भटकन कायम रहती है। इस भटकन से निजात प्रदान करने के लिए महापुरुष इन्सान को यह पैगाम देते आये हैं कि ऐ इन्सान, तूने अपनी आत्मा का कल्याण करना है और इस मानुष जीवन के महत्व को बढ़ाना है।

प्रभु-परमात्मा ने इन्सान को दिमाग प्रदान किया है, मन प्रदान किया है, इस के द्वारा इस जन्म को संवारना है। भाव, इसके विचार भी शुद्ध हो तथा मन के भाव भी प्रेम तथा सत्कार वाल हों। तभी इस मनुष्य जन्म के रुतबे को ऊँचाई प्राप्त होती है। दिमाग को कहते हैं ङ्क विचार की क्षमता और हृदय को कहते हैं- भाव की क्षमता। दिमाग में हर समय विचार आते रहते हैं। देखना है कि कितने विचार ऐसे है जो कल्याणकारी होत हैं। हृदय को भाव की क्षमता कहा गया है। एक हृदय में कैसे-कैसे भाव उठते हैं कदूरत वाले, घृणा वाले, नफरत वाले। महापुरुष-सन्तजन कहते हैं कि ऐ इन्सान, यह जो दिल और दिमाग मालिक ने प्रदान किया है, इन्हें अगर तू सत्य के साथ जोड़ लेता है, ईश्वर के साथ जोड़ लेता है तो इसमें कल्याणकारी विचार, शुद्ध विचार आते हैं। मन का नाता सत्य के साथ जुड़ा हो तो मन के भाव भी सुन्दर बन जाते हैं। इस प्रकार इस शरीर की चाल को सुन्दरता प्राप्त होती है। आज संसार की हालत हम देखते हैं कि इन्सान ने बहुत तरक्कियाँ की हैं और इसी से सोच लिया है कि मैं बहुत सीढ़ियाँ चढ़ गया हूँ। लेकिन वास्तव में इसने अपनी हालत बदतर कर ली है। इसने इन्सानी रुतबे को कलंकित कर लिया है, हर जगह यह हाहाकार मचाने में ही लगा हुआ है।

## पंचांग

शुक्रवार, 27 दिसम्बर, 2024, सूर्यास्तः 05:32 पी एम, चन्द्रोदयः 04:47 ए एम, दिसम्बर 28, चन्द्रास्तः 02:27 पी एम, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः मार्गशीर्ष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः शुक्रवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः द्वादशी - 02:26 ए एम, दिसम्बर 28 तक, नक्षत्रः विशाखा - 08:28 पी एम तकख योगः धृति - 10:37 पी एम तक, करणः कौलव - 01:39 पी एम तक, द्वितीय करणः तैतिल - 02:26 ए एम, दिसम्बर 28 तक, सूर्य राशिः धनु, चन्द्र राशिः तुला - 01:57 पी एम तक, राहुकालः 11:05 ए एम से 12:22 पी एम, गुलिक कालः 08:30 ए एम से 09:47 ए एम, यमगण्डः 02:57 पी एम से 04:15 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:02 पी एम से 12:43 पी एम, दुर्मुहूर्तः 09:16 ए एम से 09:58 ए एम, दुर्मुहूर्तः 12:43 पी एम से 01:24 पी एम, अमृत कालः 10:49 ए एम से 12:35 पी एम, वर्ज्यः 12:46 ए एम, दिसम्बर 28 से 02:29 ए एम, दिसम्बर 28

## भविष्य फल



**मेष:** आज आप अपने काम पर पूरा ध्यान देंगे और आपकी बात सुनी जाएगी। काम के सिलसिले में भी आज का दिन आपको सुखद समाचार प्रदान करेगा।

**वृष :** आज जितनी मेहनत करेंगे आपको उतना ही ज्यादा फायदा होगा। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी।

**मिथुन:** आपका दिमाग कुछ समय पहले आपके द्वारा निर्धारित लक्ष्यों पर केंद्रित है लेकिन आपको यह महसूस करने की आवश्यकता है कि समय बदल गया है और इसलिए आपके लक्ष्य हैं।

**कर्क:** आज आपको बहुत खुशी होगी क्योंकि आपके पास पैसा आएगा। बिजनेस में भी आज अच्छे लाभ का दिन रहेगा इनकम में वृद्धि देखने को मिलेगी।

**सिंह :** पढ़ाई के प्रति आपकी रुचि बढ़ सकती है। बेकार के ख्यालों में और अपने विचारों में अपनी ऊर्जा और अपनी शक्ति बर्बाद ना करें।

**कन्या:** आपका करिये आपके जीवन की सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है। हालांकि, कभी-कभी काम के बारे में सोचने और अन्य चीजों पर ध्यान केंद्रित करने से बुरके लेना फायदेमंद होता है।

**तुला:** आज आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। मन में धार्मिक विचार आएंगे और लोगों की भलाई के लिए कोई नया काम हाथ में ले सकते हैं।

**वृश्चिक:** वृश्चिक राशि वाले पैसा बढ़ाने के लिए शॉर्टकट का उपयोग न करें। किसी व्यक्ति से मतभेद हो सकते हैं।

**धनु:** याद रखें कि आप इस समय इस पूछताछ को संभालने के लिए प्रतिबद्ध नहीं हैं। आज आपके हर खर्चे अधिक होंगे। धार्मिक कामों पर खर्चे बढ़ेंगे।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए काफी शांतिपूर्ण और सामान्य रहेगा, जितना सरल रहेंगे उतना ही अच्छा महसूस होगा।

**कुंभ:** आप संपत्ति निवेश कर सकते हैं या वाहन खरीद सकते हैं। कई मामले ऐसे हैं जिन पर आपकी राय नहीं मानी जाएगी।

**मीन:** जब आप नहीं चाहते हैं तो काम न करें। काम को लेकर आपकी बुद्धिमत्ता आपके लिए बहुत अच्छे नतीजे लाएगी।

# केवल बिजली विभाग के निजीकरण से ही कार्यक्षमता में सुधार होगा: परिमल राय

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ बिजली विभाग के निजीकरण को लेकर चल रही चर्चा के बीच, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और चंडीगढ़ प्रशासन के पूर्व सलाहकार परिमल राय ने कहा है कि चंडीगढ़ बिजली विभाग की कार्यक्षमता में सुधार के लिए निजीकरण ही एकमात्र रास्ता है। परिमल राय ने 2015 से 2018 तक चंडीगढ़ के प्रशासक के सलाहकार के रूप में सेवाएं दी हैं और इस दौरान उन्होंने बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, नागरिक सुधारों और जनसेवा के क्षेत्र में कई प्रमुख पहल की हैं। इससे पहले, एनडीएमसी (2007-2011) के अध्यक्ष के रूप में, उन्होंने नई दिल्ली के विद्युत ट्रांसमिशन और वितरण नेटवर्क के 20 वर्षीय आधुनिकीकरण का नेतृत्व किया। विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उनके नेतृत्व ने शहरी विकास, बिजली बुनियादी ढांचे और शासन सुधारों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।सेवाओं के आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए परिमल ने कहा, निजी क्षेत्र का निवेश बेहतर और अधिक कुशल सेवाओं को बढ़ावा देता है, जो संचालन दक्षता, बुनियादी ढांचे और शिकायत निवारण तंत्र में सुधार के माध्यम से उपभोक्ताओं को अधिक मूल्य प्रदान करता है। उपभोक्ता हमेशा निर्बाध और उच्च गुणवत्ता वाली बिजली आपूर्ति चाहते हैं।

# बीएन ग्रुप ने असली नायकों को सलाम करते हुए नया कैम्पेन 'रखो इरादे फ्रेश' किया लॉन्च

**अमृतसर।** बीएन ग्रुप के प्रमुख ब्राण्ड सिम्पली फ्रेश ने अपना नया कैम्पेन, 'रखो इरादे फ्रेश' लॉन्च किया है। वे एक ऐसा विज्ञापन लेकर आए हैं जोकि लोगों के दिलों के तार जोड़ता है और वास्तविक जीवन के उन असली नायकों की बात करता है जिन्होंने अपनी अलग सोच और प्रभावी तरीकों का परिचय दिया है। इस कैम्पेन का प्रेरणादायक टीवी विज्ञापन ग्रामीण भारत में संवहनीय खेती के लिए अपना बेहतरीन कॅरियर छोड़ देने वाली एक आईटी प्रोफेशनल नीरजा कुद्रीमोती और पांच-सितारा शेफ से सोशल वर्कर बनकर गरीबों के नाम अपना जीवन समर्पित करने वाले नारायणन कृष्णन जैसे लोगों को एक सम्मान है। बदलाव और निस्वार्थ भावना का उनका असाधारण सफर बेहतर भारत के लिए नए-नए विचारों और साहसी विकल्पों को बढ़ावा देने के सिम्प्ली फ्रेश के मिशन से मेल खाता है। इस कैम्पेन को थोड़ी और धार देते हुए बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद और अनूप सोनी को इस संदेश को मजबूती से आगे ले जाने के लिए शामिल किया गया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल्स के माध्यम से वे दर्शकों को नई सोच अपनाने और अपने-अपने समुदायों में परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करने का काम कर रहे हैं। इस कैम्पेन के बारे में , किरण गिराडकर, सीएमओ, बीएन ग्रुप, का कहना है, 'रखो इरादे फ्रेश' कैम्पेन में उस नई सोच और नए तरीकों की ताकत के बारे में बात की गई है। जोकि सही मायने में विकास लेकर आते हैं।

# विद्यार्थियों को नवाचार को बढ़ावा देकर व नए शोध की तरफ अग्रसर होना होगा: बंडारू दत्तात्रेय

**हरियाणा खेल विश्वविद्यालय में 51वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का किया शुभारंभ**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि विद्यार्थियों को नवाचार को बढ़ावा देकर नए शोध की तरफ अग्रसर होना होगा। अगर शोध करते समय विद्यार्थियों को असफलता हाथ लगती है तो उन्हें निराश होने की बजाए निरंतर प्रयास जारी रखना होगा। श्री दत्तात्रेय गुरुवार को हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई 51वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 30 वर्षों बाद यह मौका मिला है जब हरियाणा को इस प्रदर्शनी को आयोजित करने का मौका मिला है और हर वर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम 26 से 31 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम वैज्ञानिक परियोजनाओं को प्रदर्शित करने के साथ-साथ छात्रों को राष्ट्रीय एकता का मंच भी प्रदान करता है। भारत के कोने-कोने से आए छात्र अपने विचारों और अनुभवों का एक दूसरे से आदान प्रदान करते हैं। सभी हमारे देश की विविध परंपराओं समृद्ध संस्कृतिए रहन-सहन बोली और भाषा के बारे में एक दूसरे से विचार साझा करते है। उन्होंने आह्वान किया किबच्चों के मन में जाति व धर्म को अलग रख कर केवल एक ही भावना होनी चाहिए कि हम भारतवासी है।

श्री दत्तात्रेय ने वीर बाल दिवस पर श्री गुरु गोविंद सिंह के दो साहबजादों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था। हम सभी को ऐसे वीर बालकों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों में हमेशा जिज्ञासा एकाग्रता और नवाचार की भावना होनी चाहिए। बच्चों में अपने आस.पास की चीजों को जानने की जिज्ञासा निरंतर बढ़ती रहती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को एक अच्छा श्रोता होना चाहिए। उन्हें हर बात को ध्यान से सुनना व समझना चाहिए तभी वे अपने जीवन में आगे बढ़कर नए मुकाम हसिल कर पाएंगे।

श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को बल्ब का आविष्कार करने वाले थॉमस एडीसन के बारे में बताते हुए कहा कि थॉमस एडीसन ने अपने आविष्कार के लिए 999 बार प्रयास किया। उसके बाद वे सफल हुए और दुनिया को बल्ब मिला। इसलिए आप सभी को भी शोध करते समय असफलता से निराश नही होना चाहिए अपितु सफलता प्राप्त होने तक निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। राज्यपाल ने बच्चों को आर्यभट्टए सीवी रमन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम और कल्पना चावला जैसे अनेक भारतीय वैज्ञानिकों का उदाहरण देते हुए कहा कि आप सभी को भारतीय वैज्ञानिकों के बारे में भी जानना चाहिए। आप सभी को हमारे वैज्ञानिकों के जीवन से प्रेरणा लेकर शोध करने चाहिए। उन्होंने कहा कि आप सभी नवाचार को बढ़ावा देकर व नए.नए शोध करके माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी भागीदारी सुनिशिचित करनी होगी तभी हमारा देश एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरकर आएगा।

### हम अपने संकल्प को सिद्धि तक लेकर जा रहे हैं: शिक्षा मंत्री महीपाल ढांढा

51वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि जब यह कार्यक्रम निर्धारित किया गया तो शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि देशभर से करीब 400 विज्ञान के विद्यार्थी आएंगे। इस पर उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों के विज्ञान के शोध को देखने का अवसर प्रदेश के सभी आठवीं से 12वीं तक से बच्चों को मिले। इसके बाद निर्णय लिया गया कि प्रतिदिन 10 हजार से ज्यादा बच्चे यहां लगाई गई प्रदर्शनी को देखने के लिए आएंगे और हम 31 दिसंबर तक लाखों बच्चों को यहां लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि आज भारत एक मजबूत राजनैतिक सोच के साथ आगे बढ़ रहा है तो दुनिया आज भारत से ज्ञान, विज्ञान, बुद्धि और कौशल पर फक्र और विश्वास कर रहा है और सकारात्मक दृष्टिकोण से विश्वास कर एक साथ आगे बढने का कार्य भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज जहां पूरे विश्व में गृहयुद्ध की स्थिति है वहीं हमारे देश का बच्चा-बच्चा सकारात्मक सोच के साथ विश्व के कल्याण की बाते कर रहा हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी को आम लोगों तक भी खोला जाएगा ताकि सभी लोक देश में बच्चों द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को देख सकें। 51वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में सभी 29 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के बच्चे अपने-अपने मॉडल लेकर पहुंचे हैं। इन बच्चों द्वारा 185 स्टाल लगाए गए हैं। महामहिम राज्यपाल श्री बंडारू दात्रेय व प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांढा ने अधिकारियों के साथ प्रदर्शनी स्थल का निरीक्षण किया। इनमें महाराष्ट्र के के दिव्यांग बच्चों वंश मर्शकूले व वंश डोगरे ने दिव्यांगों के नाखुन काटने के लिए एक यंत्र बनाया था। वहीं गुजरात के बच्चों हर्षिता ने स्मार्ट व्हीलचेयर बनाई थी। बिहार के प्रभु नारायण ने पोर्टेबल स्ट्रक्चर बनाया जिसमें घर से लेकर शौचालय तक सभी माडल दर्शाए गए। सिक्किम के बच्चों भूमिका क्षेत्री ने प्यूरीफायर वाटर टैंक का माडल दर्शाया।

# बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया: माईराम कौशिक



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** भाजपा नेता माईराम कौशिक ने वीर बाल दिवस पर श्री गुरु गोविंद सिंह के दो साहबजादों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था। हम सभी को ऐसे वीर बालकों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। माईराम कौशिक गुरुवार को कुंडली में वीर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों साहिबजादों की याद में यह वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया है। यह एक सराहनीय कदम है। नगर पालिका के वाईस चेयरमैन अशोक भारद्वाज के निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में दोनों साहिबजादों की याद में अरदास व पाठ भी गुरुद्वारा सभा द्वारा आयोजित किया गया। दोनों साहिबजादों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी सरपंचों, पार्षदों व नगर पालिका पार्षदों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन शिमला देवी, वाईस चेयरमैन अशोक भारद्वाज, निरंजन पार्षद, मंडल अध्यक्ष अरूण चौहान, सरपंच नरेश खुर्रमपुर, जयराम सरपंच भैरा बांकीपुर, योगेश, अनिल सेरसा, रामेश्वर बड़ौली, महेश सरपंच नाहरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# खेतों से सामान चोरी, तीन आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत (अप्रस)।** जिले के थाना खरखौदा की पुलिस टीम नें खेतो से सामान चोरी करने की घटना में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी नरेश उर्फ कालू पुत्र नंदराम निवासी मंडोरा जिला सोनीपत, नरेश उर्फ ईशु पुत्र रामबिलास निवासी हलालपुर जिला सोनीपत व सन्नी उर्फ खाऊ पुत्र फूल निवासी मंडोरी जिला सोनीपत के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि गत 24 दिसम्बर 2024 को रोहित पुत्र दयान्नद निवासी तुर्कपुर नें थाना खरखौदा में शिकायत दी थी की मै करीब 5 बजे अपने खेत की तरफ जा रहा था। तो मैने वहा एक छोटा हाथी गाडी व 5 व्यक्ति दिखाई दिये तो मैने उनके पास जाकर देखा तो उनकी गाडी मे एक हीरो की हलस, एक पानी का पंखा व गली में नालीयो पर लगने वाले जाल व चाबी- पाने पाए गए तो मुझे शक होते ही तीन व्यक्तियो को पकड लिए जबकी दो व्यक्ति भागने मे कामयाब हो गए।

# नगर निगम घोटालों की नहीं हुई जांच, सीवीओ से शिकायत




पंचकूला विकास मंच द्वारा विजिलेंस और यूएलबी को भेजी 11 घोटालों की सूची

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** नगर निगम में समय समय पर हुए कथित घोटालों की जांच आखिर क्यों नहीं की जा रही और विजिलेंस के पास शिकायत होने के बावजूद सुनवाई के लिए पक्षों को क्यों अनदेखा किया जा रहा है, इन सब पहलुओं को लेकर पंचकूला विकास मंच की तरफ से चीफ विजिलेंस ऑफिसर (सीवीओ) को हस्तक्षेप कर मामलों को देखने की अपील की गई है। मंच की तरफ से सीवीओ के अलावा अर्बन लोकल बॉडीज को भी पत्र भेज कर लंबित शिकायतों पर कार्रवाई करने को कहा है ताकि जनता के पैसे के हुए दुरुपयोग को बचाया जा सके। पंचकूला विकास मंच के प्रमुख राकेश अग्रवाल, देवराज शर्मा व अन्य सदस्यों ने सीवीओ को भेजे पत्र में खुलासा किया कि समय पर उनके द्वारा नगर निगम के कार्यों से संबंधित गड़बड़ियों, घटिया क्वालिटी के कामों, अनियमितताओं, फिजूल खर्च और घोटाले इत्यादि के बारे में दी गई शिकायतों को बखूबी दबा दिया गया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम पंचकूला की कितनी किन शिकायतों के बारे विजिलेंस की तरफ से बैठकें हुई। चीफ विजिलेंस ऑफिसर को इस तरह की शिकायतों की सही में गहराई में जांच कर सही रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजनी होती है। ताकि सरकार द्वारा एक्शन लिया जाए और आगे से किसी भी प्रकार के घोटालों को रोका जा सके।

### चीफ विजिलेंस अफसर को भेजी घोटालों की सूची

पंचकूला विकास मंच की तरफ से समय समय पर की गई शिकायतों पर सुनवाई नहीं होने के चलते फिर से सीवीओ को शिकायतों की सूची भेज कर कार्रवाई करने की अपील की गई। इन घोटालों में ऊंचे रेटों पर खरीदी फॉगिंग मशीनों की खरीद में अनियमितताएं, घटिया क्वालिटी के बस क्यू शेल्टर बनवाना, कोरियन घास घोटाला, ई रिक्शा खरीद कर कुछ ही समय बाद कबाड़ बना देना, रोड स्विपिंग मशीनों से एग्रीमेंट के तहत पूरा काम और सही सफाई का काम नहीं ले कर घोटाला करना, शालीमार माल सेक्टर 5 के प्रॉपर्टी टैक्स का घोटाला, साइकिल ट्रैक के लिए सड़कों पर घटिया क्वालिटी की पीली लाइन लगवा सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाना, डंपिंग ग्राउंड में कूड़े की प्रोसेसिंग में घोटाला, पंचकूला में घरों की बैक वॉल पर घटिया पेटिंग करवा सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाना, ई-साइकिल-ई स्कूटर के प्रोजेक्ट में अनियमितता करते हुए एक कोटेशन मंगवा काम देना और 8 लाख का एक एक शेड बनवाना और काम, शिकायत के बाद कैंसिल करना और पंचकूला में वेंडिंग जोन्स में और बाहर बैठे घूम रहे वेंडर्स से वसूली गई फीस का घोटाला की शिकायतें शामिल हैं।

### सीवीओ द्वारा शिकायत की सुनवाई पर नहीं बुलाया गया

राकेश अग्रवाल ने कहा कि आखिर इतने लंबे समय से शिकायतों को क्यों दबा कर रखा गया और नगर निगम पंचकूला के खिलाफ अभी तक क्या कार्रवाई की गई है, इसके बारे में उन्हें अभी तक सीवीओ द्वारा जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि चीफ विजिलेंस ऑफिसर द्वारा अपनाए सिस्टम जिसमें शिकायतकर्ता को हर मीटिंग में और हर जांच में शामिल किया जाता रहा है ताकि जिनके खिलाफ शिकायत है वो कोई गलत जानकारी दे कर इन शिकायतों को बंद करवाने की साजिश न अपनाए। पहले विजिलेंस ऑफिसर द्वारा हर मीटिंग के लिए लिए दोनों पार्टियों को चिट्ठी के माध्यम से बुलाया जाता रहा। हर मीटिंग के मिनिट्स बनाए जाते रहे हैं और दिये भी जाते रहे हैं जो कि फाइलों में लगे हुए हैं। इनमें से जो शिकायतों की सुनवाई शुरू की गई थी उनके बारे जानकारियां नगर निगम पंचकूला के अधिकारियों से मांगी गई थीं। सीवीओ के बदल जाने के बाद अभी तक कुछ पता ही नहीं चला पाया।

## हेरोइन तस्कर को एक दिन के रिमांड पर भेजा



**पंचकूला, (अप्रस)।** एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा 11.90 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किए गए तस्कर अमृतपाल को जिला अदालत ने गुरूवार को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। आरोपी को सेल के पीएसआई प्रवीण की टीम ने बुधवार को सेक्टर 25 में राधा स्वामी सत्संग भवन के नजदीक से काबू किया था। आरोपी अमृतपाल मूल रूप से गांव किशनगढ़, मनीमाजरा का रहने वाला है और इन दिनों वह सेक्टर 25 में किराए के मकान में रह रहा है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अमृतपाल नशा तस्करी करता है और वह हेरोइन की खेप की सप्लाई देने के लिए भवन के नजदीक आएगा। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने वहां ट्रैप लगा कर पैदल आ रहे युवक को हिरासत में ले लिया और पूछताछ करने पर उसके नाम की पुष्टि होने पर उसकी तलाशी ली गई तब उसके पास से चिट्टा यानी हेरोइन बरामद हुई। पुलिस आरोपी से पता लगा रही है कि वह पंचकूला में किस व्यक्ति से यह खेप लेकर आया और आगे किसे देने के लिए आया था।

## फर्जी पुलिस ने कबाड़ी को डर दिखाकर वसूले 35 हजार

चोरी की बाइक के पार्टस दिखाने का डर दिखाकर गाड़ी में बिठाया, गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**पंचकूला।** सेक्टर 17 स्थित बुढनपुर में एक कबाड़ी को चोरी की बाइक के पार्ट्स दिखाकर वसूली करने वाले 4 कथित फर्जी पुलिस वालों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान चन्दनपुरी (28), सोनु सिंह (41), विशाल अरोड़ा (32) व अमित कुमार के रूप में हुई है। आरोपी अमित को कल न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता नरेश कुमार की सेक्टर-11 में कबाड़ी की दुकान है। बीती 22 दिसंबर की शाम नरेश अपनी दुकान पर था। तब कार सवार चार युवक उसकी दुकान पर पहुंचे और खुद को चंडीगढ़ पुलिस का कर्मचारी बता कर उस पर रौब झाड़ने लग पड़े। युवकों ने कहा कि वह दुकान पर चोरी की मोटरसाइकिल के पार्टस बेच रहा था। पुलिस वालों ने कबाड़ी को चोरी की बाइक के पार्ट्स खरीदने के झूठे केस में फसाने का डर दिखाया और उसे जबरदस्ती गाड़ी में बैठा लिया। नरेश ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने गाड़ी में बिठाने के बाद उसे डरा धमकाकर 5 लाख रुपये मांगे। जब उसने 5 लाख ना होने की बात कही तो युवकों ने दुकान से 25000 हजार व ऑनलाइन माध्यम से 10000 रुपये लिए और उसे छोड़?र फरार हो गए। जब पीड़ित को शक हुआ तो उसने इसकी शिकायत थाना सेक्टर-5 में दी। आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-5 में बीएनएस की धारा 308(2), 316(2), 318(4), 319 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आरोपियों की जांच में जुट गई।

### पुलिस ने सूचना मिलने पर दबोचे आरोपी

इस मामले में सेक्टर-10 चौकी इंचार्ज पीएसआई गुरपाल सिंह ने गुप्त सूचना के आधार पर तत्परता से कार्रवाई की। उन्होंने आरोपियों की तलाश करने के लिए सबसे पहले सेक्टर 11 में लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य तकनीकी मदद से आरोपियों की पहचान की और फिर बुधवार को मनीमाजरा के पिली वाला टाऊन में रह रहे चंदनपुरी, सकेतड़ी में रह रहे सोनू सिंह और सेक्टर 5 पंचकूला में रह रहे विशाल अरोड़ा को गिरफ्तार लिया। आरोपियों से पूछताछ में उन्होंने रामगढ़ की पंजाब कालोनी में रह रहे अपने चौथे साथी अमित कुमार के नाम का खुलासा किया। आरोपियों के बताए ठिकानें पर पुलिस ने रेड करते हुए आरोपी अमित को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि फर्जी पुलिस बन कर कबाड़ी से धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों से पूछताछ की जा रही है कि क्या वे पहले भी ऐसी वारदात को अंजाम दे चुके हैं। उनके साथ और कितने लोग इस गिरोह में शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों में पैंसिल व रबड़ चबाने से दांतों के लिए खतरा: कविता शर्मा



**पंचकूला (अप्रस)।** बच्चों में पैंसिल या रबड़ चबाने की आदत उनके दांतों के लिए खतरा है। सामान्य बच्चों के मुकाबले ऐसे बच्चों में दांतों की बीमारियां लगने का खतरा अधिक बना रहता है। उक्त विचार प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ एवं दंत रोग वक्ता डॉ.कविता शर्मा प्रयोग फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे आप्रेशन दंत रक्षक के तहत पंचकूला के सेक्टर-15 स्थित गर्वमेंट गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल में प्राइवेट डेंटल प्रैक्टीशनर एसोसिएशन पंचकूला के सहयोग से आयोजित दंत जांच शिविर के दौरान छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अक्सर बच्चे पढ़ाई के तनाव में पैन, पैंसिल, रबड़ आदि चबाने लगते हैं। कुछ बच्चे चॉक आदि भी खाते हैं। ऐसे बच्चों के दांत टेढ़े-मेढे होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इसके अलावा पैन की प्लास्टिक, पैंसिल का सिक्का व लकड़ी दांतों की कई बीमारियों को जन्म देता है। पीडीपीए के अध्यक्ष डॉ.मनिल ग्रोवर, हिमांशु गुप्ता ने बच्चों को ब्रश करने के सही तरीके के बताते हुए कहा कि एक ब्रश की उम्र पांच से छह माह होती है और ब्रश करने का समय तीन से चार मिनट का होता है। स्कूल की डीडीओ मीना गहलावत ने इस आयोजन के लिए सामाजिक संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर से बच्चों को पढ़ाई से हटकर कई नई जानकारियां मिलती हैं, जिससे उनका शारीरिक विकास होता है।

### विवेकियों ने चार साहिबजादों के साहस, समर्पण व वीरता से ली प्रेरणा



**कालका (जग्गी)।** सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, एचएमटी टाउनशिप, पिंजौर में चार साहिबजादों की वीरता को स्मरण करते हुए वीर बाल दिवस मनाया गया।कार्यक्रम के आरंभ में दिव्यान्शी, राही तथा दमन द्वारा इस विशेष दिन की विस्तृत जागरुकता प्रस्तुत की गई। उसके बाद सातवीं कक्षा के छात्रों द्वारा शब्द वाटाँ लमियाँ ते रस्ता पहाड़ दा की मधुर गायन प्रस्तुति ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। तीसरी कक्षा के छात्रों ने की वड़ियायियाँ तेरियाँ मेरे सतगुरु जी ओ शब्द के सुंदर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से परमात्मा का शुक्र अदा किया। तत्पश्चात छात्रों ने कविता माए तेरे पोतरे शहीदी पा गए के द्वारा माता गुजरी के चारो पोतो साहिबजादा बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत और वीरता को नमन किया। इस भावपूर्ण प्रस्तुति ने सभी को अश्रुपूरित कर दिया। इस विशेष सभा का मुख्य आकर्षण पारंपरिक पंजाबी युद्ध कला गतका रहा। जिसके माध्यम से छात्रों ने आत्मरक्षा, साहस, और अनुशासन का परिचय दिया7 शस्त्र, तकनीक, समूह युद्ध की अद्भुत प्रस्तुति देखकर सभी स्तब्ध थे। छठी कक्षा की छात्रा साक्षी ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह हमारे लिए रोमांचक और प्रेरणा देने वाला क्षण था। हमने जाना कि किस प्रकार से वीर साहिबजादों ने वीरता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

### मानव मंगल के स्टूडेंट्स ने मंच पर बिखेरी प्रतिभा



**चंडीगढ़, (साजन शर्मा)।** रंग बिरंगी रोशनी के बीच मंच पर नन्हें मुन्नों के कदम जहां थिरक रहे थे, वहीं कुर्सियों पर बैठे उनके पेरेंट्स और ग्रैंड पेरेंट्स जोर जोर से तालियां बजाकर न सिर्फ उनका उत्साह बढ़ा रहे थे, बल्कि दूरी से मंच पर उनकी अदाओं को अपने मोबाइल में कैद कर रहे थे। मौका था मानव मंगल स्मार्ट स्कूल जूनियर, मोहाली के वार्षिक समारोह 'किलकारी' का जिसमें स्कूल के नर्सरी से दूसरी कक्षाओं के सभी स्टूडेंट्स ने मंच पर अपनी प्रतिभा बिखेरने में किसी तरह की कोई कसर नहीं छोड़ी। मानव मंगल स्मार्ट स्कूल के सभागार में आयोजित किलकारी में स्कूल के नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के अलावा पहली व दूसरी क्लास के सभी स्टूडेंट्स ने मंच पर अपनी प्रतिभा बिखेरने में किसी तरह की कोई कसर नहीं छोड़ी। मंच पर पहली बार अपनी प्रस्तुति देकर छात्र-छात्राओं ने अपनी मनमोहक अदाओं से सबका दिल जीत लिया। समारोह की खास बात यह रही कि नर्सरी से दूसरी कक्षा के अलग अलग सेक्शन के सभी स्टूडेंट्स ने इसमें हिस्सा लिया।

## इंटरनेशनल सिख कन्फेडरेशन और युवसत्ता के स्वयंसेवक मणिपुर में श्री गुरु नानक देव जी से जुड़े स्थानों का करेंगे दौरा

### मणिपुर में शांति और विवेक की आवाज को मजबूत करेंगे स्वयंसेवक

अर्थ प्रकाश /साजन शर्मा



**चंडीगढ़।** शहर की स्वयंसेवी संस्था युवसत्ता, इंटरनेशनल सिख कन्फेडरेशन और पीसबिल्डर्स इंडिया फोरम की ओर से वीरवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 28 स्थित गुरु ग्रंथ साहिब भवन में 'नेतृत्व विफलताओं और राजनीतिक उदासीनता के बीच मणिपुर का संकट' विषय पर एक चर्चा का आयोजन किया। इस चर्चा में मुख्य वक्ता ब्रदर पीटर (बॉबी मैथ्यू चाको) थे, जो केरल स्थित एनजीओ दिव्यकारुण्य मिशन के उपाध्यक्ष हैं तथा जिन्होंने मणिपुरी शरणार्थियों के साथ काम करने के लिए बड़े पैमाने पर यात्रा की थी। उन्होंने विभिन्न जनजातियों और धार्मिक नेताओं से मिलकर कई शांति स्थापना गतिविधियां भी शुरू की थीं।

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में कर्नल जेएस मुल्तानी, इंटरनेशनल सिख कन्फेडरेशन के शेर जगजीत सिंह, युवसत्ता के संस्थापक प्रमोद शर्मा, चंडीगढत्र के पूर्व डीपीआई स्कूल्स एसके सेतिया, चंडीगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष प्रो. देवी सिरोही और छाया पत्रकार पंकज शर्मा शामिल थे। विषय का परिचय देते हुए कर्नल मुल्तानी ने बताया कि मणिपुर जो कभी बहुत सुंदर, शांतिपूर्ण और मिलनसार तथा सरल लोगों वाला राज्य था, अब एक खंडित राज्य है जो जातीय संघर्ष, व्यवस्थागत उपेक्षा और बढ़ती अस्थिरता से ग्रस्त है। अशांति और तनाव के बीच-बीच में उभरने से मणिपुर एक खुले युद्ध क्षेत्र में बदल गया है। ब्रदर पीटर ने कहा कि मई 2023 में जब से इम्फाल घाटी में रहने वाले बहुसंख्यक समुदाय मैतेई लोगों और आसपास की पहाड़ियों के कुकी-ज़ोमी आदिवासी समुदाय के बीच जातीय लड़ाई शुरू हुई है, तब से मणिपुर संघर्ष, हिंसा और अविश्वास से ग्रस्त है। एकीकृत कमान और अपनी जिम्मेदारी से विमुख होती प्रतीत होने वाली राज्य सरकार के अभाव में, सुलगते जातीय संकट ने मणिपुर को संघर्ष क्षेत्र में बदल दिया है, जहां अक्सर हिंसा भड़कती रहती है। पिछले 19 महीनों में हिंसा ने 250 से अधिक लोगों की जान ले ली है और 1,00,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं - इनमें से कई लोग अब राहत शिविरों में रह रहे हैं या राज्य की सीमाओं से बाहर चले गए हैं।

## कालका कुराड़ी मोहल्ला सेंट्रल गुरुद्वारा में विधायक शक्ति रानी शर्मा ने माथा टेक शहीद गुरुओं को किया नमन

अर्थ प्रकाश /जग्गी



**कालका।** नगर परिषद के वार्ड नंबर 30 कालका कुराड़ी मोहल्ला सेंट्रल गुरुद्वारा में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में सालाना कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका और शहीद गुरुओं को शत-शत नमन किया। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान द्वारा सिरोपा डालकर विधायक का सम्मान किया गया।

विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी ने धर्म की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनके परिवार की शहादत को सभी श्रद्धा के साथ स्मरण करते हैं। उनके दो छोटे साहिबजादों ने निरंकुश शासक के सामने झुकने से मना कर दिया और साहस के साथ अत्याचारी का सामना किया और 26 दिसंबर को उन नन्हें साहिबजादों को श्रद्धा पूर्वक याद करने का दिन है इसलिए हम आज गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादे और माता गुजरी को शत शत नमन करते है क्योंकि उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर कर दिए थे। कहा कि वीर बाल दिवस हमें राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का संदेश देता है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, मंडल अध्यक्ष भवनजीत सिंह, गुरमेल सिंह, कश्मीरा सिंह, नरेंद्र पार्षद शालू धीमान, चरनप्रीत सिंह, प्रधान तेजिंदर चावला, पुरण गौतम, रिशिपाल, जसप्रीत मनी, कमलप्रीत, हरविंदर सिंह, सुखी, सहित भारी संख्या में संगत मौजूद रहे।

## नगर कौंसिल ने पीर मुछल्ला क्षेत्र में किए दो शोरूम सील

अवैध निर्माण करने वालों कि अब खैर नहीं- अजय बराड़

अर्थ प्रकाश /राजेश गर्ग



**जीरकपुर ।** नगर परिषद द्वारा पीरमुछल्ला क्षेत्र में स्थित रहमत होम सोसायटी में दो बिल्डिंगों को सील किया गया है। जिनके द्वारा स्टीलट पार्किंग बनाकर एस प्लस थ्री फ्लैट बनाए जा रहे थे और नियमों के विपरीत इन फ्लेटों की पार्किंग वाली जगह में दुकाने बना दी गई थी। जिसकी शिकायत के बाद नगर परिषद द्वारा उन्हें नोटिस भेजकर ऐसा करने से रोका गया था। लेकिन लोगों द्वारा पार्किंग वाली जगह पर शो रूम बना दिए गए थे, जिन्हे वीरवार को नगर परिषद द्वारा सील कर दिया गया है। बता दें कि इस से पहले नगर परिषद द्वारा करीब दस दिन पहले वीआईपी रोड पर भी छह बिल्डिंगों को सील किया गया था और उसी लड़ी के तहत यह बिल्डिंगे सील की गई है। बता दें के रहमत होम सोसायटी में जिन दुकानों को सील किया गया है, यह पास ही नही थी, यह फ्लैट के नीचे पार्किंग की जगह थी। इन फ्लेटस का फेस भी सोसायटी के अंदर था लेकिन अवैध निर्माणकर्ताओं ने इनका मुंह भी बाहर सड़क की तरफ कर दिया था। जोकि सरासर गलत है। शहर में नियमों के उलट ऐसी कई बिल्डिंगे बनी हुई है। जिनकी जांच होनी चाहिए और यहां एक सवाल यह भी पैदा होता है के ऐसे बिल्डिंगों को बनते समय ही नगर परिषद द्वारा क्यों नही रोका जाता। ऐसी बिल्डिंगों को बनने ही क्यों दिया जाता है।

दो शो रूम को सील किया गया है, फ्लैटस का नक्शा पास है। उन्हें सील नहीं किया गया है। इनके शिकायत मिल रही थी और नियमों के विपरीत शो रूम बनाए गए थे जिसके कारण यह सील किए गए हैं। **अजय बराड़, बिल्डिंग इंस्पेक्टर नगर परिष)द जीरकपुर।**

### सील की गई बिल्डिंगों की सरकारी सील तोड़ने पर नहीं हुई कोई कार्रवाई

यहां यह बताना भी अनिवार्य है के नगर परिषद द्वारा वीआईपी रोड पर जिन छह बिल्डिगो को सील किया गया था। उनमें से दो बिल्डिंगों की सीलें पीजी मालिकों द्वारा तोड़ दी गई है। जिसके खिलाफ नगर परिषद द्वारा डीसी मोहाली व एसएसपी मोहाली को लिखित शिकायत दी है और बिल्डिंग मालिकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। हैरानी तो इस बात कि है के नगर परिषद द्वारा सील की बिल्डिंग की सील किसी व्यक्ति द्वारा खुद ब खुद तोडना व सरकारी संपत्ती को तोड़ने के आरोप में साथ की साथ ठोस कार्रवाई होनी चाहिए थी। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी सील तोड़ने वाले बिल्डिंग मालिकों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नही हुई है। जिस तरफ प्रसाशन को ध्यान देना चाहिए, वरना बिल्डिंगों को सील करने का मतलब ही खत्म हो जाता है। या फिर यूं कहा जाए के बिल्डिंग सील करना मात्र एक फॉर्मेल्टी है।

## दिग्विजय राठी ने परिवार के साथ मनाया क्रिसमस



अर्थ प्रकाश /सुनील सिंघई

**पंचकूला।** बिग बास के जबरदस्त परफॉर्मेंस देने वाले खिलाड़ी दिग्विजय राठी बिग बास के घर से बाहर आने के बाद अब अपने परिवार के साथ खुशियां मना रहे हैं। दिग्विजय राठी का पंचकूला सेक्टर 4 एमडीसी पहुंचने पर परिवार ने स्वागत किया। दिग्विजय राठी ने बिग बास शो से संबंधित अपनी खास यादों को भी परिवार के साथ सांझा किया। दिग्विजय राठी ने कहा कि मैं जनता का लाडला बनने के लिए गया था। और जनता ने मुझे भरपूर प्यार दिया, पंचकूला चंडीगढ़ मोहाली से भी मुझे भरपूर प्यार मिला है।मेरे साथ कुछ भी गेम हुई हो, लेकिन जितना प्यार एवं मेरा परिवार बड़ा हुआ है, उसके लिए मैं प्रभु का शुक्रिया अदा करता हूं। दिग्विजय राठी ने मात्र डेढ़ साल के हिंदुस्तान के तीन बड़े रियलिटी शो एम टीवी रोडीज, स्प्लिट्सविला और बिग बॉस किए और अबू धाबी में प्रमुख फिल्म स्टार सोनू सूद के साथ ÷यास आयलैंड÷ में काम किया मात्र 25 साल की उम्र में यह दिग्विजय राठी के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है, दिग्विजय राठी ने अपने पिता सुरेंद्र राठी और माता रीना राठी और बड़ी बहन सोनल का आर्शीवाद लिया। उन्होंने क्रिसमस और तुलसी पूजन का त्यौहार अपने परिवार के साथ मनाया।

## समुदायिक चिकत्सा व स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में पीजीआई द्वारा डिजाइन किया पाठ्यक्रम होगा लागू

अर्थ प्रकाश/खुशविंदर धालीवाल




**चंडीगढ़।** पीजीआई चंडीगढ ने भारत सरकार के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के साथ मिलकर नीति निर्माताओं के लिए एक ऑनलाइन स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन (एचटीए) पाठ्यक्रम विकसित किया है, जिसे भारत सरकार के आईजीओटी मिशन कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया गया। पाठ्यक्रम को पीजीआई के एचटीए रिसोर्स हब द्वारा डिजाइन किया गया है, जिसे सामुदायिक चिकित्सा विभाग और स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में स्थापित किया गया है। 23 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित एचटीए कॉन्क्लेव के अवसर पर नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी.के. पॉल और भारत सरकार के सचिव डॉ. राजीव बहल ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर देशभर के प्रमुख चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों के 150 से अधिक प्रतिनिधि मौजूद थे। यह पाठ्यक्रम अब केंद्र और राज्य सरकारों के सभी सिविल सेवकों के लिए निःशुल्क उपलब्ध होगा। द्धत्नह्रञ्ज कर्मयोगी प्लेटफॉर्म अधिकारियों को उनकी योग्यताओं का पता लगाने, उन्हें हासिल करने और प्रमाणित करने में सक्षम बनाता है जो उनके कर्तव्यों के निर्वहन के लिए महत्वपूर्ण हैं। पाठ्यक्रम के शुभारंभ पर बोलते हुए, डॉ पॉल ने उल्लेख किया कि यह भारत में स्वास्थ्य सेवा में साक्ष्य-आधारित और पारदर्शी निर्णय लेने को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि दैनिक आधार पर, स्वास्थ्य सेवा नीति निर्माताओं को यह तय करने में चुनौती का सामना करना पड़ता है कि सार्वजनिक धन को किस तरह से खर्च किया जाए जिससे लोगों के स्वास्थ्य में सुधार के मामले में अधिकतम लाभ मिले। उन्होंने कहा कि यह एचटीए पाठ्यक्रम नौकरशाहों, प्रशासकों, कार्यक्रम अधिकारियों के साथ-साथ चिकित्सकों सहित स्वास्थ्य सेवा नीति निर्माताओं को उनके नियमित निर्णय लेने में आर्थिक साक्ष्य का उपयोग करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करके इस चुनौती का समाधान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। डॉ राजीव बहल ने उच्च गुणवत्ता वाले एचटीए साक्ष्य उत्पन्न करने के पैमाने का विस्तार करने में डीएचआर के प्रयासों पर प्रकाश डाला। विभिन्न उदाहरण जहां केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा एचटीए साक्ष्य का उपयोग किया गया है और इससे संबंधित लागत बचत के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ भी उजागर हुए। यह पाठ्यक्रम डॉ. शंकर प्रिंजा के नेतृत्व में विकसित किया गया है, जो पीजीआई में स्वास्थ्य अर्थशास्त्र के प्रोफेसर हैं और संस्थान में एचटीए क्षेत्रीय संसाधन केंद्र के प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम का उद्देश्य नीति निर्माताओं को अच्छी तरह से सूचित, लागत प्रभावी और साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम में भारत में विभिन्न एचटीए संसाधन केंद्रों के प्रदर्शन की समीक्षा भी की गई और पीजीआई चंडीगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर सभी एचटीए केंद्रों में सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया।

# राज्यपाल ने छात्रों से अपनी संस्कृति पर गर्व करने और उसे अपनाने पर दिया बल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर और तेलंगाना राज्य के विद्यार्थियों ने युवा संगम चरण-5 के तहत आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के साथ बातचीत की। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' योजना के तहत युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने राज्यपाल के साथ अपने अनुभव भी साझा किए।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सांस्कृतिक जुड़ाव और संस्कृति के संवर्धन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इससे युवाओं में एकता की भावना और मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत की पहचान विश्व गुरु के रूप में स्थापित है और विदेशी यात्रियों ने ज्ञान खोज में भारत की यात्रा की। उन्होंने यहां वेदों का अध्ययन किया और वे भारत की ज्ञान परंपरा से प्रभावित हुए। उन्होंने दुनिया को संदेश दिया कि वेदों का ज्ञान अर्जित कर भारत के बारे में विस्तार से जाना जा सकता है। उन्होंने छात्रों से अपनी संस्कृति पर गर्व करने और उसे अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया में अपनी एक अलग पहचान रखता है और विकसित देश भी हमारे नेतृत्व का सम्मान करते हैं। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतप्रकाश बंसल ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा विद्यार्थियों को हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराया। इससे पूर्व युवा संगम चरण-5 कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. परम सिंह ने राज्यपाल का स्वागत किया तथा उन्हें सम्मानित किया।

# कैंसर से लड़ने के लिए हिमाचल तैयार, 69 केंद्र स्थापित


## विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती, कीमोथैरेपी की मिलेगी सुविधा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** कैंसर से लड़ने के लिए हिमाचल ने तैयारी कर ली है। प्रदेश के 68 विधानसभा क्षेत्रों में 69 आदर्श स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। 49 स्थानों पर ऐसे केंद्र खोले भी जा चुके हैं। प्रत्येक केंद्र में चार से छह विशेषज्ञ चिकित्सक नियुक्त किए गए हैं।

इन केंद्रों में कैंसर रोगियों को कीमोथैरेपी की सुविधा मिलेगी। इसके लिए देश के जाने-माने कैंसर अस्पतालों में प्रदेश के चिकित्सकों, स्टाफ नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तीन सप्ताह का प्रशिक्षण डाक्टर मध्य प्रदेश के उज्जैन में प्राप्त कर रहे हैं।

पैरामेडिकल स्टाफ को एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में इसे चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। इन केंद्रों की स्थापना के बाद कैंसर रोगियों को उपचार व कीमोथैरेपी के लिए पीजीआइ, एम्स व अन्य राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा।





जनसंख्या आधार पर प्रदेश में कैंसर के मामलों में अन्य राज्यों की तुलना में अधिक वृद्धि दर्ज की गई है।

**डे केयर सेंटर स्थापित करने की घोषणा :** डे-केयर के तौर पर दी जा रही कीमोथैरेपी जिला व क्षेत्रीय अस्पतालों में अभी डे केयर के तौर पर कीमोथैरेपी की सुविधा दी जा रही है। कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में 12 और सोलन के क्षेत्रीय अस्पताल में पांच रोगियों को कीमोथैरेपी दी गई है। मुख्यमंत्री ने 2024-25 के बजट में जिला अस्पतालों और चयनित आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में डे केयर सेंटर स्थापित करने की घोषणा की थी।

चिकित्सकों को तीन, स्टाफ नर्सों को एक सप्ताह का प्रशिक्षण चिकित्सा अधिकारियों को तीन सप्ताह और स्टाफ नर्सों को एक सप्ताह का कीमोथैरेपी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सात चिकित्सा अधिकारी और 11 स्टाफ नर्स प्रशिक्षण ले चुके हैं। 29 चिकित्सा अधिकारियों के लिए कैंसर देखभाल, उपचार व कीमोथैरेपी का प्रशिक्षण कैंसर के जिला अस्पताल उज्जैन और सर्वोदय कैंसर अस्पताल फरीदाबाद में चल रहा है। 23 स्टाफ नर्सों का

> चिकित्सकों व स्टाफ नर्सों को कीमोथैरेपी का प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है। प्रदेश के 69 आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में चरणबद्ध तरीके से कीमोथैरेपी सुविधा शुरू की जाएगी। प्रशिक्षण पर जाने वाले चिकित्सकों को टीए और डीए प्रदान किया जा रहा है। अपने आधार पर ही उन्हें ठहरने की व्यवस्था करने को कहा है, जिससे वे सुविधा अनुसार खर्च कर सकें।
>
> **धनीराम शांडिल, स्वास्थ्य मंत्री, हिमाचल प्रदेश।**

> प्रदेश में कैंसर के मामलों में वृद्धि हो रही है। हर साल कैंसर के छह से सात हजार नए मामले आ रहे हैं। पुरुषों में फेफड़ों के कैंसर और महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के अधिक मामले आ रहे हैं।
>
> **डा. मनीष गुप्ता, विभागाध्यक्ष क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल, शिमला।**

# सुबह बड़े भाई की मौत हुई...और शाम को छोटे भाई ने भी त्याग दिए प्राण



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जोगिंद्रनगर।** मंडी जिला के उपमंडल जोगिंद्रनगर में मार्मिक घटना उस समय पेश आई जब 2 सगे भाइयों ने एक ही दिन प्राण त्यागे। सुबह पहले बड़े भाई का निधन हो गया तो शाम को छोटे भाई ने भी अपने प्राण त्याग दिए।

> इंस्पैक्टर 57 वर्षीय ज्ञान चंद लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे

जानकारी के अनुसार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में बतौर इंस्पैक्टर 57 वर्षीय ज्ञान चंद लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और इसी के चलते वह पिछले सप्ताह छुट्टी लेकर अपने घर टिकरी मुशायरा आए थे। मंगलवार को उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई, जिसके चलते परिजन उन्हें लेकर दिल्ली रवाना हो गए, मगर रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। दूसरी तरफ उनके बड़ा भाई रामनाथ जोकि जोगिंद्रनगर के दुरुब्बल गांव में रहते थे, उनका देहांत भी मंगलवार सुबह हृदय गति रुक जाने के कारण हो गया था। ज्ञान चंद के परिजनों का कहना है कि अपने बड़े भाई की मृत्यु का समाचार सुनकर वह अत्यधिक उदास हो गए थे। ज्ञान चंद के बड़े बेटे के घर से बाहर होने के कारण उनका अंतिम संस्कार एक दिन बाद वीरवार को किया गया।

अंतिम संस्कार से पहले उनके शव को तिरंगे में लपेटकर श्मशानघाट ले जाया गया, जहां सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की टुकड़ी ने उन्हें अंतिम सलामी दी।

इस अवसर पर जोगिंद्रनगर तहसीलदार मुकुल शर्मा व कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जोगिंद्रनगर विधायक प्रकाश राणा, पूर्व मंत्री गुलाब सिंह ठाकुर व पूर्व विधायक सुरेंद्र पाल ठाकुर ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया है।

# अवैध कटान पर राजनीति करने का प्रयास कर रही भाजपा : नरेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** विपक्षी दल भाजपा ने मंडी जिला के धर्मपुर में अवैध कटाने मामले की जांच के लिए राजनीतिक मजबूरी में कमेटी बनाई है। भाजपा पेड़ों के इस अवैध कटान पर राजनीति करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले की गंभीरता से जांच करवा रही है, ताकि तथ्य सबके सामने आ सकें। यह बात मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने वीरवार को शिमला में पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि यदि धर्मपुर में अवैध कटान की बात हुई होगी तो सरकार उसकी जांच करवाने के लिए तैयार है, लेकिन हैरानी की बात है कि सरकार की जांच रिपोर्ट आने से पहले ही भाजपा ने अपनी जांच टीम बनाई है। वे जांच कर सकते हैं।



**विभागीय जांच के बाद ही आएगी सामने आएगी वास्तविक जानकारी :** नरेश चौहान कहा कि इस मामले में वास्तविक जानकारी विभागीय जांच के बाद ही आएगी, ऐसे में सरकार ने वन विभाग को इसकी पूरी जांच करने तथा उसकी रिपोर्ट मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को सौंपने के निर्देश दिए हैं। इस जांच रिपोर्ट के बाद ही तथ्य सबके सामने आएंगे। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को सरकार पर बयानबाजी करने से पहले अपने कार्यकाल को याद करने की सलाह दी तथा कहा कि उनके कार्यकाल में कर्मचारियों की बात तक नहीं सुनी गई। यहां तक कि उन्होंने ओपीएस के लिए आंदोलन कर रहे कर्मचारियों को मिलने तक का समय नहीं दिया। इसके विपरीत वर्तमान सरकार ने जहां ओपीएस लागू की, वहीं कर्मचारियों की देनदारियों की भी अदायगी की है।

> **किसी भी अवैध कटान को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त**
>
> नरेश चौहान ने कहा कि धर्मपुर ही नहीं, राज्य के किसी भी जंगल में अवैध कटान को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में इस तरह के मामलों पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने राज्य में हरे पेड़ों के काटने व गिराने पर प्रतिबंध लगाया है। इससे ग्रीन फैलिंग बंद होगी।

# हिमाचल में तीन महीने न पद सृजित होंगे, न नए संस्थान खुलेंगे महकमों को आदेश

**शिमला (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश में अगले तीन माह तक सामान्य परिस्थिति में न कोई पद सृजित होगा, न नए संस्थान खुलेंगे और न ही स्तरोन्नत होंगे। इन्हें अगले बजट तक के लिए टाला जा रहा है। राज्य सरकार के वित्त विभाग ने इस वित्तीय वर्ष की जनवरी से मार्च तक चलने वाली चौथी तिमाही के लिए आर्थिक प्रबंधन के चलते यह निर्णय लिया है। केवल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की विशेष मंजूरी पर ही नए संस्थान खोलना, स्तरोन्नयन या नए पदों का सृजन निर्भर रहेगा। वित्त विभाग ने विभागों को इस संबंध में अगले बजट के लिए ब्योरा भेजने के निर्देश जारी किए हैं। अगर नए संस्थानों को खोलने, इनके स्तरोन्नयन और नए पदों के सृजन के लिए बजट प्रावधान अंतिम तिमाही में किया जाए तो इससे चालू वित्तीय वर्ष में ही खर्च किया जा सकता है। ऐसे में सरकार का लक्ष्य उन योजनाओं पर ज्यादा है, जो चालू वित्तीय वर्ष में ही लागू हो पाएं और जिनके लिए पहले से ही बजट प्रावधान किया गया है।

# डॉ. आंबेडकर का अपमान करने वाली पार्टी है कांग्रेस: अनुराग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**हमीरपुर ।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वर्तमान सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदा ही बाबा साहेब डॉ. भीमराव आबेंडकर का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में वीपी सिंह की सरकार थी तो अटल के अनुरोध पर उस सरकार ने बाबा-साहेब को भारत रत्न देकर उनका सच्चा सम्मान किया।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक संस्थान थे। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण के साथ जिस प्रकार अपने विचारों और कार्यों से देश को एक नई दिशा दी वो सदा अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने सदा देश के बारे में सोचा मगर उसके ठीक विपरीत कांग्रेस ने सदा सिर्फ अपने और गांधी परिवार के हितों को ऊपर रखा।

उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने सरकार का जाना मंजूर किया, लेकिन कांग्रेस की तरह खरीद-फरोख्त जैसी ओछी हरकत कभी नहीं की। इसलिए पूरा देश उनकी 100वीं जन्म जयंती पर उनके अच्छे कार्यों को याद कर रहा है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के समय अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व को दुनिया ने देखा कि भारत की एक-एक इंच जमीन की रक्षा के लिए वह कितने कटिबद्ध थे।

# दुग्ध उत्पादकों के मासिक भुगतान में बढ़ोतरी

## मासिक भुगतान 8.70 करोड़ रुपये से बढ़कर 25.62 करोड़ रुपये हुआ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। दूध की खरीद मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि के परिणामस्वरूप सरकार द्वारा की जा रही दूध की खरीद में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। मिल्कफेड अब प्रतिदिन दो लाख लीटर दूध की खरीद कर रहा है और दूध उत्पादकों के मासिक भुगतान को 8.70 करोड़ रुपये से बढ़कर 25.62 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जिससे दूध उत्पादकों को प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने दूध आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। प्रदेश सरकार गाय का दूध 45 रुपये प्रति लीटर और भैंस का दूध 55 रुपये प्रति लीटर की खरीद रही है। हिमाचल की 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। प्रदेश सरकार गांवों के लोगों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पैसा सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाना सुनिश्चित कर रही है ताकि वह आर्थिक रूप से मजबूत हों। सरकार भविष्य में भी इस दिशा में महत्त्वपूर्ण निर्णय लेती रहेगी।

उन्होंने कहा कि दूध की खरीद में पारदर्शिता लाने की दृष्टि से मिल्कफेड के माध्यम से राज्य भर में 455 स्वचालित दूध संग्रहण केंद्र स्थापित किए गए हैं। मिल्कफेड द्वारा राज्य के दुर्गम क्षेत्रों से किसानों के घर-द्वार से सीधे दूध एकत्रित कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। इसके अतिरिक्त मिल्कफेड किसानों को 5 लीटर क्षमता वाले डिब्बे भी उपलब्ध करवा रहा है।

प्रदेश सरकार के किसानों की आय में बढ़ौतरी करने के उद्देश्य से मिल्कफेड द्वारा 11 जिलों में डेयरी विकास कार्यक्रम भी क्रियान्वित किए जा रहे हैं, जिसके तहत 1148 ग्रामीण डेयरी सहकारी समितियां बनाई गई हैं तथा इसके अंतर्गत 47,905 सदस्यों को पंजीकृत किया गया है। इन पहलों का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय के लोगों को आजीविका के साधन उपलब्ध करवाना और राज्य की डेयरी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने इस वित्त वर्ष से 500 करोड़ रुपये की हिम गंगा योजना भी शुरू की है।

# नए सत्र से पहले मर्ज होंगे हिमाचल के 550 सरकारी स्कूल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल में 10 से कम छात्र संख्या वाले स्कूल मर्ज किए जाएंगे। जबकि कुछ स्कूलों का दर्जा घटाया जाएगा। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय की ओर से इसका प्रस्ताव तैयार कर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को भेजा है। इसमें 550 के करीब स्कूल ऐसे हैं, जिनमें 10 से कम छात्र संख्या है।

**अंतिम फैसला सरकार लेगी :** इनमें 330 के करीब स्कूल ऐसे हैं, जिनको यदि मर्ज कर दिया जाता है, तो उसके 2 से ढाई किलोमीटर की दूरी पर दूसरा स्कूल है। अन्य स्कूल ऐसे हैं, जिनमें दूसरे स्कूल की दूरी दो किलोमीटर से ज्यादा है। अब इस पर अंतिम फैसला सरकार लेगी।

सूत्रों की माने तो इस मामले को दोबारा राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाएगा। सरकार ने मार्च 2025 तक विभाग को स्कूलों को मर्ज करने की प्रक्रिया पूरी करने को कहा है, ताकि अप्रैल में शैक्षणिक सत्र के शुरू होने पर इससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत डेढ़ से तीन किलोमीटर दायरे में बच्चे को स्कूल की सुविधा मिलनी चाहिए। पूर्व सरकारों के कार्यकाल में नियमों का हवाला देकर धड़ाधड़ स्कूल खोले गए। इससे स्कूलों में बच्चों की संख्या लगातार कम होती रही और शिक्षा की गुणवत्ता पर सवालिया निशान उठे।



**स्कूलों का घटेगा दर्जा**

सरकार स्कूलों का दर्जा घटाने के विकल्प पर भी काम कर रही है। इसके तहत प्रारंभिक, मिडल, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के लिए छात्र संख्या तय की गई है। प्राइमरी के लिए 10 बच्चे होना अनिवार्य है। मिडल के लिए 20, उच्च विद्यालयों के लिए 25 कम से कम छात्र संख्या होनी चाहिए। वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के लिए छात्र संख्या के साथ दूसरे स्कूल में कौन-कौन से संकाय है व अन्य चीजें भी देखी जाएगी। यदि किसी स्कूल में इससे कम छात्र संख्या है, तो उनका दर्जा घटाया जाएगा। यानि मिडल स्कूल को प्राइमरी बनाया जाएगा। वहां पर अन्य कक्षाओं में जो बच्चें होंगे, उन्हें दूसरे स्कूलों में भेज दिया जाएगा। इसी तरह उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक के लिए भी यह फार्मूला होगा।

**रिपोर्ट में बताई भौगोलिक परिस्थितियां :** विभाग ने अपनी जो रिपोर्ट सरकार को भेजी है, उसमें एक स्कूल से दूसरे स्कूल की दूरी व वहां की भौगोलिक परिस्थिति भी बताई है। कई स्कूलों के लिए रास्ता जंगल से होकर जाता है। बरसात व गर्मी में बच्चे कैसे 3 व 4 किलोमीटर का सफर तय करेंगे। वहीं, पूर्व में घटी घटनाएं, जिनमें चंबा में स्कूल से घर लौटते वक्त छात्रा की ढांक से गिरने से मौत, गुड़िया केस सहित अन्य कई मामले भी सरकार के ध्यान में है।

**330 स्कूलों में एक-एक शिक्षक:** रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रदेश में 330 स्कूलों में एक-एक शिक्षक ही है। हालांकि, इन स्कूलों में छात्र संख्या भी 10 से कम है। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि इन्हें मर्ज करने के बाद शिक्षकों का युक्तिकरण किया जाएगा ताकि दूसरे स्कूलों में पर्याप्त स्टाफ हो।

# हमीरपुर में कांग्रेस को झटका, हमीरपुर नगर परिषद अध्यक्ष को वोटिंग से हटाया

> नो.कॉन्फिडेंस मोशन को लेकर मीटिंग, 7 वोट मनोज मिन्हास के खिलाफ पड़े,
> हाई कोर्ट के निर्देश पर बुलाई गई थी नो कॉन्फिडेंस बैठक

अर्थ प्रकाश /शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** हमीरपुर में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है यहां कांग्रेस समर्थित नगर परिषद अध्यक्ष को वोटिंग के बाद हटा दिया गया है। हाई कोर्ट के निर्देशों पर यहां नो कॉन्फिडेंस मोशन को लेकर बैठक बुलाई गई थी जिसके बाद वोटिंग करवाई गई पुलिस की कड़ी निगरानी के बीच इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के गृह जिला हमीरपुर की नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज मिन्हास को पद से हटाते उससे पहले ही अपने पद से उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। मगर उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया और उन्हें हटाने के लिए वोटिंग कराई गई।

नगर निगम के 7 पार्षदों ने उनके खिलाफ वोट दिया, जबकि 4 पार्षदों ने मनोज मिन्हास के पक्ष में मत डाला। इससे वह अध्यक्ष पद से हट गए हैं। अब जल्द नई तिथि में नए अध्यक्ष का चयन होगा। बता दें कि, मनोज मिन्हास को अध्यक्ष पद से हटाने के लिए भाजपा के 7 पार्षदों ने विधानसभा उप चुनाव से पहले मई 2024 में नो.कॉन्फिडेंस मोशन डीसी हमीरपुर को दे रखा था। मगर हमीरपुर में उप चुनाव की वजह से अध्यक्ष को हटाने की मुहिम ठंडे बस्ते में चली गई। इस बीच अध्यक्ष को हटाने की मांग करने वाले पार्षद हाईकोर्ट भी पहुंचे। कोर्ट ने जल्द नो कॉन्फिडेंस मोशन पर हस्तक्षेप करते हुए चुनाव को कहा। इसे देखते हुए आज अध्यक्ष के चुनाव को लेकर मीटिंग बुलाई गई। इसमें वोटिंग के माध्यम से अध्यक्ष को पद से हटा दिया गया है। अब शेष बचे एक साल से ज्यादा कार्यकाल के लिए नए अध्यक्ष की ताजपोशी की जाएगी।

> **हमीरपुर नगर परिषद में 11 पार्षद**
>
> बता दें कि 11 पार्षदों वाली हमीरपुर नगर परिषद में साढ़े तीन साल पहले 9 पार्षद बीजेपी के जीत कर आए थे जबकि कांग्रेस के 2 ही पार्षद चुनाव जीते। तब बीजेपी ने मनोज मिन्हास को अध्यक्ष चुना था। उप चुनाव से कुछ समय पहले मनोज मिन्हास और वार्ड नंबर.2 के पार्षद राज कुमार ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस बीच उप चुनाव के कारण नए अध्यक्ष को चुनने की प्रक्रिया लटक गई।

> **विधायक आशीष का भी पड़ेगा वोट**
>
> 11 सदस्यों वाले इस हाउस में नए अध्यक्ष के चुनाव के दौरान वोटिंग की नौबत आई तो स्थानीय विधायक आशीष शर्मा का भी वोट पड़ेगा। वे भी इस बैठक में शिरकत करेंगे, क्योंकि कांग्रेस सरकार ने नए नियमों में इसका प्रावधान किया है। वहीं वार्ड नंबर 10 के पार्षद डा सुशील ने कहा कि 7 के मुकाबले 4 मत से अध्यक्ष अपने अध्यक्ष पद से हार चुके है। उन्होंने कहा कि नो कॉन्फिडेंस मोशन है इसको 7 मत प्राप्त हुए है इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी का ही अगला अध्यक्ष चुना जाएगा। वहीं सदर हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने बताया कि आज नो कॉन्फिडेंस मोशन नगर परिषद हमीरपुर में हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो हमेशा ही लोकतंत्र की हत्या में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि जब सभी भारतीय जनता पार्टी के चुने हुए सदस्यों ने पहले भी उपायुक्त के पास अपना पक्ष रखा था। उन्होंने कहा कि आज नो कॉन्फिडेंस मोशन के तहत वोट डाला है जिनमें से 4 वोट इनके विरोध में डाले है। वहीं हमीरपुर के एसडीएम संजीत सिंह ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि मनोज मिन्हास का इस्तीफा अभी मंजूर नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्णय विधिवत प्रक्रिया के तहत ही लिया जाएगा।

# रोहड़ू में 39 साल बाद भूंडा महायज्ञ, ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंचा जल

**रोहड़ू (अप्रस)।** सपैल वैली के धार्मिक अनुष्ठान भूंडा महायज्ञ के लिए पांच बावड़ियों का पवित्र जल बुधवार को देवता बकरालू के मंदिर में पहुंच गया। इसके साथ ही वीरवार को मंदिर परिसर में भूंडा का आगाज हो जाएगा। 39 साल बाद हवन कुंड के खुलने से अनुष्ठान का आगाज होगा। हालांकि, सार्वजनिक तौर पर दो जनवरी से भूंडा की रस्में शुरू होंगी। नौ गांवों के हजारों लोगों ने मंदिर से लेकर अपने घरों तक की सभी तैयारियों पूरी कर ली हैं। बुधवार को ब्राह्मणों के कंधों पर पवित्र जल को ढोल-नगाड़ों के साथ दलगांव में देवता बकरालू के मंदिर तक पहुंचाया गया। पूजा-अर्चना के बाद ग्रामीणों की ओर से मंदिर की बाहर से सफाई की गई। कारदार और हवन कमेटी की मंदिर में रात भर उपस्थिति रहेगी। मंदिर में तय मुहूर्त के अनुसार हवन कुंड को खोला जाएगा। अनुष्ठान की समाप्ति तक यहां लगातार हवन चलता रहेगा। भूंडा महायज्ञ की असली रस्में दो जनवरी से शुरू होंगी। दो जनवरी को यहां मेहमानों और देवताओं का स्वागत होगा। तीन जनवरी को देवता के मंदिर में शिखा पूजन मंदिर की छत पर पूजा-अर्चना के साथ होगा। चार जनवरी को मुख्य रस्म रस्सी पर आदमी को बांध पर खाई पार करवाई जाएगी। इसको स्थानीय भाषा में बेडा कहा जाता है। पांच जनवरी को देवताओं की विदाई का कार्यक्रम उच्छड़ पाछड़ रहेगा। दलगांव के इस मंदिर में 39 साल पहले भूंडा अनुष्ठान हुआ था। इस बार हो रहे अनुष्ठान की करीब पांच साल से मंदिर से हर घर तक तैयारी चल रही है।

# नरवाना की जनता को हरियाणा के मुख्यमंत्री एक बहुत बड़ा तोहफा देकर जाएंगे : कृष्ण बेदी

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आगमन को लेकर कृष्ण कुमार बेदी ने तैयारियों का जायजा लिया

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 26 दिसंबर।** नरवाना 29 दिसंबर को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आगमन को लेकर हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं नरवाना के विधायक कृष्ण कुमार बेदी ने नरवाना की मेला मंडी में तैयारियों का जायजा लिया इस मौके पर श्री बेदी ने कहा कि हरियाणा में बीजेपी की तीसरी बार सरकार बनने के बाद स्वयं मुख्यमंत्री पहले चरण में 18 विधानसभा हल्का के धन्यवादी दौरे कर रहे हैं इस कड़ी में वे 29 दिसंबर को नरवाना विधानसभा हलका में आ रहे हैं मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी प्रशासनिक अधिकारी जुटे हुए हैं वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं का नेतृत्व भी लगा हुआ है मुख्यमंत्री के आने से विकास की गति को ऊर्जा मिलेगी मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह है चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी जो जनता से वादे करके गए थे जिसके चलते उन्होंने अपना भरोसा व विश्वास जनता को दिया था उसको पूरा करते हुए नरवाना हल्के को कैबिनेट में जगह दी नरवाना हल्का को मुख्यमंत्री से बहुत उम्मीदें हैं इस हल्के में 20 साल से पिछड़ापन है जिसमें विकास की एक शुरुआत करके जाएंगे हल्के में अस्पताल पीने का पानी सीवरेज सड़क की समस्या पार्क तथा बस स्टैंड की समस्या है बहुत सी ऐसी चीजे हैं जिनको मुख्यमंत्री ने लिखित रूप में जाहिर की है अगर यह सारी चीज होगी तो नरवाना के लोगों को लाभ मिलेगा और मुझे विश्वास है कि नरवाना की जनता को हरियाणा के मुख्यमंत्री एक बहुत बड़ा तोहफा देकर जाएंगे

श्री बेदी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह स्थल पर महिलाओं व पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाए जाएं। साथ ही मुख्य स्टेज के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए भी अलग से स्टेज निर्धारित की जाए। इसके अलावा अति विशिष्ट व्यक्तियों एवं पत्रकारों के लिए अलग सेक्टर बनाए जाए। बेदी ने कहा कि कार्यक्रम में आम जन के आने के लिए अलग से रास्ते निर्धारित करें और उनके वाहनों के लिए भी सभास्थल के नजदीक पार्किंग की व्यवस्था की जाए। रैली स्थल पर पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी, अस्थाई शौचालय, बिजली , साफ सफाई ,मुख्य स्टेज पर फूलों से सजावट , वाहनों के लिए पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था व अन्य जरूरी सुविधाएं पूरी कर स्थल को भव्य बनाया जाए। समारोह स्थल पर किसी प्रकार की कोई कमी ना रहे । इस अवसर पर भाजपा नेता ईश्वर गोयल, मंडी प्रधान राजेश शर्मा एडवोकेट, रिछपाल शर्मा, बलदेव बाल्मीकि, शीशपाल भाणा, अमित ढाकल, अमित धरोदी, हंसराज समैन विनय बेलरखा अमनदीप गुप्ता धर्मवीर बता विनोद गोयल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इनके अलावा प्रशासन की ओर से तहसीलदार निखिल सिंगला, बीडीपीओ जितेंद्र चौहान, सचिव मार्केट कमेटी पूजा रत्वय, एसडीओ बिजली विभाग दीपक कुमार सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## पुरोहित पुजारी कर रहे हैं मानदेय की मांग

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अमित)।** लोगों के कल्याण एवं मंगल कामना करने वाले पुरोहित पुजारियों ने वायदा याद दिलाया है। हरियाणा सरकार से मांग की है कि चुनाव से पहले पुरोहित पुजारी का मानदेय निश्चित करने का जो वादा भाजपा ने किया था उसको लागू कर पुरोहित पुजारियों की मांग पूरी करने का काम करें। कुरुक्षेत्र के श्री राधा रमण बिहारी मंदिर विवेकानंद कालोनी ढांड रोड के प. राजेश कौशिक ने कहा कि हरियाणा के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सैनी हर वर्ग का अच्छे से ध्यान रख रहें हैं और विकास करवा रहे हैं। सबका साथ सबका विकास जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है उसको ध्यान में रखकर पुरोहित पुजारियों की मांग राज्य सरकार अपने वायदे के अनुसार पूरा करने का काम करे। प. राजेश कौशिक ने कहा कि सनातन धर्म और संस्कृति का प्रचार प्रसार करने वाला यह वर्ग बहुत मुश्किल से अपने बच्चों का लालन-पालन करता है। सरकार की तरफ से कुछ सहायता मिलने से इन को अपने परिवार की देखभाल में सहायता मिलेगी। प. राजेश कौशिक ने कहा कि सरकार पुरोहित पुजारी कल्याण बोर्ड स्थापित कर उन का एक निश्चित मानदेय घोषित करने का काम करे।

## अग्रवाल धर्मशाला में धूमधाम से मनाया तुलसी पूजन महोत्सव

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 26 दिसंबर।** अग्रवाल वैश्य समाज महिला विंग द्वारा तुलसी पूजन महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया ।अग्रवाल वैश्य समाज महिला विंग की अध्यक्षा श्रीमती अनुराधा मित्तल ने जोश और उत्साह के साथ इस कार्यक्रम की तैयारियाँ की। तुलसी पूजन श्री शशि मित्तल व उनकी धर्मपत्नी चेतना मित्तल ने संपन्न करवाया। इसमें नरवाना के कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण बेदी के सुपुत्र श्री गौरव बेदी ने वहाँ आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। तुलसी पूजन पर अग्रवाल वैश्य समाज महिला विंग के सभी सदस्यों ने भी अपना योगदान प्रकट किया । प्रेस प्रवक्ता मीनू व रितु गोयल ने बताया कि तुलसी पूजन महोत्सव में मुख्य अतिथि ठाकुर जी रहे। इसमें बृजवासी श्री राम उपाध्याय जी व दीपक शर्मा जी वृंदावन धाम के द्वारा तुलसी पूजन में भजनों का कार्यक्रम रहा। इसमें बृजवासियों द्वारा किए गए कार्यक्रम का नगर वासियों ने खूब आनंद उठाया। तुलसी बिन सब सुना है। बिन तुलसी सब अधूरा घर-आँगन और कृष्णा जी का छप्पन भोग एक तुलसी के पत्ते से पूरा है।

सभी ने बांके बिहारी के भजनों का आनंद उठाया। इसमें श्री बांके बिहारी व श्री राधा रानी की झाँकी भी प्रस्तुत की गई। इसमें नरवाना शहर की अन्य संस्थाओं को एक-एक तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण व भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी सदस्य उपाध्यक्ष पायल गोयल, प्रियंका सिंगला सचिव सोनिया मित्तल, सीमा गोयल कोषाध्यक्ष पूजा बंसल व मोनिका बंसल, मीनू गोयल, ज्योति गर्ग, सोनिया मित्तल व रितु,पूजा, रेखा आदि सभी सदस्य उपस्थित रहें।

## न्यूज़ ब्रीफ

### शारदा मोंटेसरी स्कूल में मनाया शहीदी दिवस

**टोहाना (अप्रस)।** मोंटेसरी स्कूल में श्री गुरुगोविंद सिंह जी के पुत्रों का शहीदी दिवस बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर दसो पातशाहो के इतिहास के बारे में बच्चों को अवगत कराया गया कि किस प्रकार श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों ने बहादुरी दिखाई। विद्यालय के प्रांगण में जपजी साहिब के पाठ किए गए इस प्रोग्राम में स्कूल के छात्रों दवारा कविताएं बोली गई।और गुरु जी के इतिहास के बारे में बताया गया । स्कूल में चार साहिबजादे मूवी के माध्यम से बच्चों को उनकी जीवनी के बारे में समझाया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सतपाल मलिक दवारा समझाया गया कि स्कूली शिक्षा के साथ–साथ बच्चों को धार्मिक शिक्षा की महत्वता को भी समझना चाहिए । प्रोग्राम में विद्यालय के अन्य अध्यापक श्रीमान सुरेंद्र नैन जी, सविता मलिक , मनदीप कौर , अनु इंसा , भूपिंदर कौर,सीमा मैम, राज मैडम आशा मैडम इत्यादि शामिल थे।

### आदर्श स्कूल बरगत जट्टां में मनया वीर बाल दिवस




**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जट्टान में वीरवार को गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादो के शहीदी दिवस व उधम सिंह जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उधम सिंह जयंती के अवसर पर स्कूल की प्रबंधक महोदया श्रीमती उर्मिला सैनी जी व प्रधानाचार्य जी व उप प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता हांडा जी द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम के दौरान स्कूल में डिजिटल फिल्म प्रदर्शनी, भाषण ,नाटक, डिबेट, नृत्य, निबंध लेखन आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु की शहादत को नमन करके हुआ। कक्षा नौवीं की छात्राओं व अध्यापिका श्रीमती राजेंद्र कौर ने कार्यक्रम में शब्द गायन किया। चार साहिबजादो की शहादत सिक्ख इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और उनकी शहादत के अवसर को हर साल दिसंबर में दुनिया भर के सभी सिक्ख भावनात्मक भावनाओं के साथ याद करते हैं। इस अवसर पर कक्षा छठी के छात्र–छात्राओं द्वारा नाटक मंचन किया गया जिसमें नन्हे– मुन्ने बच्चों ने धमाला की भी प्रस्तुति की। कक्षा नौवीं की छात्रा तान्या के द्वारा उधम सिंह जयंती के उपलक्ष्य में भाषण दिया गया उसने बताया कि उधम सिंह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी व सेनानी थे। इस मौके पर स्कूल की प्रबंधक महोदया व प्रधानाचार्य जी द्वारा विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट व शील्ड देकर सम्मानित किया गया व उनका हौंसला बढ़ाया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक महोदय श्रीमान सोहनलाल सैनी जी ने बच्चों द्वारा की गई गतिविधि को सराहा व विजेता रहे विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी बच्चों को चार साहिबजादो के शौर्य एवं पराक्रम की सच्चाई के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि किस प्रकार साहिबजादो ने अपने देश में धर्म के लिए अपने प्राणों की शहादत दी तथा अपने धर्म के मार्ग पर अडिग रहे। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह व साहिबजादो के पदचिन्हों पर चलकर ही अपने देश की सेवा की जा सकती है।

### समाजसेवी रघुवीर शर्मा ने बच्चों को बांटी जर्सी



**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** सनशाइन पब्लिक स्कूल भौंगरा में प्रमुख समाजसेवी एवं पूर्व सरपंच प्रतिनिधि पालवां रघुवीर शर्मा ने विद्यार्थियों को जर्सी बांटी। कृष्ण शर्मा करसिंधु ने विद्यार्थियों को लेखन सामग्री के लिए 11000 रुपए दिए। इस मौके पर देशराज शर्मा प्राचार्य सतीश कुमार, चेयरमैन महावीर प्रसाद शास्त्री, संचालक मुकेश मसूदपुर, अंजू चहल, मुकेश मखंड, सीमा उचाना, जसवीर खापड़, नसीब मखंड, मीना, पूजा, रानी रेखा, सीमा, बिंदू, रामफल राकेश,सुनील, दर्शना मौजूद थे।

### किसानों के सच्चे हितैषी है पीएम मोदी, सीएम सैनीः देवेंद्र अत्री

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने



कहा कि किसानों के सच्चे हितैषी पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नायब सिंह सैनी है। कांग्रेस ने कभी किसानों के हित के लिए कुछ नहीं किया। कांग्रेस ने किसानों से वायदे किए लेकिन वायदे पूरे नहीं किए। भाजपा ने सत्ता में आने के बाद जो किसानों से वायदे किए थे उन वायदों से बढ़कर काम किया है। जारी बयान में अत्री ने कहा कि फसल प्राकृतिक आपदा से खराब होने पर किसानों को कांग्रेस के राज में पांच-पांच रुपए तक के चेक दिए गए है। फसल खराब होने पर सबसे अधिक मुआवजा भाजपा सरकार द्वारा किसानों को दिया गया है। हरियाणा पूरे देश में पहला ऐसा राज्य है जिसने एमएसपी की गारंटी दी है। 24 फसलें प्रदेश में एमएसपी पर बिक रही है। पीएम नरेंद्र मोदी की किसान हितैषी सोच के चलते किसानों के लिए किसान निधि शुरू की गई है जो आज तक किसी ने नहीं की थी।

## आज शहीद ऊधम सिंह के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत : काम्बोज

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग के प्रदेशाध्यक्ष अशोक काम्बोज ने श्रद्धांजली अर्पित की

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 26 दिसंबर।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग हरियाणा के अध्यक्ष अशोक काम्बोज ने शहीद ऊधम सिंह को युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए ऊधम सिंह के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जो समाज अपने शहीदों को भूल जाती ळैं। उसका अस्तित्व कभी नहीं रहता हैं। वह शहीद ए आजम ऊधम सिंह को भावाजंली प्रस्तुत कर रहे थे। उन्होंने शहीद ऊधम सिंह के जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सैनानियों पर लाठी चार्ज करने वाले अंग्रेज अफसरको उन्होंने बिदेश में जाकर मारा था। आज जिस तरह से हम खुले में सांस ले रहे है। इसके लिए अनगनित शहीदों ने अपनी शहादत दी। उन्होंने कहा कि शहीदों ने एक शोषण मुक्त और समानता पर आधारित समाज की स्थापना के लिए सपना देखा था। आज हमें उसकी सपने को साकार करने की जरुरत हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों ने देश की आजादी के लिए जो शहादत दी उसके लिए देश हमेशा उनका तथा उनके परिवार का कर्जदार रहेगा।

## अखंड दिव्य ज्योत के दर्शन से श्रद्धालुओं की समस्त कामनाएं पूर्णः महंत

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** ठाकुरद्वारा रत्न दक्ष चिट्टा मंदिर में अखंड दिव्य ज्योत का प्रथम स्थापना दिवस धूमधाम से आयोजित किया गया। षड्दर्शन साधु समाज हरियाणा के कार्यालय सचिव एवं मंदिर संचालक महंत राम अवतार दास के सान्निध्य में शिवलिंग पर जलहरी स्थापित की गई। साथ ही संत पूजन, भक्ति प्रवचन और भंडारा किया गया। कार्यक्रम आयोजक महंत राम अवतार दास द्वारा कार्यक्रम में पधारे षडदर्शन साधु समाज के संरक्षक महंत बंसी पुरी, अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर दास, सचिव महंत लक्ष्मी नारायण पुरी, कोषाध्यक्ष महंत महेश मुनि, संगठन मंत्री सुनील दास, विजय पुरी, हरिनारायण गिरी, महंत स्नेहा दास और संत वासुदेवानंद का स्वागत सत्कार किया गया। महंत राम अवतार दास ने बताया कि मंदिर में एक वर्ष पूर्व आज ही के दिन अखंड दिव्य ज्योत स्थापित की गई।

## पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने वीर बाल दिवस पर साहिबजादे जोरावर सिंह जी व साहिबजादे फतेह सिंह जी को किया नमन

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार




**नारायणगढ़, 26 दिसंबर।** पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने वीर बाल दिवस पर साहिबजादे जोरावर सिंह जी व साहिबजादे फतेह सिंह जी को नमन करते हुए कहा कि धर्म की रक्षा के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान हैं। डॉ. पवन सैनी गांव लाहा में वीर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित कर रहें थे। उन्होंने कहा कि हम सबका यह कर्त्तव्य है कि हम साहिबजादो का जीवन संदेश देश के हर बच्चे तक पहुंचाएं, जिससे की वो उनसे प्रेरणा लेकर देश के लिए समर्पित नागरिक बने।

उन्होंने कहा कि चार साहिबजादो व माता गुजरी जी की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता, जिन्होंने देश व धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि सरबंसदानी दशम पिता धन धन श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी के साहिबजादो बाबा अजीत सिंह जी व बाबा जुझार सिंह जी, बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह ने शहीदी प्राप्त करके विश्व इतिहास में शुरवीरता एवं बहादुरी की अदित्य मिसाल कायम की हैं। उन्होंने कहा कि साहिबजादे जोरावर सिंह जी व साहिबजादे फतेह सिंह जी के त्याग, बलिदान और देश प्रेम के अनूठे बलिदान स्वरूप ही उनकी शहादत को प्रत्येक बच्चे को अवगत कराने के लिए वीर बाल दिवस 26 दिसंबर को मनाया जाता है बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की आज ही के दिन शहादत हुई थी।

वीर बाल दिवस के उपलक्ष में राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ के प्राचार्य डॉक्टर अजीत सिंह के निर्देशन व कार्यकारी प्राचार्य जोगा सिंह के तत्वाधान में महाविद्यालय की एनएसएस सेल और एनसीसी यूनिट गांव लाहा में मनाए जा रहे वीर बाल दिवस समारोह में पहुंचे जिनका नेतृत्व एनसीसी प्रभारी डॉ सतीश कुमार व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नरेश कुमार व डॉ रेनू गुप्ता और कॉलेज प्रभारी डॉ जोगा सिंह ने किया।

## वीर बाल दिवस भारतीय इतिहास में मानवता और वीरता की मिसाल है : डा. श्रीप्रकाश मिश्र

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 26 दिसंबर।** वीर बाल दिवस सिख धर्म और मानवता के लिए प्रेरणा है। साहिबजादों की वीरता केवल सिख धर्म तक सीमित नहीं है, यह सम्पूर्ण मानव समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। वास्तव में धर्म केवल पूजा पद्धति नहीं है, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है।वीर बाल दिवस हमें साहिबजादों की अनोखी वीरता और बलिदान की याद है। यह दिन हमें सिखाता है कि सत्य, धर्म और मुद्रा की रक्षा के लिए किसी भी उम्र में, किसी भी परिस्थिति में अडिग रहना चाहिए। यह विचार बीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित शौर्य संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ वीर साहिबजादों को नमन कर हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने वीर साहिबजादों की याद में जीवन भर सत्य एवं धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों पर वीर साहिबजादों की याद में अनेक संस्मरण प्रस्तुत किये।

डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा साहिबजादों का बलिदान हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है और हमें अपने जीवन में उनके आदर्शों का पालन करने की प्रेरणा देता है।यह दिन हर भारतीय को यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम भी अपने धर्म, सत्य और देश की रक्षा के लिए साहिबजादों की तरह संकल्प लें।

## नन्हे बच्चों ने मनाया वीर बाल दिवस

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** नन्हे बच्चों को देश के इतिहास एवं शहीदों का ज्ञान होगा तो राष्ट्र मजबूत होगा। इसी उद्देश्य से गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। सिखों के दशम गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, व फतेह सिंह त्याग और वीरता की मूर्त हैं। जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। बच्चों को बताया गया कि उन की याद में 21 से 27 दिसम्बर तक पूरा देश उनकी शहादत को याद कर जहां भावविभोर हो उठता है। इन साहिबजादों की धर्म परायणता और देशभक्ति पर हर देशवासी गर्व महसूस करता है। जिन्होंने शीश झुका कर धर्म परिवर्तन करना कबूल नहीं किया अपितु देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने शीश ही वार दिए।

## पुलकित मल्होत्रा ने सफीदों के एसडीएम के रूप में संभाला पदभार

अर्थ प्रकाश/दीवान



**सफीदों, 26 दिसंबर।** एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने सफीदों के एसडीएम के रूप में पदभार संभाल लिया। पुलकित मल्होत्रा 2020 बैच के एचसीएस अधिकारी। इससे पहले वे जगाधरी में हुडा स्टेट ऑफिसर व शाहबाद में एसडीएम के पद पर रहे हैं। इसके अलावा पुलकित मल्होत्रा प्रदेश के कई जिलों में अनेक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पदभार संभालने के उपरांत नवनियुक्त एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने अधिकारियों व कर्मचारियों से मुलाकात करते हुए सफीदों को लेकर उनसे विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी व कर्मठता के साथ करें। किसी भी व्यक्ति को बेवजह कार्यालय के चक्कर काटने की शिकायत उन्हे नहीं मिलनी चाहिए। कार्यालय में कोई भी काम व इंक्वारी पेंडिंग नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को भी निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं की सुनवाई और उनके निपटारे में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य सफीदों में पारदर्शी प्रशासन देना और विकास कार्यो को बढ़ावा देना है। नवनियुक्त एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि किसी भी कार्यालय में भ्रष्टाचार कतई सहन नहीं किया जाएगा।

## अवैध कॉलोनी काटना हमारा अधिकार, नहीं है किसी का डर

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 26 दिसंबर।** टोहाना शहर में अवैध कॉलोनी काटकर कुछ फर्जी कॉलोनाइजर वह कई प्रॉपर्टी डीलर लोगों को बेवकूफ बनाकर उनके जीवन भर की गाढ़ी कमाई को लूटने के लिए लोगों को अवैध कॉलोनी में हर प्रकार की सुविधा देने का लालच देते दिखाई देते हैं। टोहाना शहर में हर रोज किसी ने किसी जगह छोटी-छोटी अवैध कालोनियां शहर में रात के अंधेरे में वह अधिकारियों की मिलीभक्त से काटी जा रही हैं कमाल की बात तो यह है कि कालोनी काटने वाला कॉलोनाइजर अपने प्लांट बेचते हुए सभी विभागों से बिना परमिशन लिए पानी व्यवस्था व सिवरेज व्यवस्था के कनेक्शन भी जारी कर देता है और यह सब कुछ टोहाना शहर में होते हुए भी डी टी पी औ और अन्य उच्च अधिकारी गहरी नींद में सोए हुए प्रतीत होते हैं टोहाना शहर में लगभग जितने भी कालोनियां प्राइवेट काटी गई हैं । उनमें से अधिकतर में सरकार की सभी हिदायतें दर किनारे की हुई हैं लोगों की मांग है कि इन कॉलोनी के अप्रूव्ड नक्शौ के आधार पर इन सभी कॉलोनी की उच्च क्षत्रिय कमेटी द्वारा जांच की जाए ताकि टोहाना शहर के आमजन लोग इन कॉलोनाइजरों की ठगी का शिकार नहीं हो सके और लोगों को यह भी पता लग सके की कॉलोनाइजरों ने कॉलोनी काटते वक्त लोगों को क्या-क्या सपने दिखाएं थे और कितने वर्ष भी बीत जाने पर कितनी कॉलोनी में कितने पर्सेंट काम हुआ हैं। सुनने में यह भी आया है कि एक कॉलोनाइजर ने अपनी काटी गई कॉलोनी में अप्रूव्ड कम्युनिटी हॉल की जगह को भी प्लांट बनाकर सेल कर दिए गए हैं। इन सभी कॉलोनीयों की जांच विजिलेंस विभाग से करवाई जानी चाहिए ताकि दूध का दूध व पानी का पानी हो।

### भगवान महावीर स्वामी के 2551वें निर्वाण कल्याणक वर्ष के उपलक्ष 15वां पाठ आयोजित

## समस्त कार्यों को सिद्ध करने वाला कल्याणकारी अनादि सिद्ध मंत्र है णमोकार : आनंद जैन

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर, 26 दिसंबर।** जैन मिलन यमुनानगर.जगाधरी द्वारा भगवान महावीर स्वामी के 2551 वें निर्वाण कल्याणक वर्ष के उपलक्ष में णमोकार महामंत्र की श्रृंखला का 15 वां पाठ जगाधरी हुडा निवासी राजीव जैन नीरू जैन परिवार के सौजन्य से उनके निवास पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिलन प्रधान वीर महेश जैन ने की तथा कार्यक्रम का संचालन मिलन महामंत्री वीर देवेन्द्र जैन ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संयोजक वीर संदीप जैन ने संबोधित करते हुये बताया कि णमोकार मंत्र तीन लोक में अनुपम व संसार में सर्व पापों का नाशक है। संसार का उच्छेदक सर्व सिद्धिदायक, शिव सुख उत्पादक, केवलज्ञान उत्पादक महामंत्री है। इस नमस्कार महामंत्र का एक एक पद अत्याधिक प्रभावशाली नवग्रह शांति में णमोकार मंत्र वर्णानुसार कार्यकारी है। आगम में अरिहंत परमेष्ठी का रंग श्वेत है, सिद्ध परमेष्ठी का रंग लाल है, आचार्य परमेष्ठी का वर्ण पीला है, उपाध्याय परमेष्ठी का रंग हरा (नीला) है व साधू परमेष्ठी का रंग काला (श्याम) है। वीर दीपक जैन ने णमोकार मंत्र के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि णमोकार महामंत्र को जैन धर्म का परम पवित्र और अनादि मूल मंत्र माना जाता है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं किंतु संपूर्ण रूप से विकसित और विकासमान विशुद्ध आत्म स्वरूप का दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है। इसलिए यह अनादि और अक्षय स्वरूपी मंत्र है। उन्होंने कहा कि यह लोकोत्तर मंत्र है, यह मंत्र णमोकार मंत्र बहुत आत्म सहायक है। आत्म विशुद्धि और मुक्ति के लिए नियमित रूप से णमोकार मंत्र का जाप करना चाहिए। वीर आनंद जैन ने बताया कि लोकोत्तर मंत्र लौकिक और लोकोत्तर दोनों कार्य सिद्ध करते हैं। इसलिए णमोकार मंत्र सर्व कार्य सिद्धि कारक लोकोत्तर मंत्र माना जाता है। णमोकार मंत्र के स्मरण से रोग, दरिद्रता, भय तथा विपत्तियां दूर होती है। मन चाहे काम आसानी से बन जाते है, अतः यह निश्चित रूप में माना जा सकता है कि णमोकार महामंत्र हमें जीवन की समस्याओं, कठिनाइयों, चिंताओं व बाधाओं से पार पहुंचाने में सबसे बड़ा आत्म सहायक है। इसलिए इस मंत्र का नियमित जाप करना बताया गया है। उन्होंने आगे बताया कि इस मंत्र में पांच परमेष्ठियों को नमस्कार किया जाता है। इन पवित्र आत्माओं को शुद्ध भावपूर्वक किया गया यह पंच नमस्कार सब पापों का नाश करने वाला है। संसार में सबसे उत्तम मंगल है। यह महामंत्र समस्त कार्यो को सिद्ध करने वाला कल्याणकारी अनादि सिद्ध मंत्र है। इसकी आराधना करने वाला स्वर्ग और मुक्ति को प्राप्त कर लेता है। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्ति, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।




# नहीं रहे पूर्व पीएम मनमोहन सिंह

## दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में ली अंतिम सांस

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** भारतीय राजनीति के सबसे सम्मानित और विद्वान नेताओं में से एक, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। दिल्ली के एम्स में भर्ती किए जाने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉ. सिंह का निधन भारतीय राजनीति के एक युग का अंत है। उनकी सादगी, विद्वता और कुशल नेतृत्व को देश हमेशा याद करेगा। आइए, उनकी जीवन यात्रा और पांच बड़ी उपलब्धियों पर एक नजर डालते हैं।

गौरतलब है कि डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को पंजाब के गाह गांव (अब पाकिस्तान में) में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा पाकिस्तान और फिर भारत में हुई। उन्होंने ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से पढ़ाई की और अर्थशास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। डॉ. सिंह ने अपने करियर की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (ढ्ढरूस्न) जैसे संगठनों में की। इसके बाद, वह भारत लौटे और वित्त मंत्रालय, योजना आयोग, और भारतीय रिजर्व बैंक जैसे शीर्ष पदों पर अपनी सेवाएं दीं।

### राजनीतिक सफर

1980 के दशक में डॉ. सिंह का राजनीतिक सफर शुरू हुआ। वह 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री बने और इसके बाद 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। डॉ. सिंह का कार्यकाल ऐसे समय में हुआ जब देश को आर्थिक और सामाजिक मोर्चे पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

### कांग्रेस ने सभी कार्यक्रम किए रद्द

कर्नाटक के बेलगावी में चल रही कांग्रेस वर्किंग कमेटी मीटिंग रद्द कर दी गई है। साथ ही 27 दिसंबर को होने वाले सभी प्रोग्राम भी कैंसिल कर दिए गए हैं। राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बेलगावी से दिल्ली रवाना हो गए हैं। एम्स के बाहर सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। प्रियंका गांधी व सोनिया गांधी एम्स पहुंचीं।

### डॉ. मनमोहन सिंह की ऐतिहासिक उपलब्धियां

**1. आर्थिक उदारीकरण का सूत्रपात (1991):** 1991 में भारत गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार खत्म हो चुका था, और देश पर कर्ज का बड़ा दबाव था। डॉ. मनमोहन सिंह ने वित्त मंत्री के रूप में आर्थिक सुधारों का खाका तैयार किया।

लिबरलाइजेशन, प्राइवेटाइजेशन और ग्लोबलाइजेशन मॉडल: उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को खोलते हुए निजीकरण और वैश्वीकरण की नीति अपनाई।

**परिणाम:** इन सुधारों ने भारत को तेज आर्थिक विकास की राह पर ला खड़ा किया और देश को अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बनाया।

**2. आईटी और टेलीकॉम क्रांति** : प्रधानमंत्री रहते हुए डॉ. सिंह ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और दूरसंचार क्षेत्र में बड़े सुधार किए।

**आईटी उद्योग:** भारत को ग्लोबल आउटसोर्सिंग हब बनाने में उनकी नीतियों का बड़ा योगदान रहा।

**टेलीकॉम सेक्टर:** मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी को देश के दूरस्थ इलाकों तक पहुंचाया, जिससे डिजिटल क्रांति का आगाज हुआ।

3. ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना: 2006 में यूपीए सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया।

लक्ष्य: ग्रामीण गरीबों को 100 दिनों का गारंटीकृत रोजगार प्रदान करना।

परिणाम: यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी कम करने और विकास को बढ़ावा देने में बेहद प्रभावी रही।

4. भारत-अमेरिका परमाणु समझौता (2008)

डॉ. सिंह की दूरदर्शिता का एक बड़ा उदाहरण भारत-अमेरिका सिविल न्यूक्लियर डील है।

**फायदा:** इस समझौते ने भारत को स्वच्छ और सतत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया।

चुनौतियां: विपक्ष के भारी विरोध के बावजूद, उन्होंने इस समझौते को पारित कराकर भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत किया।

**5. शिक्षा में सुधार:** उनके कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक सुधार हुए।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 6 से 14 साल के बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा की गारंटी।

**उच्च शिक्षा:** नए आईआईटी, आईआईए और केंद्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना, जिससे युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का अवसर मिला।

---

बुंदेलखंड को उत्तर प्रदेश का स्वर्ग बनाने की एक और पहल

## 44605 करोड़ की केन-बेतवा लिंक परियोजना से होगा कायाकल्प

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

बुंदेलखंड/लखनऊ। बुन्देलखण्ड शौर्य और संस्कार की है धरती। यह धरती अपनी विरासत के अनुरूप उत्तर प्रदेश का स्वर्ग बने, यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प है। इस संकल्प के अनुसार बुंदेलखंड को केंद्र में रखकर कई योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। प्रयासों की इस कड़ी में केन-बेतवा लिंक परियोजना भी जुड़ गई है। पूरी होने पर ये परियोजना बुंदेलखंड के कायाकल्प में मील का पत्थर साबित होगी। इससे उत्तर प्रदेश के झांसी, महोबा, बांदा और ललितपुर के 2.51 लाख हेक्टेयर खेतों की प्यास बुझेगी। साथ ही 21 लाख लोगों को पीने का पानी मिलेगा। उल्लेखनीय है कि देश को बाढ़ और सूखे के संकट से स्थाई निदान के लिए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने नदी जोड़ो की जिस बेहद महत्वाकांक्षी परियोजना की जो कल्पना की थी, केन-बेतवा लिंक भी उसी की कड़ी थी। अटल जी के 100वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 44605 करोड़ रुपये की इस परियोजना का शिलान्यास करना खुद में खास हो गया। इस परियोजना में 90 प्रतिशत अंशदान केंद्र का होगा बाकी 10त्न संबंधित राज्य सरकार वहन करेगी।

परियोजना का शिलान्यास भले ही 25 दिसंबर को हुआ हो, पर बुंदेलखंड के लोगों को इसका अधिकतम लाभ यथाशीघ्र मिले इसके लिए योगी सरकार इस पर पहले से ही इस पर काम शुरू कर चुकी है।

बांदा में केन-बेतवा लिंक परियोजना का कार्यालय खुल चुका है। जिन चार जिलों को इस परियोजना से लाभान्वित होना है उनका ट्रॉपोग्राफिकल सर्वे (जमीनी सतह का विस्तृत सर्वे) किया जा चुका है। इसी आधार पर अगले साल के शुरुआत में डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनाने का लक्ष्य है। यूपी में इस परियोजना के तहत 24 किलोमीटर की जो नहर बननी है उसके टेंडर की प्रकिया भी शीघ्र शुरू होगी। इस बाबत जिन ग्राम पंचायतों से करीब 245 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण होना है उनको भी चिन्हित किया जा चुका है। योगी कैबिनेट ने दिसंबर की शुरुआत में ही इसके पुनरीक्षित लागत के अनुसार करीब 1192 करोड़ रुपये की मंजूरी दी थी।

बुंदेलखंड की दो प्रमुख समस्याएं रही हैं। पानी की कमी और औद्योगिक शून्यता। मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी सरकार ने इन दोनों पर खास फोकस किया।

साढ़े सात साल से किए गए तमाम प्रयासों का नतीजा है कि आज बुंदेलखंड सोलर एनर्जी का हब बन रहा है। डिफेंस कॉरिडोर यहां के औद्योगिक माहौल को और बूस्टअप कर रहा है। सरकार की योजना कानपुर और झांसी के बीच 36 हजार एकड़ में झांसी के 33 गांवों को मिलाकर नोएडा से भी बड़ा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, बीडा (बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण) बनाने की है। इस पर काम भी शुरू हो गया है। इसके अलावा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे स्थान विशेष की परंपरा को ध्यान रखते हुए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर भी विकसित किया जा रहा है। यूपी एग्रीज योजना में भी पूर्वांचल के साथ बुंदेलखंड पर ही सरकार का सारा फोकस है।

## अमिताभ बच्चन ने खुलासा किया कि वह अल्लू अर्जुन के बहुत बड़े फैन

**चंडीगढ़।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का ज्ञान-आधारित गेम शो, 'कौन बनेगा करोड़पति सीज़न 16', 'इंडिया चैलेंजर वीक' के साथ फ़ॉर्मेट में रोमांचक ट्विस्ट लाया है। इस सप्ताह, 10 प्ले-अलॉन्ग प्रतियोगियों में से, फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड के टॉप दो प्रतियोगी हॉटसीट पर अपनी जगह सुनिश्चित करने के लिए 'जल्दी 5 बज़र राउंड' में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस बज़र चैलेंज का विजेता मनी ट्री पर छठे प्रश्न से शुरुआत करते हुए खेल जारी रखेगा। इंडिया चैलेंजर वीक के असाधारण प्रतियोगियों में कोलकाता निवासी उत्साही होममेकर और होम ट्यूटर रजनी बर्निवाल भी हैं। वह शो में जीतकर और इससे हासिल धनराशि का उपयोग किंडरगार्टन स्कूल खोलने के अपने सपने को पूरा करने के लिए करना चाहती हैं। अमिताभ बच्चन ने कहा, 'कंप्यूटर जी ने हमें बताया है कि आप अल्लू अर्जुन की बहुत बड़ी फैन हैं।' इस पर राजनी ने जवाब दिया, 'सर, मैं अल्लू अर्जुन और आपकी दोनों की फैन हूं।' यह सुनकर बिग बी ने हंसते हुए कहा, 'मेरा नाम जोड़ने से अब कोई फर्क नहीं पड़ेगा।' बच्चन साहब ने आगे कहा, 'अल्लू अर्जुन बेहद प्रतिभाशाली कलाकार हैं, और उन्होंने जो नाम कमाया है, वह पूरी तरह से इसके हकदार हैं। मैं भी उनका बड़ा फैन हूं। हाल ही में उनकी एक फिल्म रिलीज़ हुई है, और अगर आपने अभी तक नहीं देखी है, तो आपको ज़रूर देखनी चाहिए। लेकिन मेरी उनसे तुलना मत कीजिए।

## स्मार्टसर्किट्स इनोवेशन का स्पेस टेक स्टार्ट-अप स्पेस रिसर्च में इतिहास रचने को तैयार

इसरो का पीएसएलवी-सी60 रॉकेट आगामी 30 दिसंबर को एआई लैब को ले जाने वाले सैटेलाइट को ऑर्बिट में स्थापित करेगा

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

चंडीगढ़। स्पेस टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, तीन युवा स्पेस साइंस रिसर्चर्स और स्मार्टसर्किट्स इनोवेशन के संस्थापकों, ने एक पाथ-ब्रेकिंग एक्सपेरीमेंट डेवलप किया है जिसे 30 दिसंबर 2024 को प्रतिष्ठित इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) द्वारा पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरीमेंट प्लेटफॉर्म (पीओईएम) सी60 मिशन के दौरान कक्षा में स्थापित किए जाने वाले उपग्रह में लॉन्च किया जाएगा। रिसर्चर्स सौरभ कौशल, राघव शर्मा और सचिन शर्मा इसरो द्वारा सर्टीफाइड स्पेस ट्यूटर और यमुनानगर, हरियाणा से इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉटिकल फैडरेशन के सदस्य हैं। उनके इस रेवोल्यूशनरी एक्सपेरीमेंट को इसरो के



पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के माध्यम से अंतरिक्ष में भेजा जाएगा।

अर्थ प्रकाश से बातचीत करते हुए सौरभ कौशल, डायरेक्टर-इनोवेशन, स्मार्टसर्किट्स इनोवेशन ने बताया कि यह एक्सपेरीमेंट सैटेलाइट की सबसे बाहरी सतह पर रखे गए एक्सर्टनल सेंसर का उपयोग करके लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) में एक रोलिंग सैटेलाइट के टेम्प्रेचर प्रोफ़ाइल को मापने पर केंद्रित है। लक्स/एम्बिएंट सेंसर का उपयोग करके तापमान की रीडिंग भी ली जाएगी। ज्ञात रहे कि यह एक्सपेरीमेंट भारत की पहली एआई स्पेस लैब, माई ऑर्बिटल इंफ्रास्ट्रक्चर - टेक्नोलॉजी डेमोस्ट्रेटर (एमओआई-टीडी) का हिस्सा होगा। एमओआई-टीडी सैटेलाइट पर एक पेलोड होगा। एमओआई-टीडी प्रोजेक्ट का नेतृत्व टेकमी2स्पेस द्वारा किया जा रहा है। उधर राघव शर्मा, डायरेक्टर-टेक्नोलॉजी, स्मार्टसर्किट्स इनोवेशन ने कहा कि यह इनोवेटिव मिशन ऑर्बिट में रियल टाइम डेटा प्रोसेसिंग की क्षमताओं को प्रदर्शित करेगा, जिससे पृथ्वी पर व्यापक डेटा ट्रांसमिशन की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी और बेहद किफायती है। जबकि सचिन शर्मा, डायरेक्टर-बिजनेस, स्मार्टसर्किट्स इनोवेशन का कहना है कि स्कूलों, यूनिवर्सिटीज और रिसर्चर्स को कम लागत वाले सैटेलाइट्स को डेवलप करने और उन्हें लगभग 50 किमी की ऊंचाई पर लॉन्च करने का अवसर प्रदान करेगा। रौनक कुमार सामंत्रे, सीईओ, टेकमी2स्पेस ने सैटेलाइट ऑपरेशंस में चुनौतियों का समाधान करने में एमओआई-टीडी प्लेटफ़ॉर्म को एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## टी 10 इंटर-स्टेट वीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट 28-29 को

यह टूर्नामेंट पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में आयोजित होगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** वीमेन एंड चाइल्ड केअर वेलफेयर फाउंडेशन (डब्ल्यूसीसी डब्ल्यूएफ), एक प्रमुख एनजीओ, इंस्टिट्यूट ऑफ डेवेलपमेंट एंड कम्युनिकेशन संस्थान, चंडीगढ़ और जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) मोहाली के सहयोग से टी 10 इंटर-स्टेट वीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए तैयार है। टूर्नामेंट का समर्थन चंडीगढ़ प्रशासन, यू टी स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी पंजाब भी कर रहे हैं। टी 10 इंटर-स्टेट वीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट 28-29 दिसंबर 2024 को पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में आयोजित होगा। डब्ल्यूसीसीडब्ल्यूएफ



की को-फाउंडर और प्रेसिडेंट जसबीर कौर ने इस अद्वितीय क्रिकेट टूर्नामेंट के बारे में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, हम पिछड़े हुए समुदायों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस टूर्नामेंट के माध्यम से हम डिफरेंटली एबल्ड खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रेस मीट इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एंड कम्युनिकेशन (आईडीसी), सेक्टर 38, चंडीगढ़ में आयोजित की गई थी।

इस कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए डब्ल्यूसीसीडब्ल्यूएफ के को-फाउंडर कमलजीत सिंह ने कहा कि यह वीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड की टीमों के बीच खेला जाएगा । दोनों दिनों में मैच सुबह 10-30 बजे शुरू होंगे। फाइनल मैच 29 दिसंबर को खेला जाएगा, इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह होगा।

सिंह ने कहा कि इंटर स्टेट स्तरीय टीमों को एक साथ लाकर यह टूर्नामेंट प्रतिभा को बढ़ाने का एक मंच प्रदान करेगा। आईडीसी चंडीगढ़ के डिप्टी डायरेक्टर और जेएसएस मोहाली के वाइस चेयरपर्सन डॉ. चंदन अवस्थी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों में लोगों की भागीदारी और प्रोत्साहन उन लोगों के लिए संभावनाओं को फिर से परिभाषित करने में मदद करेगा जो शारीरिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना करते हैं। जन शिक्षण संस्थान, मोहाली के वित्त एवं प्रशासन अधिकारी संजीव कुमार ने कहा, ÷यह पहल समावेशन, संकल्प और खेल भावना की झलक दिखाने का वादा करती है। यह टूर्नामेंट वीलचेयर स्पोर्ट्स सोसाइटी, पंजाब द्वारा भी समर्थित है और इसे डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट कौंसिल ऑफ इंडिया (डीसीसीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त है। जसबीर कौर ने आगे कहा कि हम लोगों, संगठनों और खेल प्रेमियों से इस नोबल कॉज में हाथ बंटाने की अपील करते हैं। हम आम जनता से भी निवेदन करते हैं कि वे बड़ी संख्या में आकर इन प्रतिभाशाली दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों को खेलते हुए देखें, ताकि वे प्रेरित महसूस करें।

सीआईडी के अभिनेता आदित्य श्रीवास्तव ने कहा-

## 'सीआईडी देखने के बाद कई बच्चे पुलिस बल में शामिल होने के लिए प्रेरित हुए'

**चंडीगढ़।** क्लासिक क्राइम ड्रामा सीआईडी सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर वापस आ गया है, जिससे कई लोगों की बीते ज़माने की यादें ताज़ा हो गई हैं। यह शो, जिसने दो दशकों से अधिक समय तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है, अब हर शनिवार और रविवार रात 10 बजे चैनल पर प्रसारित हो रहा है। शो के साथ ही इसकी प्रसिद्ध तिकड़ी- शिवाजी साटम, आदित्य श्रीवास्तव, और दयानंद शेट्टी वापस आ गए हैं, जो एसीपी प्रद्युमन और सीनियर इंस्पेक्टर अभिजीत और दया की भूमिकाएं दोबारा निभा रहे हैं, जिससे उनके फैंस बेहद खुश हैं। एक खास इंटरव्यू में, हम सीनियर इंस्पेक्टर अभिजीत, यानी आदित्य श्रीवास्तव से मिले, जिन्होंने अपने किरदार के विकास, नए सीज़न की शूटिंग के अपने अनुभव, और इस ऐतिहासिक शो को लेकर फैंस की उम्मीदों बारे में खुलकर बात की। शो की विरासत और भारतीय टेलीविज़न पर इसके प्रभाव को लेकर आपको कैसा महसूस होता है? सीआईडी की विरासत कुछ ऐसी है जिस पर मुझे बेहद गर्व है। यह देखने का अनुभव बेहद सुखद है कि सीआईडी ने दर्शकों के साथ एक अनोखा रिश्ता बना लिया है। शो का प्रभाव केवल उन मामलों तक सीमित नहीं है जो हमने सुलझाए हैं, बल्कि यह किरदारों, उनके आपसी संबंधों, और दर्शकों से कनेक्ट करने के हमारे तरीके के बारे में है। इतने सालों से, सीआईडी एक घरेलू नाम बन गया है, इसके प्रतिष्ठित किरदार और उनके यादगार डायलॉग दर्शकों के मन में बस गए हैं।

# स्वामित्व संपत्ति कार्ड: ग्रामीण संपदाओं के आर्थिक लाभ का माध्यम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर 24 अप्रैल,2020 को स्वामित्व योजना शुरू की गई। यह योजना ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की एक ऐतिहासिक पहल है। इसका उद्देश्य देश के सभी बसावट वालेक्षेत्रों में प्रत्येक ग्रामीण घर के मालिक को 'अधिकार पत्र' प्रदान करना था। यह परिवर्तनकारी योजना ग्रामीण संपदाओं से आर्थिक लाभ प्राप्ति के द्वार खोल रही है और व्यापक तौर पर ग्राम-स्तरीय योजना को बढ़ावा दे रही है। अपने चरणबद्ध कार्यान्वयनद्वारा यह योजनाभूमि प्रशासन में क्रांति ला रही है और ग्रामीण समुदायों में आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रही है।

भूमि अधिकांश आर्थिक गतिविधियों के लिए आधारशिला के रूप में कार्य करती है।यह विकास और समृद्धि का आधार भी बनती है। ग्रामीण भारत के बसावट वाले क्षेत्र (आबादी वाली भूमि) लंबे समय से महत्वपूर्ण सुधारों से अछूते रहे हैं। सीमित सर्वेक्षण किए जाने और सटीक मानचित्र उपलब्ध न होने के कारण, इन क्षेत्रों में संभावित संपत्ति स्वामित्व, अनसुलझे विवाद और संस्थागत ऋण तक पहुंच की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा है।

भूमि प्रशासन में इस कमीके कारण ग्रामीण लोग गैर-संस्थागत ऋणदाताओं पर निर्भर होते थे। ऐसे ऋणदाता अत्यधिक ब्याज दर पर वसूली करते थे।इससे गरीबी और वित्तीय असुरक्षा बढ़ती गई। इन चुनौतियों को पहचानते हुए, राज्य राजस्व या पंचायती राज अधिनियमों द्वारा समर्थित संपत्ति कार्ड जारी करने के लिए स्वामित्व योजना की अवधारणा बनाई गई थी। ये कार्ड स्वामित्व का औपचारिक दस्तावेजीकरण प्रदान करते हैं।इसके द्वारा वित्तीय समावेशन और सतत ग्रामीण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। स्वामित्व योजना को पहले छह राज्यों-महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में पायलट चरण में शुरू किया गया था। माननीय प्रधानमंत्री ने 11 अक्टूबर,2020 को 763गांवों में लगभग एक लाख संपत्ति मालिकों को स्वामित्व कार्ड वितरित किए। शुरूआती सफलता के बादइस योजना को 24 अप्रैल,2021 को पूरे देश में लागू किया गया। आज तक 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों के सर्वेक्षण में समन्वित प्रयास सुनिश्चित करने के लिए भारतीय सर्वेक्षण विभाग के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

उन्नत ड्रोन तकनीक को अपनाना इस योजना की सफलता का आधार है। आबादी क्षेत्रों के हाई-रिजॉल्यूशन वाले नक्शे तैयार किए जाते हैं, जिससे संपत्ति का सटीक चित्रण संभव होता है। यह तकनीकी क्रियाकलाप ग्रामीण संपत्तियों के दस्तावेजीकरण में सटीकता, पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करता है।

संपत्ति कार्ड जारी करने से ग्रामीण क्षेत्रों में अप्रयुक्त आर्थिक क्षमता का लाभ मिल रहा है। संपत्ति के मालिक अब व्यवसाय का विस्तार करने, बेहतर आवास में निवेश करने या कृषि उत्पादकता में सुधार करने के लिए बैंक ऋण प्राप्त करके अपनी संपत्ति का आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह बदलाव अनौपचारिक ऋणदाताओं पर निर्भरता को कम करने के साथ ही वित्तीय स्वतंत्रता की संस्कृति को बढ़ावा भी दे रहा है। इसके अलावा, सटीक भूमि रिकॉर्ड की उपलब्धता संपत्ति विवादों को कम कर रही है।ऐसे विवादों ने ग्रामीण समुदायों पर अत्यधिक बोझ डाला है और न्यायिक प्रणालियों को अवरुद्ध किया है। स्वामित्व योजना संघर्ष को कम करकेसामाजिक सद्भाव को बढ़ावा दे रही है और सामुदायिक संबंधों को सुचारू बना रही है।

वित्तीय सशक्तिकरण के अलावा,स्वामित्व योजना एक सुव्यवस्थित ग्राम विकास को आगे बढ़ा रही है। विस्तृत मानचित्रों का निर्माण संभव होने से स्थानिक नियोजन और पंचायतों में विकास नियंत्रण विनियमन (डीसीआर) की शुरूआत को बल मिला है। ये उपाय असंगठित विकास को औपचारिक बनाते हैं और भूमि का मनोनुकूल इस्तेमाल सुनिश्चित करते हैं। बिल्डिंग परमिशन सिस्टम कायम होने से सुरक्षा मानक और भी अधिक बढ़े हैं और सौंदर्य तथा संरचनात्मक रूप से सशक्त निर्माण को बढ़ावा भी मिला है।

योजना से मिलने वाला योगदान सतत विकास लक्ष्य 11 के अनुकूल है। यह 'स्थायी शहरों और समुदायों' पर जोर देता है। नियोजित विकास और टिकाऊ प्रणालियों को प्रोत्साहित करके, स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों को आर्थिक गतिविधि के केंद्र बनाने के साथ-साथ उन्हें बेहतर



जीवन स्तर के रूप में विकसित कर रही है। स्वामित्व योजना ग्रामीण विकास में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका को मजबूत करती है। सटीक भूमि रिकॉर्ड बेहतर शासन के लिए आधार के रूप में काम करते हैं।इससे डेटा-संचालित निर्णय लेने और सरकारी योजनाओं के कुशल कार्यान्वयन को सक्षम बनाने में मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त, बिल्डिंग परमिशन सिस्टम और अन्य पहलों के माध्यम से उत्पन्न राजस्व पंचायतों के स्वयं के स्रोत राजस्व (ओएसआर) में योगदान मिलता है और उनकी वित्तीय स्वायत्तता बढ़ती है।

अब तक देश भर में लाखों स्वामित्व कार्ड वितरित किए जा चुके हैं।यह इस योजना के व्यापक प्रभाव को दर्शाता है। ये प्रयास आर्थिक विकेंद्रीकरण और जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को चिन्हित करते हैं। माननीय प्रधानमंत्री 27 दिसम्बर, 2024कोएक ही दिन में 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 50,000 से अधिक गांवों में 58 लाख स्वामित्व कार्डों के ई-वितरण का शुभारंभ करके इतिहास रचेंगे औरइस योजना के तहत 2 करोड़ से अधिक संपत्ति कार्डों के निर्माण और वितरण का एक और मील का पत्थर हासिल होगा। यह माननीय प्रधानमंत्री के विज़न को साकार करता है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है और वित्तीय समावेशन, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण भारत में उद्यमिता, रोजगार और व्यवसाय की स्थापना के अवसरों के निर्माण के लिए भारत की प्रतिबद्धता (संकल्प) को प्रदर्शित करता है। स्वामित्व योजनाग्रामीण संपत्तियों का आर्थिक लाभ प्राप्त करने केतकनीकी क्रियाकलापों की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रमाण है। यह योजना ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाती है और विकसित भारत में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी मजबूत करती है।

स्वामित्व एक योजना से कहीं अधिक है। यह एक आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत के लिए एक विजन है। ग्रामीणों को उनकी संपत्तियों को भुनाने के लिए उपकरण प्रदान करके, यह उद्यमशीलता और नवाचार को बढ़ावा देता है। जैसे-जैसे ग्रामीण क्षेत्र आर्थिक रूप से अधिक जीवंत होते जाते हैं, वे राष्ट्र के समग्र विकास पथ में योगदान करते हैं।

स्वामित्व योजना की सफलता इसके निरंतर विकास की मांग करती है। जागरूकता अभियानों का विस्तार यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार संपत्ति कार्ड से लाभान्वित हो। वित्तीय संस्थानों के साथ सहयोग द्वारा ऋण तक पहुंचना और सरल बन सकता है। वहीं,कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) जैसी नई तकनीकों को आपस में जोड़कर ग्रामीण नियोजन के लिए डेटा विश्लेषण को बढ़ाया जा सकता है।

इसके अलावा, योजना की संरचना समान भूमि प्रशासन संबंधी चुनौतियों से जूझ रहे अन्य देशों के लिए एक मॉडल हो सकती है। इस क्षेत्र में भारत का नेतृत्व इसे ग्रामीण विकास के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में वैश्विक अग्रणी के रूप में स्थापित करता है। स्वामित्व संपत्ति कार्ड पहल सिर्फ एक दस्तावेजीकरण अभियान से कहीं ज्यादा है।यह ग्रामीण संपत्तियों का आर्थिक लाभ प्राप्त करने, वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने और समग्र ग्राम विकास को सक्षम करने का एक सशक्त माध्यम है। भूमि प्रशासन में लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान करके, यह ग्रामीण समुदायों को गरीबी के चक्र से मुक्त होने और विकास के अवसरों को अपनाने के लिए सशक्त बना रहा है।

यह योजना तेजी से आगे बढ़ रही है।यह अभिनव नीति निर्माण और तकनीकी क्रियाकलाप की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रमाण बन रही है। स्वामित्व के ज़रिए, एक समृद्ध, आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत का सपना निरंतर साकार हो रहा है।

**वित्तीय समावेशन और उद्यमिता को बढ़ावा:** स्वामित्व संपत्ति कार्ड जारी होने से लाखों ग्रामीण परिवारों के पास अब एक मान्यता प्राप्त वित्तीय संपत्ति उपलब्ध है। इसने (i) ग्रामीण भारत में छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) का फलना-फूलना, (ii) ग्रामीण परिवारों को शिक्षा, आवास या व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंक ऋण सुरक्षित करना, और (iii) बेहतर घरेलू आय और आर्थिक स्वतंत्रतानिम्नलिखित के लिए रास्ते खोले हैं। मध्य प्रदेश और राजस्थान मेंसंपत्ति मालिकों ने बैंक ऋण प्राप्त करने, आवास सुविधा में निवेश करने और परिवार द्वारा संचालित व्यवसायों का समर्थन करने के लिए स्वामित्व कार्ड का सफलतापूर्वक उपयोग किया है।

**ग्रामीण संपदाओं की आर्थिक संभावनाओं के द्वार खुले:** स्वामित्व संपत्ति कार्ड केवल एक दस्तावेज नहीं है - यह वित्तीय स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की कुंजी है। प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों और सहभागी शासन का लाभ उठाकर, इस योजना ने ग्रामीण संपदाओं की आर्थिक संभावनाओंके द्वार खोले हैं।इससे उद्यमिता, रोजगार और बेहतर आजीविका के अवसर पैदा हुए हैं। जैसे-जैसे यह पहल विकसित होती जा रही है, यह एक मजबूत, सशक्त और आर्थिक रूप से जीवंत ग्रामीण भारत के निर्माण के लिए भारत के संकल्प (संकल्प) का प्रतीक बनती जारही है।

**-डॉ. बिजय कुमार बेहरा,**
**आर्थिक सलाहकार,**
**पंचायती राज मंत्रालय**

# माया गार्डन मैग्नीशिया के निवेशकों ने लगाए बिल्डर पर धोखा करने के लगाए आरोप

सरकार तथा प्रशासन को शिकायतें करते-करते परेशान हुए निवेशक

प्रोजेक्ट में अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए सरकार से की जांच की मांग

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग



**जीरकपुर, 26 दिसंबर।** स्थानीय चंडीगढ़ अंबाला हाईवे पर स्थित माया गार्डन मैग्नीशिया प्रोजेक्ट के निवेशकों ने बिल्डर पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए तथा प्रोजेक्ट में अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए सरकार से की जांच की मांग की। माया गार्डन मैग्नीशिया प्रोजेक्ट के पीड़ित निवेशकों द्वारा मैग बायर्स वेलफेयर एसोसिएशन का गठन करके रिटायर्ड कर्नल प्रवीण विज को इस संस्था का सर्व समिति से अध्यक्ष बनाया गया था जिसमें सभी पीड़ित निवेशकों को सदस्य बनाया हुआ है। इस संस्था के पदाधिकारीयों के अनुसार करीब 5-6 वर्ष पहले बरनाला बिल्डर द्वारा माया गार्डन मैग्नीशिया के नाम पर जीरकपुर के चंडीगढ़ अंबाला हाईवे पर एक प्रोजेक्ट शुरू किया गया था, जिसमें लोगों को निवेश करने के लिए कहा गया था। प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले जो बिल्डर द्वारा सीएलयू लिया गया था उसमें साफ-साफ लिखा गया था कि यह प्रोजेक्ट एक ही यूनिट है इसको अलग-अलग हिस्सों में डेवलप नहीं किया जा सकता। इसके बाद रेरा से भी जब मंजूरी ली गई है वह भी सिंगल यूनिट की ही मंजूरी ली गई थी उसमें भी यही बात लिखी गई थी कि इसको अलग-अलग हिस्सों में डेवलप नहीं किया जा सकता और इसकी पूरे प्रोजेक्ट के मुकम्मल होने की तिथि भी एक ही होगी। लेकिन बिल्डर द्वारा पैसे बचाने के चक्कर में सबसे पहले गलती यही की गई कि उसके अलग-अलग टावर बना दिए गए। निवेशकों ने आगे आरोप लगाया कि बिल्डर द्वारा जो प्रोजेक्ट के डिजाइन की मंजूरी ली गई है, उसमें भी बिल्डर द्वारा बदलाव कर दिए गए हैं तथा प्रोजेक्ट में जो शोरूम तथा दुकानें बनाई गई है उनके भी साइज पहले बताए गए साइज से कम बनाए गए हैं। निवेशकों ने यह भी आरोप लगाया के नगर कौंसिल से प्रोजेक्ट की कंप्लीशन सर्टिफिकेट लेने के लिए 8 से 10 एनओसी लेनी पड़ती है लेकिन बिल्डर के पास सारी एनओसी नहीं है और नगर कौंसिल अधिकारियों ने बिल्डर के साथ मिली भगत करके उसे कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया के बिल्डर द्वारा दो तरह के सर्टिफिकेट लिए जाने जरूरी है जिनमें से एक कंप्लीशन सर्टिफिकेट और दूसरा ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट, तथा नियमों के अनुसार दोनों सर्टिफिकेट एक साथ जारी नहीं किया जा सकते। इनमें से कंप्लीशन सर्टिफिकेट पहले जारी होता है, इसके बाद ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट जारी होता है, लेकिन नगर कौंसिल द्वारा बिल्डर को मिली भगत करके एक ही सर्टिफिकेट में दोनों का जिक्र किया हुआ है जो के नियमों के बिल्कुल विपरीत है।

निवेशक कौन है बिल्डर पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट को फायर विभाग द्वारा भी नोटिस जारी किया गया है तथा इस प्रोजेक्ट में बिजली की तारें भी बिल्कुल सही नहीं है तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट सही काम नहीं कर रहा जिसके चलते माया गार्डन मैग्नीशिया प्रोजेक्ट में सीवरेज ओवरफ्लो हो रहा है।

### बिल्डर द्वारा नहीं दिया जा रहा निवेश की गई रकम का मुनाफा

मैग बायर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अनुसार निवेश करते समय बिल्डर द्वारा निवेशकों को हर वर्ष उनके द्वारा निवेश की गई रकम का 11न मुनाफा देने का भी वादा किया गया था जो के शुरू-शुरू में एक दो बार निवेशकों को दिया गया था। इसके बाद बिल्डर द्वारा निवेशकों का पैसा देना बंद कर दिया गया, जिसके कारण निवेशकों में आक्रोश की लहर दौड़ गई।

### रजिस्ट्री करवाने के लिए बिल्डर द्वारा किया जा रहा है टालमटोल

मैग बायर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अनुसार अब एक तरफ बिल्डर द्वारा पोजेशन लेने के लिए कहा जाता है और दूसरी तरफ रजिस्ट्री भी नहीं करवाई जा रही। निवेशकों का कहना है कि बिल्डर द्वारा पिछले 3 साल की मेंटेनेंस की मांग की जा रही है और कहा जा रहा है कि अगर आप पिछले 3 साल की मेंटेनेंस नहीं दोगे तो मैं रजिस्ट्री नहीं करवाऊंगा।

### सरकार तथा प्रशासन को शिकायतें करते-करते परेशान हुए निवेशक

मैग बायर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अनुसार जब से उन्होंने माया गार्डन मैग्नीशिया प्रोजेक्ट में अपनी जिंदगी भर की कमाई निवेश की है उसे समय से ही परेशान हो रहे हैं और बिल्डर द्वारा उन्हें कोई रास्ता नहीं दिखाया जा रहा लोगों का कहना है कि हम जब भी बिल्डर को मिलने के लिए उसके दफ्तर में जाते हैं या तो वह दफ्तर के पिछले दरवाजे से बाहर निकल जाता है अथवा दफ्तर के बाहर बाउंसर बिठा रखे हैं जो के हमें बिल्डर के साथ मिलने नहीं देते अपनी समस्याओं को लेकर निवेशकों ने बहुत से पत्रउच्च अधिकारियों को भी लिखे हैं। निवेशकों के अनुसार उन्होंने एडीसी यूडी मोहाली को वर्ष 2022 से लेकर अब तक करीब 10 बार पत्र लिखा है और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी बहुत बार लिख चुके हैं लेकिन उनकी समस्या का कोई हल नहीं हुआ। निवेशकों के अनुसार एडीसी यूडी मोहाली द्वारा नगर कौंसिल जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी को इस मामले संबंधी जांच करके रिपोर्ट देने के लिए करीब 10 बार पत्र लिखा है लेकिन कार्यकारी अधिकारी द्वारा एडीसी यूडी मोहाली द्वारा लिखे पत्र का कोई भी जवाब नहीं दिया।

### बिल्डर ने नहीं उठाया फोन

इस मामले संबंधी बरनाला बिल्डर के प्रोजेक्ट माया गार्डन मैग्नीशिया के बिल्डर सतीश जिंदल को फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

माया गार्डन मैग्नीशिया प्रोजेक्ट को कंप्लीशन सर्टिफिकेट टेक्निकल रिपोर्ट के बाद ही जारी किया गया है तथा हम एडीसी यूडी के पत्र का जवाब उन्हें भेज चुके हैं।

अशोक पथरिया कार्यकारी अधिकारी नगर कौंसिल जीरकपुर।

## थाना बनूड़ में सरबत के भले के लिए सुखमनी साहिब का पाठ करवाया और लंगर लगाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 26 दिसंबर।** थाना बनूड़ में सरबत भलाई के लिए श्री सुखमनी साहिब के पाठ करवाए गए। इसके बाद साहिबजादों की शहादत को समर्पित चाय और ब्रेड पकोड़े का लंगर लगाया गया। थाना प्रमुख इंस्पेक्टर गुरसेवक सिंह ने बताया कि आज बनूड़ थाने में श्री सुखमनी साहिब का पाठ करवा सरबत की भलाई के लिए अरदास की गई। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में मनजीत सिंह डीएसपी राजपुरा विशेष रूप से शामिल हुए। इसके बाद सभी स्टाफ के सहयोग से गर्म चाय और ब्रेड पकोड़े का लंगर लगाया गया। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों और माता गुजरी जी ने पूरे विश्व की भलाई के लिए अपनी जान दे दी। इस गौरवशाली शहादत ने हमारे राष्ट्र में अधिकार, सत्य और धर्म के लिए लड़ने और मरने की भावना पैदा की है। उन्होंने कहा कि आज हमें इन सभी शहादतों को याद करने और गुरुजी के शब्दों और शिक्षाओं का पालन करते हुए अपना जीवन जीने की जरूरत है। इस मौके पर मनजीत सिंह ट्रैफिक इंचार्ज बनूड़, एएसआई जसपाल सिंह, जसविंदर पाल, राम कृष्ण, महिंदर सिंह धोनी, अवतार सिंह, राजिंदर सिंह, जसपाल सिंह, लखबीर सिंह लक्खा, रीडर भूपिंदर सिंह और पूरा स्टाफ मौजूद था। कार्यक्रम में पहुंचे ग्रंथी सिंह को डीएसपी मनजीत सिंह और इंस्पेक्टर गुरसेवक सिंह ने सम्मानित किया।

## पुलिस कार्रवाई के बावजूद, ट्रैक्टर ट्राली से कमर्शियल काम जारी, कोर्ट के आदेशों की नहीं परवाह

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण



सड़क पर सरेआम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करती, टैक्टर-ट्राली



आप पार्षद, सुखमनजीत

**खन्ना, 26 दिसंबर।** खन्ना पुलिस की कार्रवाई के बावजूद ट्रैक्टर ट्राली से कमर्शियल काम जारी है, जिस वजह से शहर में भारी जाम जैसी स्थिति बन जाती है, ट्रैक्टर -ट्राली से काम लेने वाले व्यापारी को सुप्रीम कोर्ट के अआदेशों की कोई परवाह नहीं, ट्राली पर परली की गांठे इतनी ऊंचाई तक भर लेते हैं कि कभी भी किसी की जान जा सकती है, अभी 2 दिन पहले पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली से चल रहे कमर्शियल काम पर चालान काटे थे और उन्हें 207 में बंद भी किया था, परंतु बावजूद उसके ट्राली से कमर्शियल काम जारी है, इन लोगों को किसी की परवाह नहीं है ,किसी का डर नहीं है, जबकि कोर्ट का सख्त आदेश है कि ट्रैक्टर- ट्राली से सिर्फ खेती-बाड़ी का ही काम लिया जा सकता है अन्य कोई काम नहीं, बावजूद इसके सड़क पर सरेआम कोर्ट के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही, इस संबंध में जब हमने कुछ दिन पहले ट्रैफिक थानेदार मनप्रीत सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि हमें सूचना मिली थी कि यह ट्रैक्टर-ट्राली से कमर्शियल काम चला रहे हैं, उन्होनें तीन ट्रैक्टर ट्राली को बंद किया है ,उन्होंने यह भी कहा था कि अगर यह नहीं हटेंगे तो आगे भी कार्रवाई करेंगे, परंतु कमर्शियल काम लगातार जारी है, जिस वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

खन्ना आम आदमी पार्टी के पार्षद ,सुखमंजीत सिंह ने भी इसका विरोध करते हुए कहा कि ट्रैक्टर-ट्राली से सिर्फ खेती-बाड़ी के काम के लिए ही चलाई जा सकती है, अन्य कोई काम नहीं लिया जा सकता, कमर्शियल काम के लिए ट्रक- टेंपो का इस्तेमाल किया जा सकता है, क्योंकि ट्रक व टेंपो सरकार को परमिंट के जरिए टैक्स पे करते हैं, जबकि ट्रैक्टर- ट्राली के जरिए सरकार को कोई टैक्स नहीं जाता, उन्होंने कहा कि अभी शहीदी जोड़ मेले के भी दिन चल रहे है, इनकी बजह से खन्ना जीटी रोड, अमलोह रोड, मलेरकोटला रोड, लल्हेड़ी रोड व समराला रोड बहुत भारी जाम लग जाता है, जिस कारण आम लोगों व संगत को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में हरगोविंद रोड करियर के मालिक गुरदीप सिंह ने भी सरकार से अपील की है कि हम लोग परमिंट के जरिए सरकार को लाखों रुपए टैक्स के रूप में पे करते हैं, इसलिए कमर्शियल काम ट्रक से लिया जाना चाहिए ना की ट्रैक्टर-ट्राली से, ट्रैक्टर- ट्राली सिर्फ खेती-बाड़ी के काम के लिए ही चलाई जा सकती है, उन्होंने सरकार से अपील की है की जल्द से जल्द इन पर शिकंजा कसा जाए, ताकि हमारा रोजगार चल सके।

## शहीदी जोड़ मेले के अवसर पर चाय और बिस्कुट का लंगर लगाया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड, 26 दिसंबर।** सरबंसदानी धन धन साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी, बाबा फतेह सिंह जी और माता गुजर कौर जी के शहीदी दिवस के अवसर पर माई बन्नो मार्केट के दुकानदारों द्वारा चाय और बिस्कुट का लंगर लगाया गया। यह गर्म चाय और बिस्कुट का लंगर सारा दिन चलता रहा। इस अवसर पर ज्ञानी गुरबचन सिंह, राजिंदर सिंह बूटा सिंह वाला, जसपाल सिंह अरब, गुरविंदर सिंह सूरजगढ़, गुरविंदर सिंह मोला, सरपंच हैप्पी कनौड़, जसवीर सिंह शंभू काला, मिस्त्री तरसेम सिंह, मिस्त्री बलबीर सिंह, नवाब बनूड और कई अन्य दुकानदारों ने लंगर में सेवा करवाई।

## बिजली के निजीकरण के खिलाफ कांग्रेस का अनशन आठवें दिन समाप्त

### चडीगढ़ निवासियों के हितों की लड़ाई जारी रहेगी : कांग्रेस

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर (अप्रस)।** बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में चंडीगढ़ कांग्रेस की आठ दिन से चल रही भूख हड़ताल कल कुछ समय के लिए समाप्त कर दी गई। आठवें दिन सेक्टर 48 से 51 तक की सहकारी हाउसिंग सोसायटियों के निवासियों संजीव शर्मा, मीनाक्षी चौधरी, दविंदर गुप्ता, सुदर्शन बब्बल, जजीर सिंह, शालिनी बागड़ी, सुशील छाबड़ा, सुरिंदर शर्मा, सुभाष छाबड़ा, कीर्ति डोबाल, सुरिंदर नारंग और सुरेश शर्मा ने भूख हड़ताल में हिस्सा लिया। चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष एच.एस.लक्की ने चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा भाजपा के दबाव में लिए जा रहे जनविरोधी फैसलों के खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई में पार्टी को मिल रहे भारी जन समर्थन के लिए चंडीगढ़ के लोगों का आभार व्यक्त किया। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजीव शर्मा ने बताया कि फिलहाल क्रमिक भूख हड़ताल कुछ समय के लिए समाप्त हो गई है, लेकिन निजीकरण के खिलाफ शांतिपूर्ण आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। यह आश्वासन देते हुए कि बिजली विभाग के कर्मचारियों और चंडीगढ़ के लोगों के साथ उनके वैध अधिकारों की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी हमेशा उनके साथ खड़ी है, पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शहर को प्रभावित करने वाले सभी मुद्दों को ज़ोरदार तरीके से उठा रही है।

## एन.आर.आई. पंजाबियों की शिकायतों को ऑनलाइन हल करने वाला पंजाब पहला राज्य बना

पंजाब सरकार ने दिए सिविल और पुलिस अधिकारियों को संबंधित शिकायतों का तुरंत निपटारा करने के आदेश

पंजाब सरकार ने वर्ष 2024 के दौरान प्रवासी पंजाबियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** एन.आर.आई. पंजाबियों की समस्याओं को ऑनलाइन माध्यम से हल करने वाला पंजाब देश का पहला राज्य बन गया है। अब कोई भी प्रवासी पंजाबी, पंजाब राज्य से संबंधित किसी भी मामले की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवा सकता है।

इस नई सुविधा की शुरुआत दिसंबर 2024 में की गई है। पंजाब सरकार ने सत्ता संभालने के बाद प्रवासी पंजाबियों की समस्याओं और शिकायतों का जल्द और ठोस समाधान सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए हैं।

पंजाब सरकार ने वर्ष 2024 के दौरान प्रवासी पंजाबियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया। मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार फरवरी 2024 में चार ÷एन.आर.आई. मिलनी÷ कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनके दौरान बड़ी संख्या में शिकायतों का निपटारा किया गया।

पंजाब सरकार के एन.आर.आई. विभाग द्वारा शुरू की गई ÷ऑनलाइन एन.आर.आई. मिलनी÷ नामक विशिष्ट सुविधा के तहत विभिन्न देशों में रह रहे पंजाबी अपने मुद्दे और शिकायतें सीधे विभागीय मंत्री, वरिष्ठ अधिकारियों और एन.आर.आई. विंग के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष ला सकते हैं।इस ऑनलाइन मिलनी में विभाग के मंत्री, एन.आर.आई. विभाग पंजाब के वरिष्ठ अधिकारी और एन.आर.आई. विंग के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल होते हैं और प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास करते हैं।

हर महीने के पहले सप्ताह आयोजित होने वाली इस 'ऑनलाइन एन.आर.आई. मिलनी' के दौरान अधिकतर शिकायतें राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित होती हैं, जबकि 20 प्रतिशत शिकायतें पहले से ही विभिन्न अदालतों में सुनवाई अधीन होती हैं। जो ऑनलाइन शिकायतें जिलों से संबंधित होती हैं, उनके लिए संबंधित जिले के सिविल और पुलिस अधिकारियों को फोन के माध्यम से निर्देश दिए जाते हैं।

पंजाब के प्रवासी भारतीय मामलों के कैबिनेट मंत्री स कुलदीप सिंह धालीवाल ने बताया कि पंजाब सरकार ने सभी जिलों के डिप्टी कमिश्नरों और एस.एस.पी. को प्रवासी पंजाबियों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए निर्देश दिए हैं। जिला स्तर पर डिप्टी कमिश्नरों की अगुवाई में विभिन्न शिकायतों का संबंधित विभागों के सहयोग से समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

## बिहार फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. रूपेश कुमार सिंह जॉर्जिया में हुए सम्मानित



**चंडीगढ़, 26 दिसंबर (अप्रस)।** बिहार फाउंडेशन के अध्यक्ष, कॉर्पोरेट मामलों और सामाजिक क्षेत्र के दिग्गज डॉ. रूपेश कुमार सिंह को त्बिलिसी, जॉर्जिया में एक समारोह के दौरान पब्लिक रिलेशंस और कम्युनिकेशन के क्षेत्र में एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। ये अवॉर्ड डॉ. रूपेश कुमार सिंह के पब्लिक रिलेशंस और संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के साथ-साथ उनके सामाजिक विकास, मीडिया प्रोत्साहन और खेल संवर्धन के निरंतर प्रयासों को मान्यता देता है। बिहार फाउंडेशन और सामाजिक सशक्तिकरण बिहार फाउंडेशन के पंजाब और चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष के रूप में डॉ. रूपेश कुमार सिंह के नेतृत्व में संगठन की इस क्षेत्र में रह रहे बिहारी समुदाय के लोगों के बीच मजबूत संबंध बनाने में अहम भूमिका रही है। बिहार फाउंडेशन बिहार सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देना है। डॉ. रूपेश कुमार सिंह के नेतृत्व में फाउंडेशन ने कई पहलें शुरू की हैं जो समुदाय के सशक्तीकरण, कौशल विकास और कल्याण कार्यक्रमों पर केंद्रित हैं, जिनसे पंजाब और चंडीगढ़ क्षेत्रों के कई लोगों को लाभ हुआ है।

## वेलफेयर सोसायटी ने सिविल अस्पताल जगराओं में हेल्थ सर्विस बैंक की शुरुआत की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जगराओं 26 दिसंबर।** जगराओं वेलफेयर सोसाइटी द्वारा लोगों की मदद के लिए समय-समय पर विभिन्न पहल की जाती हैं, जगराओं वेलफेयर सोसाइटी ने सिविल अस्पताल जगराओ में स्वास्थ्य सेवा बैंक शुरू किया है। जगराओं वेलफेयर सोसायटी ने आरोग्य सेवा बैंक के उद्घाटन के अवसर पर जरूरत मंद मरीजों को कंबल, 2 बड़े हीटर, 2 ऑक्सीजन सिलेंडर, 2 व्हील चेयर और अन्य आवश्यक सामान दिए। जगराओं वेलफेयर सोसायटी के प्रधान गुरिंदर सिंह सिद्धू और चेयरमैन राजिंदर जैन ने कहा कि आरोगी बैंक की शुरुआत बहुत अच्छी पहल है। जहां जरूरतमंद मरीजों को इन सामानों की बहुत जरूरत थी, वहीं हम शहरवासियों से भी अपील करते हैं कि जिनके घर में कोई भी जरूरी सामान पड़ा हो, वे इस अस्पताल या जगराओं वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष गुरिंदर सिद्धू के पास आ सकते हैं इस अवसर पर इस नंबर 98140-05337 पर संपर्क किया गया। इस स्वास्थ्य सेवा बैंक की सारी देखभाल एस.एम.ओ डॉ. हरजीत सिंह द्वारा की जाएगी अध्यक्ष गुरिंदर सिंह सिद्धू, चेयरमैन राजिंदर जैन, राज कुमार भल्ला, पवन कुमार वर्मा लड्डू लाख वाले, शिव कुमार ए.पी रिफाइनरी वाले, सरपंच बिंदर मनीला, डॉ. नरिंदर सिंह बीके गैस वाले, कैप्टन नरेश वर्मा, गुरुद्वारा भजनगढ़ के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह, खालसा एड , मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, हैप्पी आदि मौजूद रहे।

## डिस्पोजल रोड पर कूड़े के ढेर से परेशान जगराओं क्षेत्रवासियों ने की नारेबाजी

कूड़ा सड़क पर फैला रहता है और रास्ता भी बंद हो जाता, बदबू भी फैलती है, आवारा कुत्ते जानवर मारते रहते हैं कूड़े में मुंह

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल





**जगराओं, 26 दिसंबर।** जगराओं के स्थानीय डिस्पोजल रोड पर कूड़े के ढेर से परेशान आसपास के निवासियों ने नगर कौंसिल के खिलाफ नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया गया डिस्पोजल रोड पर कूड़े का पहाड़ लगा हुआ है, जिसके कारण गौशाला और मंदिर तक जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि कूड़ा सड़क पर फैला रहता है और रास्ता भी बंद हो जाता है और बदबू फैलती है. आवारा कुत्ते और जानवर बहुत आते हैं जिससे गुजरना मुश्किल हो जाता है जिससे गोविंद कॉलोनी, गीता कॉलोनी, अग्रवाल कॉलोनी, ग्रीन पार्क कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, शास्त्री नगर, मधुबन एन्क्लेव, अगवाड ख्वाजा बाजू के लोगों को गुजरने में काफी परेशानी होती है। इस रास्ते में चार स्कूल भी पढ़ते हैं अनुवर्त स्कूल, रूप वाटिका स्कूल, शिवालिक स्कूल , स्वामी रूपचंद जैन स्कूल, सबितकारी विद्या मंदिर स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को आने जाने में भी कूड़े के ढेर और बदबू से परेशानियों का सामना करना पड़ता है

कृपया यथाशीघ्र कूड़ा हटाने की व्यवस्था करें और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करें कि डिस्पोजल रोड में कूड़े का ढेर न लगे। इस अवसर पर युवा नेता टोनी वर्मा, रमेश कत्याल, राजेश कत्याल, धीरज वर्मा, गोरव खुल्लर, सोनू मल्होत्रा, नवीन गोयल, विशाल गोयल, सुशील पप्पू, दीपक जैन, मोहित जैन, संजीव गुप्ता (गोपी) शेट्टी, आदिल बंसल, आशीष बंसल,अमित लूंबा, मोनू बंसल, धर्मपाल जैन, के अलावा आसपास की मार्किट के लोग शामिल थे।

# प्रदेश में अल्पसंख्यकों एवं दिव्यांगों के सशक्तिकरण एवं उत्थान के लिए राज्य सरकार उठा रही प्रभावी कदम : शांडिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा राज्य के अल्पसंख्यकों व दिव्यांगजनों को स्वरोजगार स्थापित करने और विस्तार करने के लिए रियायती दरों पर ऋण प्रदान किया जाता है, जिसके लिए पारिवारिक आय सीमा को बढ़ाकर तीन लाख रुपये किया गया। पहले यह आय सीमा ग्रामीण क्षेत्रों में 98 हजार रुपये तथा शहरी क्षेत्रों में 1.20 लाख रुपये थी। यह निर्णय आज यहां स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल की अध्यक्षता में आयाजित निगम की 52वीं निदेशक मंडल की बैठक में लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में अल्पसंख्यकों एवं दिव्यांगों के सशक्तिकरण एवं उत्थान के लिए राज्य सरकार प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यकों एवं दिव्यांगों के कल्याण के लिए एवं उनको स्वरोजगार के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार उन्हें विभिन्न सुविधाएं प्रदान करती है। हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान अल्पसंख्यकों को 1296.95 लाख रुपये का ऋण तथा दिव्यांगजनों को इसी अवधि में 540.83 लाख रुपये का ऋण निगम द्वारा रियायती ब्याज दर पर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष में भी अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ने और उन्हें रियायती दर पर ऋण उपलब्ध करवाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए विशेष रूप से प्रयास किए जा रहे हैं।

निगम द्वारा छोटे व्यवसायों, परिवहन सेवाओं, दुकानों, पार्लर एवं कृषि आदि क्षेत्रों में व्यवसाय के लिए कम ब्याज दरों पर ऋण प्रदान किया जाता है। 18 से 55 वर्ष की आयु वर्ग के अल्पसंख्यकों को 20 लाख रुपये तक छः प्रतिशत और 20 से 30 लाख रुपये तक 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण दिया जाता है। 16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के दिव्यांगों को पांच लाख रुपये तक 6 प्रतिशत, 10 लाख रुपये तक 7 प्रतिशत तथा 10 लाख रुपये से अधिक के ऋण पर 8 प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण दिया जाता है। दिव्यांग महिलाओं के लिए ब्याज दर पर 2 प्रतिशत अतिरिक्त छूट का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के अल्पसंख्यकों और दिव्यांगों को व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए तीन प्रतिशत की दर पर ऋण प्रदान किया जाता है।

डॉ. शांडिल ने बैठक के दौरान कहा कि प्रदेशभर में नियमित अंतराल में जागरूकता शिविरों का आयोजन कर प्रदेश के अल्पसंख्यकों एवं दिव्यांगजनों को हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा उनके कल्याण के दृष्टिगत उठाए जा रहे कदमों से अवगत करवाया जाना चाहिए। जिन स्थानों में अल्पसंख्यक ज्यादा बसते हैं या फिर दिव्यांग अधिक है ऐसे स्थानों पर निगम द्वारा विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ा जा सके। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और नई मांगों को स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग के सचिव आशीष सिंहमार, निगम के प्रबन्ध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक महिला एवं बाल विकास गंधर्वा राठौर और निगम के निदेशक मंडल के अन्य सदस्यों सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध खनन के खिलाफ ऊना जिला प्रशासन की मुहिम तेज रफ्तार से जारी

जिला प्रशासन की मुहिम, सटीक कार्रवाई में मददगार साबित हो रही ड्रोन टेक्नोलॉजी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**ऊना ।** अवैध खनन के खिलाफ ऊना जिला प्रशासन की मुहिम लगातार तेज रफ्तार से जारी है। इसमें प्रशासन के लिए सटीक और प्रभावी कार्रवाई में ड्रोन टेक्नोलॉजी मददगार साबित हो रही है। गुरुवार को उपायुक्त जतिन लाल और पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बाथू, बथड़ी और टाहलीवाल क्षेत्रों में ड्रोन टेक्नोलॉजी के माध्यम से औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त वाहन मालिकों पर भारी जुर्माना लगाया गया।

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि हम निगरानी के पारंपरिक तौर तरीकों के साथ साथ तकनीकी संसाधनों का उपयोग करके अवैध खनन पर कड़ी नजर रख रहे हैं। इसमें हाई-टेक उपकरणों का सहारा लिया जा रहा है, जो हमारी नई रणनीति का हिस्सा है। इससे निगरानी और कार्रवाई को और भी तेज धार मिली है।

उन्होंने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ प्रदेश सरकार की शून्य सहनशीलता की नीति को ऊना जिले में पूरे प्रभावी तरीके से लागू करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस तरह की कार्रवाई निरंतर और प्रभावी तरीके से चालू रहेगी। उन्होंने ऊना जिले को पूर्ण रूप से अवैध खनन मुक्त बनाने में जिलावासियों से सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने आसपास के क्षेत्र में अवैध खनन की किसी गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन व पुलिस को दें। सूचना देने वाले की जानकारी गुप्त रखी जाएगी।

# गुरुद्वारा नेर चौक से हजूर साहिब के लिए जत्था रवाना

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नेर चौक।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा नेर चौक से तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ के लिए पवित्र यात्रा रवाना गुरुद्वारा नेर चौक, गुरुद्वारा गुरुकोठा साहिब गुरुद्वारा रीवालसर साहिब कि प्रबंधक कमेटी के प्रधान स. सरदारा सिंह जी कि अगवाई में नेर चौक गुरुद्वारा साहिब से एक सौ दस संगतो का जत्था दो बसों में महाराष्ट्र स्थित तख्त श्री हजूर साहिब नांदेड़ के लिए यात्रा वीरवार सुबह अरदास के उपरन्त रवाना हुई। प्रबंधक कमेटी के सचिव स. मनप्रीत सिंह ने बताया के जत्थे में नेर चौक, मंडी, गुटकर, सोयरा, नेला, सुंदरनगर घुमारवी, ढावन, कानैड, पाली,पुरानी मंडी,रत्ती, धर्मपुर व विभिन्न स्थानों से संगत तख्त साहिब के दर्शनों के लिए रवाना हुई है। पिछले वर्ष सांगतो को तख्त श्री पटना साहिब के दर्शन करवाए गए थे व आने वाले समय में तख्त श्री दमदमा साहिब साबो कि तलवंडी, तख्त श्री केसगड़ साहिब तथा श्री अकाल तख्त साहिब के दर्शन संगतों को करवाए जायेंगे। हिमाचल प्रदेश कि संगतो के लिए यह एक बहुत बड़ा आयोजन श्री गुरु सिंह सभा नेर चौक द्वारा किया जा रहा है यात्रा में प्रबंधक कमेटी के कोषाध्यक्ष सुरेंदर सिंह, सलाहकार निर्मल सिंह व विशेष तौर पर भाई परमजीत सिंह खालसा अपनी सेवाएं निभा रहे है।

# नाचन व बल्ह क्षेत्र के टमाटर उत्पादकों को बांस की लकड़ी न मिलने से क्षेत्र के किसान परेशान

## बिजाई के ऐन पहले बैन लगाने से किसानों में सरकार के प्रति आक्रोश

अर्थ प्रकाश /सुभाग सचदेवा



**गोहर।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने हाल ही में खेर की लकडी को छोड शेष सभी लोग तरह के पेड़ों के कटान पर पूर्णतया रोक लगा दी है। सरकार के तुगलकी फरमान के बाद बांस,सफेदा,चिनार,कुठ व अन्य पेड़ों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। बांस की लकड़ी पर भी प्रतिबंध लगाने से गोहर क्षेत्र के किसान चिंता में डूब गए हैं। उल्लेखनीय है कि मण्डी जिला के बल्ह व नाचन विधानसभा क्षेत्र के कुम्मी,घटा, सिहंन, गागल, डडोर, भढयाल, नौण,बैहरी, कोट ,दाड़ी, बाग, गोहर, स्यांज,देवधार, खारसी दान बाहवा देलग टिक्करी आदि क्षेत्रों के सैंकड़ों किसान परिवार अरबों रुपए के टमाटर का उत्पादन कर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में निर्यात करता है। लेकिन सरकार द्वारा अपनी निजी भूमि पर पेड़ पौधों को काटने पर रोक लगाने के तुगलकी फरमान से क्षेत्र के किसानों में अफरातफरी कटा माहोल है। जहां एक ओर किसान टमाटर की खेती के लिए खेतों में जुटे हुए हैं जिसमें बांस की लकड़ी का अहम रोल रहता है। वहीं बांस की लकड़ी पर प्रतिबंध लगाने से यहां के किसानों के चेहरों पर परेशानी सिफ झलक रही है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि टमाटर की खेती को तैयार करने के लिए सबसे पहले एकमात्र बांस की ही लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है जिससे टमाटर के पोधों को गिरने से बचाया जा सके। सरकार द्वारा उसी पर रोक लगाना एकदम गलत है। गौरतलब है कि टमाटर की खेती करना हर आम किसान के बजट से बाहर है महंगी फसल है । सरकार को हिमाचल प्रदेश के समस्त किसानों के लिए बांस की लकड़ी सब्सिडी के तौर पर उपलब्ध कराई जानी चाहिए मगर इसके उल्टे सरकार ने बांस की लकड़ी पर ही रोक लगाकर किसानों के साथ घोर अन्याय किया है। मण्डी जिला के जाहु,भांबला, सरकाघाट व जिला हमीरपुर व बिलासपुर से मिलने वाले बांस की एक जीप के लिए किसानों को 10 से 12 हज़ार रुपए खर्च करने पड़ते हैं मगर ऐन मौके पर सरकार द्वारा रोक लगाने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है। क्षेत्र के किसानों लाल मन, तिलक राज, मोती राम, सतीश कुमार, मित्र देव, जय सिंह,बालकृष्ण, हरीश कुमार, चेत राम,नरोत्तम,सोहन लाल, सुरेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, काकू,गगन कुमार,मीना कुमारी, पवन कुमार, दुनीचंद, संतोष कुमार,जगदीश कुमार, सुरेंद्र कुमार, घनश्याम आदि युवा किसानो ने बताया कि हम समय से पहले ही टमाटर की खेती के लिए चाहे वह उच्च किसम का बीज हो या खेतों में बांस की लकड़ी हो को लेकर सभी तैयारियां शुरू कर देते है लेकिन हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा निजी भूमि पर पेड़ो के कटान पर भी रोक के कारण हम किसानों के लिए नई मुसीबत खड़ी हो गई है।

# रावमापा बलोह में वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह की धूम



अर्थ प्रकाश /देशराज

**बरठी।** सरकारी आदेशानुसार पाठशालाओं में जहां वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह को लाजमी करार दिया गया है वहीं इसी परिपाटी का निर्वहन करते हुए रावमापा बलोह में परितोषिक समारोह धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम के मौके पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत करते हुए मेधावियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के इस मौके पर बच्चों को बधाई प्रेषित करते हुए जीवन में आगे बड़ने की बात पर बल दिया । उन्होंने कहा वार्षिक परितोषिक किसी भी पाठशाला का आईना होता है। वर्ष भर पाठशाला में जो भी गतिविधियां बच्चों के द्वारा की जाती हैं उनके मूल्यांकन का भी ये दिन होता है । उन्होंने कहा बच्चों में टैलेंट होता है जिसे निखरना अध्यापकों व अभिभावकों का जिम्मा होता है। जिसका निर्वहन ईमानदारी से होना चाहिए। तब जाकर ये बच्चे समाज के लिए कर्णधार होंगे। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अभिभावकों के साथ बच्चों को बधाई प्रेषित की ।

## न्यूज ब्रीफ

### रक्तदान शिविर का आयोजन



**ऊना (अप्रस)।** टीम ऊना ब्लड सर्विस एनजीओ लगातार रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही है।एनजीओ के चेयरमैन लवीश कपिल ने बताया कि टीम के सदस्य स्वर्गीय लक्की दरोच की पहली पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।जोकि आईएसबीटी ऊना में आयोजित हुआ। इस कैंप की शुरुआत एम आर सी ग्रुप के जनरल मैनेजर प्रवेश शर्मा ने स्वर्गीय लक्की दरोच की स्मृति को फूल अर्पित करके कैंप की शुरुआत की। जनरल मैनेजर प्रवेश शर्मा ने बताया इस कैंप में लगभग 95 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। इस कैंप में मुख्यातिथि के रूप में जिलाधीश महोदय श्री जतिन लाल जी ने शिरकत की ओर टीम द्वारा किए गए मानवता के कार्यों की सराहन की। इस कैंप में विशेष अतिथि के रूप में अमरीश राणा ने शिरकत की और टीम के कार्यों को प्रोत्साहित किया। इस कैंप में मुख्य सहयोग एम आर सी ग्रुप के जर्नल मैनेजर प्रवेश शर्मा,राज कुमार,रवि कुमार,भूपिंदर,गुरदेव चंद, हुस्न लाल,आशीष शर्मा,विकास ठाकुर,राघव शर्मा,मनमोहन,हनीश, हनी,अनीश,इशांत,रिशु,सुभाष, जेपी आयुम्ड सोल्यूशन डॉ जतिन,परवीन कुमार, गैरी, रिकी, लखन, रंजीत, अखिल, रिक्की का मुख्य रूप से सहयोग रहा।

### आग से देवदार के 25 स्लीपर भी जले



**भड़ेला (अप्रस)।** चम्बा जिला के सलूणी उपमंडल की ग्राम पंचायत लनोट के गांव अल्ला में घास से भरे शैड में आग लग गई। इससे शैड के अंदर रखी घास के साथ देवदार के लगभग 25 स्लीपर भी जल गए हैं। इससे करीब एक लाख रुपए का नुक्सान हुआ है। सर्दियों में मवेशियों के लिए एकत्रित किया गया चारा जलने से प्रभावित परिवार के समक्ष चिंता खड़ी हो गई है। बुधवार शाम करीब 6 बजे घुंघरी देवी पत्नी जयसिंह के घास के शैड में अचानक आग लग गई। जब धुआं उठता देख ग्रामीम मौके पर पहुंचे तो घास ने पूरी तरह से आग पकड़ ली थी। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की हरसंभव कोशिश की, लेकिन जब तक वे आग बुझाने में कामयाब होते तब तक घास व देवदार के स्लीपर जल गए, साथ ही शैड की छत की लकड़ी भी चपेट में आ गई। वीरवार को पंचायत प्रधान नैणों देवी ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया तो साथ ही उन्होंने प्रभावित को आग की वजह से हुए नुक्सान की रिपोर्ट तैयार कर प्रशासन को प्रेषित की। उन्होंने ने बताया कि अग्निकांड में प्रभावित परिवार को एक लाख रुपए से भी अधिक का नुक्सान हुआ है। प्रभावित परिवार बीपीएल से संबंध रखता है। प्रभावित को हुए नुक्सान की जानकारी प्रशासन को दे दी गई है और प्रभावित को उचित मुआवजा देने की मांग की गई है।

# राजपूत सभा ने बनाया अपना स्थापना दिवस

अर्थ प्रकाश /गोविंद ठाकुर




**नेर चौक।** श्री राजपूत सभा मंडी ने अपना 38 वां स्थापना दिवस माता बाला सुंदरी मंदिर लूनापानी में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।

राजपूत सभा की स्थापना दयाल सिंह गुलेरिया ने 1989 की थी उन्होंने अपने आसपास के क्षेत्रों में जब राजपूत समाया समुदाय की अनदेखी देखी तो उन्हें लगा कि उन्हें राजपूत समुदाय के लिए कुछ करने का बीड़ा उठाना चाहिए और इस उद्देश्य को लेकर के उन्होंने सभा की स्थापना एक स्वतंत्रता सेनानी भी थे। उन्होंने मंडी की रानी खैरा गड़ी के साथ मिलकर स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया।

मुख्य अतिथि श्री ध्यान सिंह गुलेरिया थे उन्होंने अपने आशीर्वाद वचनों से सभा को संबोधित किया और अपने राजपूत होने पर गर्व जताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के प्रधान श्री अमर सिंह गुलेरिया ने की। उनहोंने सभा के आयोजित कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार से राजपूत समुदाय आरक्षण के खिलाफ है और महिलाओं और युवाओं को साथ लेते हुए राजपूत सभा अपने कार्यक्रम तय करेगी युवाओं को रोजगार एवं समाज में एक अच्छा नागरिक बनाने के लिए राज्यसभा अग्रसर है।

कार्यक्रम के सूत्रधार धर्मेन्द्र राणा ने सभा में आए हुए लोगों को राजपूतों के गौरवमई इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने राजपूती गरिमा प्रदान करते हुए कई कविताएं और बातें बताई और राजपूतों से संबंधित जानकारी लोगों को दी की किस तरह से राजपूतों ने देश में अपनी अहम् भूमिका निभाई। महाराणा प्रताप की जीवनी पर प्रकाश डाला की किस तरह से मुगलों से देश को बचाते हुए वो शहीद हुए।

समारोह में 80 वर्ष से ऊपर के राजपूत सदस्यों को जिनमे नेत्र सिंह, नारायण सिंह गुलेरिया , प्यारी देवी , बलदेव सिंह गुलेरिया , उपेन्द्र सिंह एवं विभिन्न राजपूत इकाइयों के प्रधानों को समान्नित किया गया 7

श्री कामेश्वर सिंह जमवाल जी ने कहा है राजपूत सभा सिर्फ मंडी में ही नहीं परंतु पूरे हिमाचल एवं भारत भर में कार्य कर रही है, हर एक स्थान पर अलग-अलग राजपूत संगठन है जो कि इस समुदाय के लिए कार्यरत हैं।

सभा में वर्ष 2025 के लिए विशेष केलेंडर का भी विमोचन किया गया।

चेयरमैन श्री इंद्र सिंह ठाकुर जी ने बताया कि किस तरह से उन्होंने गांव-गांव दूरदराज के क्षेत्रों में जाकर इस सभा को सींचा इकाइयां गठित की नए मेंबर बनाए तथा सबको एक धागे में पिरोया जिससे आज राजपूत सभा का यह स्वरूप देखने को मिल रहा है।

कांगरा राजपूत सभा के प्रधान डाक्टर अशोक सरियाल ने बताया की किस तरह से राजपूत समुदाय एकजुट होकर समाज में विशिष्ट भूमिका निभर रहा है। हिमाचल की राजनीति में मुख्या भूमिका राजपूत समुदाय की रही है। हिमाचल में 33 प्रतिशत राजपूत व देश में जन संख्या का 4-5 प्रतिशत राजपूत हैं ।

कार्यक्रम के अंत में सभा के उप प्रधान श्री मान सिंह ठाकुर जी ने सभी इकाइयों के प्रधानो के आने का धन्यवाद किया। दूर-दूर दूरदराज क्षेत्र से आए हुए राजपूत लोगों का धन्यवाद किया कि उनकी आने से कार्यक्रम के सफलता हुई। करीब 500 लोग इस समारोह में शामिल हुए ।

समारोह में आये सदस्यों में महासचिव करतार सिंह राणा, कोषाध्यक्ष घनश्याम सिंह सेन, लुनापानी मंदिर कमेटी के प्रधान रविन्द्र सिंह गुलेरिया, रणपत राणा, बुधि सिंह सेन, बलबीर सिंह गुलेरिया, डाक्टर जीवानंद चौहान, रोशन लाल ठाकुर, खेम सिंह सेन, तंवर सिंह, निर्मल सिंह चौहान, अदालत सिंह ठाकुर, बलबीर सिंह मिन्हास, वेद प्रकाश जमवाल, गुरदेव ठाकुर, प्रित्तम सिंह पठानिया , रोशनी देवी , शशि जमवाल , महेंद्र पाल ठाकुर , देवी राम ठाकुर, नरोत्तम शाश्त्री, मोहिंदर सिंह , डी के चंदेल ,दलीप सिंह , देव राज , नन्द लाल ठाकुर इत्यादी शामिल थे।

# महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत त्रैमासिक खंड स्तरीय बैठक का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गोहर।** बाल परियोजना विभाग द्वारा गोहर खंड में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं व आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण मरम्मत के संबंध में एसडीएम गोहर लक्ष्मण कनेट की अध्यक्षता में त्रैमासिक खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी बीएल चौहान ने बाल विकास विभाग के अंतर्गत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में समेकित बाल विकास सेवाएं परियोजना , मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, देई ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, पोषण अभियान,बेटी है अनमोल, मुख्यमंत्री शगुन योजना ,मुख्यमंत्री कन्यादान योजना ,विधवा पुनर्विवाह योजना, महिला स्वयं रोजगार योजनाओं विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण व मरम्मत कार्य निर्धारित करने पर भी चर्चा की गई ।

उन्होंने कहा कि समेकित बाल विकास सेवाएं परियोजना के अंतर्गत गोहर ब्लॉक में 10 पर्यवेक्षक वृतों में 232 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं इस परियोजना में 47 ग्राम पंचायतें हैं इस परियोजना में 79686 की आबादी आती है।

मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना पर जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत 0 से 18 तथा 18 से 27 वर्ष की आयु वर्ग के अनाथ बच्चों, एकल नारी तथा ट्रांसजेंडर की देखभाल के लिए इस योजना की शुरुआत की गई। योजना के माध्यम से लाभार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, कौशल शिक्षा ,कोचिंग के लिए राशि उपलब्ध करवाई जाती है। इस योजना के अंतर्गत अनाथ बच्चों, एकल नारी ,ट्रांसजेंडर को स्वंय रोजगार करने उद्यम स्थापित करने व गृह निर्माण, भूमिहीन को भूमि आवंटन, विवाह हेतु के लिए भी राशि उपलब्ध करवाई जाती है ।

इस योजना के अंतर्गत गोहर ब्लॉक में 36 पात्र बच्चों में से 28 बच्चे 18 से 27 वर्ष के हैं तथा 8 बच्चे 18 वर्ष से कम की आयु के हैं । इस योजना के अंतर्गत बच्चों को सामाजिक सुरक्षा राशि प्रदान की जा रही है ।

# वीर बाल दिवस मनाने का संदर्भ वर्ष 1705 की उस ऐतिहासिक घटना से जुड़ा है: बिहारी लाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भाजपा शिमला ग्रामीण सुन्नी मंडल द्वारा वीर बाल दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने भाग लिया, उनके साथ मंडल अध्यक्ष शिवानी एवं सह कार्यालय सचिव किरण बावा उपस्थित रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहारी लाल शर्मा ने कहा इस दिन का उद्देश्य है, समाज और विशेष रूप से युवा पीढ़ी को यह संदेश देना कि वीरता, शौर्य, सच्चा साहस, आयु और परिस्थिति का मोहताज नहीं होता। वीर बाल दिवस मनाने का संदर्भ वर्ष 1705 की उस ऐतिहासिक घटना से जुड़ा है, जब मुगलों ने गुरु गोबिंद सिंह जी से बदला लेने के लिए सरसा नदी पर हमला किया था। इस हमले में गुरु गोबिंद सिंह जी का परिवार बिछड़ गया था। छोटे साहिबजादे साहिबजादा जोरावर सिंह (9 वर्ष) और साहिबजादा फतेह सिंह (7 वर्ष) अपनी माता गुजरी जी के साथ रसोइए गंगू के घर मोरिंडा पहुँचे। लेकिन, लालच से अंधा हो चुका गंगू, माता गुजरी जी के पास रखे धन को देखकर उनका विश्वास तोड़ बैठा और उसने सरहिंद के नवाब वजीर खां के सिपाहियों के सामने माता गुजरी जी और दोनों साहिबजादों को पकड़वा दिया। मुगल शासक वजीर खां ने माता गुजरी जी और साहिबजादों को सरहिंद के किले में ठंडे बुर्ज में कैद कर दिया। ठंड के प्रचंड प्रहार के बीच माता गुजरी जी ने तीन दिनों तक अपने दोनों पोतों को धर्म और सिद्धांतों पर अडिग रहने की शिक्षा दी।

# राजकीय महाविद्यालय सोलन में बीआईएस क्लब ने आयोजित किया जागरूकता अभियान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में आज ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) क्लब द्वारा एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में विद्यार्थियों को भारत मानक ब्यूरो (बीआईएस) की विभिन्न गतिविधियों और उपभोक्ता जागरूकता में इसकी भूमिका की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, बीआईएस क्लब के मेंटर डॉ. रमेश कुमार, ने विद्यार्थियों को बीआईएस के महत्व और कार्य प्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने बीआईएस केयर ऐप के उपयोग से उत्पादों की गुणवत्ता जांचने के तरीके समझाए। इसके अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की गुणवत्ता, वॉटर बॉटल्स की शुद्धता, ढ्रस्ढ्र मार्किंग और ज्वेलरी में यूआईडी नंबर की जांच के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की पहचान के तरीकों पर चर्चा की।

डॉ. कुमार ने बताया कि बीआईएस उपभोक्ताओं को सुरक्षित और विश्वसनीय उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, उन्होंने बीआईएस के प्रमुख कार्यों जैसे मानकों का निर्धारण, उत्पादन प्रमाणन, हॉलमार्किंग, प्रयोगशाला सेवाओं, प्रशिक्षण, और उपभोक्ता मामलों की गतिविधियां पर भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजेश भट्ट ने विद्यार्थियों को हुए एक जागरूक उपभोक्ता बनने और देश-प्रदेश की उन्नति में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में 60 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और बीआईएस की गतिविधियों को समझने में रुचि दिखाई। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं को गुणवत्ता, सुरक्षा और उत्पाद प्रमाणन के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

# मानसिक उत्पीड़न के चलते तनाव से हुई थी वैज्ञानिक डॉ. दिव्या फोगाट की मौत : कुमारी सैलजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**हिसार।** चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों और यूनियन पदाधिकारियों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा को ज्ञापन देकर मांग की है कि विश्वविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, बीजों के कालाबाजारी, वैज्ञानिकों, कर्मचारी और छात्रों का मानसिक उत्पीड़न हो रहा है। मानसिक उत्पीड़न के चलते तनाव से गोल्ड मेडलिस्ट वैज्ञानिक डॉक्टर दिव्या फोगाट की मौत हो गई, उनका मानसिक उत्पीड़न करने वालों पर कार्रवाई करवाई जाए।

आरोप है कि विवि में सरकार और आरएसएस की दखलंदाजी के चलते अनुसंधान और अन्य कार्य प्रभावित हो रहे है और खास वर्ग के लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा है। सांसद ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस मामले में मुख्यमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री अनुरोध कर निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी। साथ ही उन्होंने निष्पक्ष जांच करवाने को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखा है।

### सांसद ने मुख्यमंत्री को जांच के लिए लिखा पत्र

दूसरी ओर सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र में लिखा है कि चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के भीतर उत्पीड़न और प्रशासनिक अनियमितताओं के कारण वैज्ञानिक मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं जो उनके कार्य और अनुसंधान पर प्रतिकूल असर डाल रहे हैं। उन्होंने सीएम से मांग की है कि वैज्ञानिकों के साथ हो रहे भेदभाव और अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच करवाई जाए ताकि वैज्ञानिक बिना किसी दबाव और डर के अपने कार्य संपन्न कर सके।

सांसद कुमारी सैलजा को सौंपे ज्ञापन में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने कहा है कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय भारतवर्ष ही नहीं एशिया में नंबर वन यूनिवर्सिटी थी पर कुलपति ने इस यूनिवर्सिटी को बर्बादी के कगार पर ला दिया है। कुलपति के कार्यकाल में भ्रष्टाचार तेजी से पनप रहा है। यहां हर दिन भ्रष्टाचार, बीजों के कालाबाजारी, वैज्ञानिकों, कर्मचारी और छात्रों के मानसिक उत्पीड़न के गंभीर मामले सामने आए हैं। विवि में सरकार और आरएसएस की दखलंदाजी के चलते अनुसंधान और अन्य कार्य प्रभावित हो रहे है और खास वर्ग के लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा है। इसी विवि की गोल्ड मेडलिस्ट वैज्ञानिक डॉक्टर दिव्या फोगाट का बार बार मानसिक उत्पीड़न किया गया, डॉ दिव्या फोकट को मेक्सिको, बांग्लादेश और अन्य कॉन्फ्रेंस में जाने से वंचित किया। उनके स्थान पर अन्य को भेजा गया, उन्हें बार बार कारण बताओं नोटिस देकर और उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट खराब करके उनका मानसिक उत्पीड़न किया गया, इस उत्पीड़न को लेकर वे भारी तनाव में थी और इसी तनाव के चलते उनकी मौत हो गई। सांसद कुमारी सैलजा ने आश्वासन दिया कि इस मामले में मुख्यमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री अनुरोध कर निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी।

## स्मार्टसर्किट्स इनोवेशन, स्पेस टेक स्टार्टअप, स्पेस रिसर्च में इतिहास रचने के लिए तैयार

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़।** स्पेस टेक्नोलॉजी (अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी) को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, तीन युवा स्पेस साइंस रिसर्चर्स और स्मार्टसर्किट्स इनोवेशन के संस्थापकों, ने एक पाथ-ब्रेकिंग एक्सपेरीमेंट डेवलप किया है जिसे 30 दिसंबर 2024 को प्रतिष्ठित इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) द्वारा पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरीमेंट प्लेटफॉर्म (पीओईएम) सी60 मिशन के दौरान कक्षा में स्थापित किए जाने वाले उपग्रह में लॉन्च किया जाएगा। युवा स्पेस साइंस रिसर्चर्स, इसरो द्वारा सर्टीफाइड स्पेस ट्यूटर और यमुनानगर, हरियाणा से इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉटिकल फैडरेशन के सदस्य हैं। उनके इस रेवोल्यूशनरी एक्सपेरीमेंट को इसरो के पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के माध्यम से अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। यह उल्लेख करना सटीक है कि स्मार्टसर्किट्स इनोवेशन ने कई ट्राइसिटी स्कूलों में भी सफलतापूर्वक एआई और स्पेस लैब स्थापित किए हैं। कोर एक्सपेरीमेंट को विजिनरी और दूरदर्शी रिसर्चर्स सौरभ कौशल, राघव शर्मा और सचिन शर्मा द्वारा डिजाइन किया गया है। तीनों ने स्पेस मिशन के बारे में अधिक जानकारी साझा करने के लिए चंडीगढ़ प्रेस क्लब में एक प्रेस मीट को संबोधित किया।

सौरभ कौशल, डायरेक्टर-इनोवेशन, स्मार्टसर्किट्स इनोवेशन ने कहा कि यह एक्सपेरीमेंट सैटेलाइट की सबसे बाहरी सतह पर रखे गए एक्सर्टनल सेंसर का उपयोग करके लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) में एक रोलिंग सैटेलाइट के टेम्प्रेचर प्रोफ़ाइल को मापने पर केंद्रित है।

## नव्य भारत फाउंडेशन (एनबीएफ) ने पीजीआई में ज़रूरतमंद मरीज़ों को किया वस्त्र दान, हजारों को हुआ लाभ



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ ।** देश में शीतकालीन (सर्दी)लहर के मद्देनजर शहीदी सप्ताह के अंतर्गत वीर बाल दिवस के अवसर पर नव्य भारत फाउंडेशन (एनबीएफ भारत ) द्वारा राष्ट्रव्यापी वस्त्र वितरण अभियान के अंतर्गत एसएपीटी इंडिया ,पीजीआई गुरुद्वारा साहिब एवं रक्षा फाउंडेशन के सहयोग से पीजीआई चंडीगढ़ के गुरुद्वारा साहिब में ज़रूरतमंद मरीज़ों व उनके परिवारों को वस्त्र वितरित किये गए ।इस मौके पर पीजीआई चंडीगढ़ के फिजीयोथेरेपीसट और नव्य भारत फाउंडेशन (एनबीएफ भारत) और एसएपीटी इंडिया के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 अनिरुद्ध उनियाल ने बताया कि नव्य भारत फाउंडेशन इस राष्ट्रव्यापी वस्त्र वितरण अभियान के माध्यम से ज़रूरतमंदों के कल्याण हेतु एक प्रयास कर रही है,और शहीदी दिवस पर यह कार्यक्रम महान अमर वीर सपूत चार साहिबज़ादों को श्रद्धांजलि है। इस मौके पर एनबीएफ के राष्टीय उपाध्यक्ष एवं पीजीआई चंडीगढ़ की नर्सिंग अधिकारी सिमरन कौर, सोशल मीडिया संयोजक ऋषभ मिश्रा , एसएपीटी पीजीआई के संयोजक अंकुर सैनी, कोषाध्यक्ष ख़ालिद, कृष्णा, अनुभव, कौशल, प्रशांत, दिव्यांशु, राकेश, रक्षा फाउंडेशन के संस्थापक राकेश बैंस जी व पीजीआई गुरुद्वारा साहिब से जसबीर जी आदि कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे व लगभग 1000 लोगो को वस्त्र वितरित किए गए ।

## बलकार सिंह ने संभाला थाना प्रभारी का कार्यभार

### बोले- अपराधियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

अर्थ प्रकाश /सचिन मलिक



**मुलाना।** थाना मुलाना के नए प्रभारी बलकार सिंह ने कार्यभार संभाल लिया है। वह बहुत ही मेहनती, कर्मठ व ईमानदार छवि के अधिकारी हैं। अपनी जिम्मेदारी ग्रहण करते हुए उन्होंने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

प्रभारी बलकार सिंह ने कहा कि उनका प्राथमिक उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। आम जनता की सुरक्षा और उनके विश्वास को बनाए रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। थाना प्रभारी ने सभी पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और जनता से बेहतर संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। बलकार सिंह ने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी अपराध या संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को तुरंत दें। स्थानीय लोगों ने नए थाना प्रभारी के प्रति विश्वास जताया और उम्मीद की कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

## 90 फीसदी विकलांग तेजस्वनी को भजन गायिका बनाने वाली 'मां' को संयुक्त राष्ट्र करेगा सम्मानित

अर्थ प्रकाश/ आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** कहते हैं कि अगर एक मां अपनी आई पर आ जाए, तो अच्छे-अच्छे चट्टानों को अपनी ममता से धराशाही कर सकती है। ऐसी ही सोच के साथ पली-बड़ी हर्ष शर्मा ने अपना लगभग संपूर्ण जीवन अपनी 90 फीसदी विकलांग बेटी तेजस्वनी के तेज को परखकर सोना बनाने में लगा दिया। हरियाणा की इस बेटी ने कभी तेजस्वनी को अपने स्पर्श से अलग नहीं होने दिया, बल्कि उसके साय की तरह परवरिश करके उसे बेहतरीन भजन गायिका बना दिया।

इसी वजह से आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महिला सशक्तिकरण का जीता जागता उदाहरण बन चुकी इस मां को संयुक्त राष्ट सम्मानित करने जा रहा है। यही नहीं बाकायदा संयुक्त राष्ट की इंडियन अबेंसी में तेजस्वनी को भी भजन गाने का अवसर मिलेगा। लिहाजा हरियाणा ही नहीं, बल्कि भारत वर्ष के लिए गर्व का प्रतीक बन चुकी इस मां की ममता और बेटी तेजस्वनी के तेज को महसूस करने के लिए हमारी हरियाणा सरकार को भी चार-चांद लगाने चाहिए, ताकि देश-प्रदेश में विकलांगता का दंश झेल रहे बच्चों को इन मां-बेटी की कहानियां सुनाकर मुख्यधारा में लाया जा सके।



### एक मां को विदेश में सम्मान मिलना देश के लिए पहला अवसर

यह भारत के लिए पहला अवसर होगा, जब अपनी 90 फीसदी विकलांग बच्ची की परवरिश में अपना लगभग संपूर्ण जीवन लगाकर सोना बनाने वाली मां को विदेश (संयुक्त राष्ट्र) में महिला दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। पता चला है कि अभी तक इस तरह का सम्मान विदेश में भारत से किसी अन्य महिला को प्राप्त नहीं हुआ है। लिहाजा इस लिहाज से भी यह हरियाणा के लिए बड़े गर्व की बात बन जाती है। यह सम्मान हर्ष शर्मा को संयुक्त राष्ट्र द्वारा महिला दिवस के अवसर पर दिया जाएगा। जिसके लिए संयुक्त राष्ट्र ने हर्ष शर्मा को सपरिवार बुलाया है।

**मां के स्पर्श से सोना बन चुकी तेजस्वनी पा चुकी राष्टपति अवार्ड :** हरियाणा के पंचकूला में रहने वाली 37 वर्षीय तेजस्वनी शर्मा भजन गायिका है और वह अपनी कला के बल पर राष्टपति अवार्ड भी हासिल कर चुकी है। मगर तेजस्वनी के मन और मस्तिष्क में इस कला को भरने वाली उसकी अपनी मां हर्ष शर्मा हैं। तेजस्वनी का जन्म जुलाई 1986 में हुआ, लेकिन तब एक प्रॉब्लम के चलते उसका ट्रीटमेंट सही नहीं हुआ और वह बेड पर चली गई। करीब 09 साल तक तेजस्वनी बेड पर रही। इस दौरान मां हर्ष शर्मा ने उसकी बेहतर तरीके से न केवल परवरिश की, बल्कि उसके कानों तक भजनों को पहुंचाने में भी मदद की। लिहाजा एक दिन ऐसा आया, जब तेजस्वनी बिना देखे, बिना लिखे, बिना पढ़े मां से भजन सुन-सुनकर पूरा भजन गाने लगी।

**हरियाणा सरकार भी महिला सशक्तिकरण को दे रही बढ़ावा :** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अकसर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हैं। उनके कदम चिन्हों पर चलते हुए हरियाणा सरकार भी महिलाओं के सम्मान में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही। खासकर जब देश के प्रधानमंत्री ने 2015 को पानीपत की धरा से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का आगाज किया हो। वहीं उसी धरा से अब 2024 में बीमा सखी के नाम से एक बेहतरीन योजना चलाकर महिला सशक्तिकरण का परिचय दिया है। ऐसे में तेजस्वनी की मां हर्ष शर्मा की भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मार्मिक अपील है कि वह देश और प्रदेश में ऐसी बच्चियों के लिए ठोस और मजबूत कदम उठाकर उन्हें मुख्यधारा में लाने का प्रयास करें।

## राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसोला में बालवीर दिवस मनाया

अर्थ प्रकाश /जग्गी

**कालका।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसोला में प्रिंसिपल सिम्मी बंसल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित कर वीर बाल दिवस मनाया गया जिसमें प्रिंसिपल सिम्मी बंसल और स्कूल स्टाफ सहित छात्रों ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहिब जादे बाबा फतेह सिंह जी एवं बाबा जोरावर सिंह जी के बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जबरन धर्मांतरण के खिलाफ अपना बलिदान देने वाले गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह को नमन कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में नगर परिषद के पार्षद मनिंदर कौर, संदीप खोखर, पूर्व सरपंच जग्गा सिंह, बंटी, रतन सिंह आदि लोग मौजूद थे। इस अवसर पर साहिबजादों की वीरता एवं बलिदान को याद करते हुए विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाषण, कविता, शबद आदि कार्यक्रम शानदार तरीके से प्रस्तुत कर साहिबजादों को श्रद्धांजलि दी गई। प्रिंसिपल सिम्मी बंसल ने बताया कि सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के परिवार के बलिदान को पूरी मानव जाति कभी नहीं भूलेगी जिसमें विशेषकर फतेह सिंह ने 9 वर्ष की उम्र में तथा जोरावर सिंह ने 6 वर्ष की उम्र में धर्म परिवर्तन करने की बजाय दीवार में जिंदा चिनना स्वीकार किया जो आज लालच एवं स्वार्थ मय धर्म परिवर्तन करने वालों के लिए प्रेरणा है। यही मिसाल मुगलों के भय के सामने घुटने टेकने की बजाए दीवान टोडर मल जैन ने पेश की। सिम्मी बंसल ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के परिवार ने एक सप्ताह के अंदर हिंदू धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दे दिया, दो पुत्र मुगलो से युद्ध करते हुए, उनकी माता गुजरी कौर भी शहीद हो गई । उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों फतेह सिंह, जोरावर सिंह के संस्कार के लिए मुगलों की अटपटी शर्त थी, जमीन पर स्वर्ण मुद्राएं बिछाकर जमीन लेने को पूरा करने के लिए मुगलों के भय कोई आगे नहीं आया तो दीवान टोडर मल जैन ने अपना सबकुछ बेचकर संस्कार करवाया था जो सर्व धर्म सद्भाव की मिसाल बनी।


## न्यूज ब्रीफ

### अखंड दिव्य ज्योत का स्थापना दिवस आयोजित



**कुरुक्षेत्र (अर्पण वधवा)।** ठाकुरद्वारा रत्नदक्ष चिट्टा मंदिर पिपली में अखंड दिव्य ज्योत का प्रथम स्थापना दिवस धूमधाम से आयोजित किया गया। षडदर्शन साधु समाज हरियाणा के कार्यालय सचिव एवं मंदिर संचालक महामंडलेश्वर महंत रामअवतार दास के सान्निध्य में शिवलिंग पर जलहरी स्थापित की गई। साथ ही संत पूजन, भक्ति प्रवचन और भंडारा किया गया। कार्यक्रम आयोजक महंत राम अवतार दास द्वारा कार्यक्रम में पधारे षडदर्शन साधु समाज के संरक्षक महंत बंसी पुरी, अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर दास, सचिव महंत लक्ष्मी नारायण पुरी, कोषाध्यक्ष महंत महेश मुनि, संगठन मंत्री सुनील दास, विजय पुरी, हरिनारायण गिरी, महंत स्नेहादास और संत वासुदेवानंद का स्वागत सत्कार किया गया। महंत राम अवतार दास ने बताया कि मंदिर में एक वर्ष पूर्व आज ही के दिन अखंड दिव्य ज्योत स्थापित की गई। इस अखंड दिव्य ज्योत के दर्शन मात्र से ही श्रद्धालुओं की समस्त कामनाएं पूर्ण होती हैं। भक्ति प्रवचनों में अखंड ज्योत का महत्व बताते हुए महंत बंसी पुरी ने कहा कि अखंड ज्योत जलाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होकर नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। घर में सुख-शांति बनी रहती है। यश और प्रसिद्धि मिलती है। ग्रहों का कुप्रभाव दूर होता है- उन्होंने बताया कि अखंड ज्योत को जलाने के लिए घी या तिल के तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। अखंड ज्योत को पूर्व-दक्षिण दिशा या आग्नेय कोण में जलाना शुभ माना जाता है। अखंड ज्योत को जलाकर कभी भी सीधा फर्श पर न रखें। अखंड ज्योति के दीपक के नीचे हमेशा पहले जौ,चावल या गेहूं की ढेरी बनाकर उसके ऊपर दीपक रखा जाता है। भक्ति प्रवचनों के पश्चात महिला संकीर्तन मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया गया। तत्पश्चात ब्रह्म भोज, कन्या पूजन और भंडारा आयोजित किया गया। मंदिर के सेवादारों ने भंडारे में सहयोग किया। कार्यक्रम में पंडित राजीव कौशिक, मुक्तिनाथ मिश्रा, राजेश सैनी, सुनील राणा, रिंकु, अश्विनी और रजत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### 29 को साहा पहुंचेगी ओमप्रकाश चौटाला की अस्थियां



**साहा बराडा (जयबीर राणा थंबड)।** रेस्ट हाउस साहा में इंडियन नेशनल लोकदल अंबाला की मीटिंग बुलाई गई। जिसमें सर्वप्रथम चौधरी ओम प्रकाश चौटाला जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन भी रखा गया। जिला अंबाला के सभी नेताओं ने इस मीटिंग में भाग लिया। प्रकाश भारती ने दिवंगत चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के जीवन के बारे में प्रकाश डाला। जिला प्रधान शीश पाल जंधे?ी ने उनके जीवन के अनुभव सुनाए। जंगबीर सिंह राणा थंब? ने उनके साथ बिताए अपने क्षणों को याद किया। जगमाल सिंह रोलों ने भी चौटाला जी के साथ विताए क्षणों को याद किया और अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। आज के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चौधरी ओम प्रकाश चौटाला की अस्थि विसर्जन यात्रा सिरसा से यमुनानगर नहर तक समापन बारे विचार विमर्श हुआ। याद रहे चौधरी ओम प्रकाश चौटाला की अस्थि विसर्जन यमुना नहर में होनी है।

## ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालो पर करें कड़ी कार्रवाई : एडीसी

अर्थ प्रकाश /दयाराम वशिष्ठ




**फरीदाबाद।** एडीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस मिलकर यातायात व्यवस्था को सुचारू ढंग से चलाए। एडीसी साहिल गुप्ता आज गुरूवार को जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों की सही पालना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर उपस्थित प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों और सड़क सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े गणमान्य लोगों को निर्देश दे रहे थे।

एडीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने के लिए जिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी को जो भी दायित्व मिला है। वह उसकी गंभीरता से पालना करना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सड़क सम्बन्धी समस्याओं को जल्द दे जल्द दुर करें। सड़क के बीच में अगर किसी भी प्रकट का कोई खंबा लगा होतो संबंधित विभाग उसपर कार्यवाही करते हुए उसे आमजन की सुरक्षा को देखते हुए सड़क के बीच से हटाकर साइड पर लगवाए। शहर में जिन भी सड़को पर गड्ढे हो या सड़क टूटी हो उसका मुआयना कर उसको जल्द से जल्द ठीक करें। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सड़क सुरक्षा के नियमों अनुसार सड़क पर लगाई जाने वाली पुलिया, ज़ेबरा क्रॉसिंग प्वाइंट और ग्रिल लगाने, टूटने पर ठीक करवाने सहित बरसाती पानी या गंदा पानी इकट्ठा होता है वहां उन स्थानों को चिन्हित करके वहां पर सभी समस्याओं को दूर करें।

एडीसी ने कहा कि स्कूलों में प्रार्थना और पेरेंट्स मीटिंग के समय छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दे। नियमों के अनुसार ही उचित स्थान पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाए ताकि स्पीड ब्रेकर से किसी को परेशानी न आए। कोहरे के दिनों में रिफ्लेक्टिव टेप न लगी होने से सामने चल रहा वाहन दिखाई नहीं दे पाता है। इस कारण सड़क हादसा होने की आंशका बनी रहती है। टू-विल्हर, ऑटो रिक्शा, रेहड़ी और रिक्शा पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए। जितना अधिक लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सावधानी से वाहन चलाएंगे, उतना ही सफर सुरक्षित होगा।

बैठक में डीसीपी ट्रैफिक जसलीन कौर, एसडीएम बड़खल अमित मान, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, आरटीओ सचिव मुनीश सहगल, स्टेट रोड सेफ्टी से देवेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### जिलाधीश डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट किए नियुक्त



**पलवल (अप्रस)।** जिलाधीश डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-16(I) और 17(II) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गांव अतवा-काशीपुर में सीमा पर पत्थर लगाने के कार्य के मद्देनजर नायब तहसीलदार पलवल अजय कुमार को तुरंत प्रभाव से कार्य पूरा होने तक कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। जिलाधीश ने वहीं एक अन्य आदेश के तहत गांव फुलवारी में बिजली से संबंधित पोल लगाने के कार्य के मद्देनजर एक्सईएन डीएचबीवीएन पलवल कुलदीप अत्री को तुरंत प्रभाव से कार्य पूरा होने तक कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के तहत कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करेंगे।

## कांग्रेस अब विपक्ष की भूमिका में भी नहीं रही : गौरव गौतम



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पलवल।** हरियाणा के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से संविधान विरोधी रही है। कांग्रेस का इतिहास उठाकर देख लो कांग्रेस ने हमेशा से ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने का काम किया है। गौरव गौतम ने कहा कि कांग्रेस अब सही तरीके से विपक्ष की भूमिका निभाने की स्थिति में भी नहीं है। कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने का काम किया है। क्योंकि कांग्रेस संविधान विरोधी पार्टी है। इतिहास गवाह है, राजीव गांधी ने भी संविधान को बदलने की बात की थी। कांग्रेस ना तो संविधान के पक्ष में है और ना ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के पक्ष में हैं। गौतम ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान द्वारा हरियाणा में जारी की गई कांग्रेस के जिला प्रभारियों की लिस्ट पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया द्वारा रोक लगाने को लेकर कहा कि यह कांग्रेस का आपसी मामला है। लेकिन कांग्रेस में चल रही अंतर कलह ने यह साबित कर दिया है कि कांग्रेस पार्टी अब विपक्ष की भूमिका में भी नहीं रही है। कांग्रेस में आपसी झगड़े ही इतनी बढ़ जाएंगे कि यह पार्टी जल्द ही टूट कर बिखर जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि आपसी कलह के कारण ही कांग्रेस पार्टी लोगों के दिमाग से निकल चुकी है और आपसी फूट कांग्रेस को ले डूबेगी।

## समाधान शिविर में सीटीएम अंकित कुमार ने सुनी शिकायतें

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में जनसेवा को समर्पित हो कार्य किये जा रहे हैं। फरीदाबाद में डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित समाधान शिविर की श्रृंखला में गुरुवार को सीटीएम अंकित कुमार ने लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की शिकायतें सुनी। सीटीएम ने समाधान शिविर में आई शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए गए।

सीटीएम अंकित कुमार ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। इनमें प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्युनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन, बिजली-सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड को शामिल किया गया है। इनसे संबंधित हर प्रकार की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर में संपर्क किया जा सकता है। मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा निरंतर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों की निगरानी की जा रही है। सीटीएम ने बताया कि प्रत्येक कार्य दिवस पर जिला मुख्यालय के साथ-साथ नगर निगम कार्यालय एवं उपमंडल मुख्यालय पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है।

## रोटरी क्लब- पिंजौर हिल्स के सहयोग से दर्शन अकादमी कालका में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कालका।** ओल्ड कसौली रोड कालका स्थित दर्शन अकादमी विद्यालय में बच्चों , अभिभावकों व अन्य जरुरतमंदों के लिए रोटरी क्लब -पिंजौर हिल्स के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर का आयोजन रोटरी क्लब के प्रेजिडेंट रोटेरियन तजेंद्र चावला जी व अन्य सदस्य रोटेरियन दलजीत मेहरा , ललिता मेहरा जी की देखरेख में हुआ। शिविर में पारस हॉस्पिटल पंचकूला व क्लोव डेंटल हेल्थ केयर पंचकूला से हृदय विशेषज्ञ ,दंत विशेषज्ञ और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण की टीम ने लोगों के दांत बीपी , शुगर , ई सी जी आदि की जांच की तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां भी दी गई। लगभग 200 लोगों द्वारा इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया गया। सभी लाभार्थियों ने इस स्वास्थ्य शिविर के लिए रोटरी क्लब व दर्शन अकादमी विद्यालय की सराहना की।

### शहीद उधम सिंह की 125वीं जयंती का श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**पंचकूला (अप्रस)।** कंबोज सभा पंचकूला व शहीद भगत सिंह जागृति मंच पंचकूला के संयुक्त तत्वाधान में शहीद उधम सिंह की 125वीं जयंती का श्रद्धांजलि कार्यक्रम शहीद उधम सिंह चौक 5/11 पर किया गया। कार्यक्रम में लोगों ने बढ़ चढ?र भाग लिया। इस अवसर पर शहीद उधम पर लिखी पुस्तकें भी बिक्री के लिए रखी गई ताकि लोग किताब से उधम सिंह की जीवनी पढ़ सके कि कैसे उन्होंने 21 साल की तपस्या कर जलियांवाला बाग के निर्दोष लोगों के हत्यारे को लंदन में जाकर मारा था। इस मौके पर शहीद भगत सिंह जागृति मंच के अध्यक्ष जगदीश भगत सिंह ने उधम सिंह के नारे लगाकर लोगों में जोश भर दिया। महेंद्र कंबोज ने भी कविता का पाठ किया।




# जोड़ मेले में उमड़ी लाखों संगतों की भीड़, कई किलोमीटर तक लगी माथा टेकने वालों की लंबी कतारें

तीन दिवसीय मेले में 30 लाख से संगतों के माथा टेकने की उम्मीद

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फतेहगढ़ साहिब, 26 दिसंबर।** पंजाब का सबसे बड़ा ऐतिहासिक आयोजन, तीन दिवसीय वार्षिक शहीदी जोड़ मेला, धार्मिक उत्साह और विभिन्न समारोहों के साथ शुरू हुआ। जोड़ मेले के पहले दिन की तरह दूसरे दिन भी दो ऐतिहासिक गुरुद्वारों, गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब और गुरुद्वारा ज्योति स्वरूप में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मेले के दौरान इस कदर श्रद्धालु पहुंचे कि कई-कई किलोमीटर की लाइन गुरुद्वारों में माथा टेकने के लिये लग गई। मेले के दौरान लगभग 30 लाख श्रद्धालुओं के गुरुद्वारों में मत्था टेकने की उम्मीद है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि गुरुद्वारे की ओर जाते रास्तों, संपूर्ण पंजाब और चंडीगढ़ सहित साथ सटते हरियाणा में भी श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। जगह-जगह रास्तों में लंगर लगाये गये थे। कई शहरों में जगह-जगह प्रभात फेरियां निकाली गई।

यह आयोजन दसवें सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के दो साहिबजादों, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की याद में आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए, गुरुद्वारा ज्योति स्वरूप में गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ शुरू किया गया, जहां दोनों साहिबजादों का अंतिम संस्कार किया गया। गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब के हेड ग्रंथी भाई हरपाल सिंह ने अरदास की। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर सोना थिंद, एसएसपी रवजोत ग्रेवाल, एडीसी गीतिका सिंह और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नेतृत्व में कांग्रेस नेतृत्व, फतेहगढ़ साहिब के सांसद अमर सिंह और सभी प्रमुख दलों के नेता साहिबजादों को श्रद्धांजलि देने के लिए गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब पहुंचे। अकाल तख्त जत्थेदार की साधारण लंगर तैयार करने की अपील के बावजूद, 500 से अधिक सामुदायिक रसोई ने सैंडविच, बर्गर, खीर, जलेबी और जूस जैसे व्यंजन परोसना शुरू कर दिया है।


**मिनी बसें और ई-रिक्शा से पहुंचे लाखों श्रद्धालु:** मेले के दौरान डीसी ने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न उपलब्धियों और जन-उन्मुख योजनाओं पर प्रकाश डालने वाली एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को विभिन्न स्थानों से गुरुद्वारों तक निःशुल्क ले जाने के लिए मिनी बसों और ई-रिक्शा का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सभी शराब की दुकानें, सर्कस, झूले और मनोरंजन के अन्य स्रोत तीन दिनों के लिए बंद कर दिए गए हैं। रैन बसेरा, 24 घंटे बिजली आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल, मोबाइल शौचालय और चिकित्सा सुविधाएं चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेंगी। डीआइजी एचएस भुल्लर और एसएसपी ने कहा कि पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किये गये हैं. उन्होंने बताया कि ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रख रहे हैं। एसएसपी ने कहा कि यातायात के सुचारू प्रवाह को बनाए रखने के लिए नौ मार्ग परिवर्तन और वैकल्पिक मार्गों की पहचान की गई है, साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 20 मुफ्त पार्किंग स्थल और तीन अस्थायी बस स्टैंड स्थापित किए गए हैं।

## साहिबजादों और माता गुजरी जी की शहादत को राज्यपाल ने किया नमन

**फतेहगढ़ साहिब (साजन शर्मा)।** साहिब-ए-कमाल दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह और माता गुजरी जी की अद्वितीय शहादत की स्मृति में चल रही शहीदी सभा के दूसरे दिन पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में मत्था टेका।

पंजाब के राज्यपाल ने कहा कि दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों और माता गुजरी जी की अद्वितीय शहादत का उदाहरण दुनिया में कहीं और नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने 9 और 7 साल की छोटी उम्र में जिस बहादुरी और दृढ़ता से अत्याचारी मुगल शासन का सामना किया और धर्म पर अडिग रहकर अपनी शहादत दी, वह एक अनोखी मिसाल है। उन्होंने कहा कि छोटे साहिबजादों की महान शहादत को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार भी छोटे साहिबजादों और माता गुजरी जी की शहादत को पूरे देश में नमन करती है। इस अवसर पर डी.आई.जी हरचरण सिंह भुल्लर, डिप्टी कमिश्नर डॉ. सोना थिंद, जिला पुलिस प्रमुख डॉ. रवजोत ग्रेवाल, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (सामान्य) गीतिका सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।




## हरियाणा में बढ़ा साइबर क्राइम, हेल्पलाइन पर बढ़ेंगे पुलिस कर्मी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 26 दिसंबर।** हरियाणा में लगातार बढ़ रही साइबर अपराध की घटनाओं के मद्देनजर पुलिस महानिदेशक ने साइबर हेल्पलाइन नंबर पर तैनात पुलिस कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने गुरुवार को स्टेट क्राइम ब्यूरो की बैठक के दौरान यह आदेश जारी किए हैं। बैठक में महानिदेशक ने राज्य अपराध शाखा में लंबित 11 बड़े मामलों को लेकर अब तक की गई कार्रवाई को लेकर अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की। उन्होंने राज्य अपराध शाखा के अधिकारियों को प्रदेश में 5 या 10 करोड़ से ऊपर के फ्रॉड के मामलों को टेकओवर करते हुए उनकी जांच करने के निर्देश दिए। कपूर ने कहा कि एक जुलाई से देश भर में 3 नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं ऐसे में जरूरी है कि नए कानूनों के अनुरूप कार्य किया जाए। कपूर ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट संबंधी मामलों में अपराधियों को पकडने के लिए उचित व प्रभावी कार्ययोजना बनाएं।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)